जबलपुर मंगलवार 16 जून 2026 > शक संवत 1948, ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष प्रथमा/द्वितीया
वर्ष 31 अंक 347 मूल्य ₹ 3.00 > पेज 12 > आर.एन.आई. पंजीयन नम्बर 64561/96
www.swatantramat.com



अब हर रोज दर्पण ▶▶ 3

# स्वतंत्र मत

स्वतंत्र मत में विज्ञापन देने के लिए 9589920250 पर कॉल करें * स्वतंत्र मत का अंक प्राप्त करने के लिए 9301359695 पर कॉल करें।

**मौसम**
अधिकतम तापमान 38.7°C
न्यूनतम तापमान 26.4°C
सूर्योदय -5.25 | सूर्यास्त - 6.58



कलेक्टर ने की सीएम हेल्पलाइन एवं समय-सीमा पत्रों ▶▶ 2



अरिजीत सिंह के बाद प्रीतम भी लेने जा रहे बॉलीवुड ▶▶ 7



सुशासन एवं जनकल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने पर 12 ▶▶ 9

# अमेरिका-ईरान में करार... इजराइल ने किया इंकार

## 19 जून को स्विट्जरलैंड में समझौते पर होगा हस्ताक्षर



वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने रविवार को घोषणा की कि ईरान के साथ शांति समझौते को अंतिम रूप दे दिया गया है। उन्होंने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोल दिया जाएगा और अमेरिकी नौसैनिक नाकेबंदी तुरंत हटा ली जाएगी। अपने सोशल प्लेटफॉर्म पर लिखते हुए, ट्रंप ने कहा कि इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान के साथ समझौता अब पूरा हो गया है और उन्होंने इसमें शामिल सभी पक्षों को बधाई दी। ट्रंप ने लिखा, इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान के साथ समझौता अब पूरा हो गया है। सभी को बधाई! मैं इसके द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य को टोल-फ्री खोलने के लिए पूर्ण रूप से अधिकृत करता हूं, और इसके साथ ही, अमेरिका की नौसैनिक नाकेबंदी को तुरंत हटाने का भी अधिकार देता हूं। दुनिया के जहाजों, अपने इंजन चालू करो। तेल को बहने दो! उनका यह पोस्ट पाकिस्तान द्वारा इस बात की पुष्टि करने के कुछ ही देर बाद आया कि समझौता हो गया है। पाकिस्तान दोनों पक्षों के बीच मध्यस्थ की भूमिका निभा रहा था। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, गहन वार्ता के बाद, हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि संयुक्त राज्य अमेरिका और इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान के बीच शांति समझौता हो गया है। दोनों पक्षों ने लेबनान सहित सभी मोर्चों पर सैन्य अभियानों को तत्काल और स्थायी रूप से समाप्त करने की घोषणा की है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बताया कि अमेरिका-ईरान 19 जून को स्विट्जरलैंड के जेनेवा में पीस डील पर दस्तखत करेंगे। अगर ऐसा होता है तो 47 साल में तेहरान और वॉशिंगटन के बीच यह पहली हाई लेवल बैठक होगी।

### हम अमेरिका के गुलाम नहीं : इजराइल



इजराइल ने अमेरिका और ईरान के बीच होने वाले शांति समझौते को मानने से इनकार कर दिया है। रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने भी कहा है कि, उनकी सेना दक्षिणी लेबनान से पीछे नहीं हटेगी। लेबनान, सीरिया और गाजा में बनाए गए सिक्योरिटी जोन में इजराइली सेना अनिश्चितकाल तक तैनात रहेगी। वहीं, इजराइल के राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतमार बेन ग्वीर ने पीस डील पर नाराजगी जताते हुए कहा, हम अमेरिका के गुलाम नहीं है। इजराइल एक आजाद देश हैं और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का यह समझौता इजराइल पर लागू नहीं होता।

### स्विट्ज़रलैंड में समझौते पर होगा हस्ताक्षर

प्रधानमंत्री शरीफ ने अपने पोस्ट में बताया कि दोनों पक्ष शुक्रवार को स्विट्ज़रलैंड में इस समझौते पर हस्ताक्षर करने वाले हैं। लेकिन यह अभी तक स्पष्ट नहीं है कि होर्मुज जलडमरूमध्य वास्तव में सभी जहाजों के लिए फिर से कब खुलेगा। यह जलडमरूमध्य दुनिया के सबसे व्यस्त तेल शिपिंग मार्गों में से एक है और दुनिया की लगभग 20 प्रतिशत तेल और प्राकृतिक गैस आपूर्ति के लिए एक प्रमुख 'चोक पॉइंट' के रूप में कार्य करता है। 28 फरवरी को जब युद्ध छिड़ा, तो ईरान ने इस महत्वपूर्ण जलमार्ग को प्रभावी ढंग से बंद कर दिया था। इसके बाद अप्रैल में जब पाकिस्तान में हुई शांति वार्ता किसी नतीजे पर पहुंचने में विफल रही, तब अमेरिका ने ईरानी बंदरगाहों की नाकेबंदी की घोषणा कर दी थी।

### दुनिया में बहाल होगी शांतिः मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका और ईरान के बीच हुए शांति समझौते का खुलकर स्वागत किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष को खत्म करने के लिए दोनों देशों के बीच जो सहमति बनी है, वह बेहद सराहनीय कदम है। इस युद्ध की वजह से पूरी दुनिया में गंभीर आर्थिक संकट पैदा हो गया था, जिसके चलते कई देशों को जान-माल का भारी नुकसान उठाना पड़ा। पीएम मोदी ने उम्मीद जताई कि इस शांति समझौते के लागू होने से पूरे क्षेत्र में स्थिरता वापस आएगी। इसके साथ ही समुद्र में जहाजों की सुरक्षित आवाजाही और व्यापार का रास्ता भी पूरी तरह साफ हो सकेगा। भारत को पूरी उम्मीद है कि बाकी बचे हुए मुद्दों पर भी दोनों देश आगे बातचीत जारी रखेंगे।



## अमित शाह रच रहे हैं टीएमसी सांसदों को तोड़ने की साजिश

### पद की गरिमा का ख्याल नहीं रख रहे ख्यालः जयराम रमेश

**नई दिल्ली (वार्ता)।** कांग्रेस ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर तृणमूल कांग्रेस के सांसदों को तोड़ने और उनका एक अपेक्षाकृत अपरिचित राजनीतिक दल के साथ विलय कराने की साजिश रचने का आरोप लगाते हुए कहा है कि वह उस पद की गरिमा का ख्याल नहीं रख रहे हैं, जिस पर कभी सरदार वल्लभभाई पटेल आसीन रहे थे। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक बयान में कहा कि शाह उस गरिमामय पद पर आसीन हैं जिसे कभी सरदार पटेल ने सुशोभित किया था। उन्होंने आरोप लगाया कि शाह भारतीय लोकतंत्र को नए निचले स्तर पर पहुंचा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शाह 20 तृणमूल कांग्रेस सांसदों को तोड़कर उनका विलय नेशनलिस्ट सिटिज़न्स पार्टी ऑफ इंडिया नामक एक ऐसी राजनीतिक इकाई के साथ कराने की साजिश रच रहे हैं, जिसके बारे में बहुत कम लोग जानते हैं। उनका दावा है कि यह पार्टी पंजीकृत तो है, लेकिन मान्यता प्राप्त नहीं है और इसका गठन केवल तीन वर्ष पहले हुआ था। रमेश ने कहा कि यह कदम लोकसभा में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के लिए दो-तिहाई बहुमत तैयार करने की रणनीति का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि तेलुगू देशम पार्टी और जनता दल (यूनाइटेड) जैसे लंबे समय से स्थापित सहयोगी दलों को भी इस प्रकार के कथित गुप्त हथकंडों तथा अपनी राजनीतिक हैसियत कम किए जाने का विरोध करना चाहिए। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि जब तक शाह गृह मंत्री के पद पर बने रहेंगे, तब तक शालीनता, मर्यादा और संवैधानिक मूल्यों एवं सिद्धांतों के प्रति निष्ठा लगातार कमजोर होती रहेगी। उन्होंने कहा कि गृह मंत्री को उस पद की गरिमा का ध्यान रखना चाहिए, जिसे कभी सरदार वल्लभभाई पटेल ने सुशोभित किया था।

### अब बिजनेस बन गया है आरटीआई एक्टिविज्मः सुको

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि आरटीआई एक्टिविज्म नया बिजनेस बन गया है। कोर्ट की यह टिप्पणी आरटीआई कार्यकर्ता राकेश बेहल और उसके सहयोगी की अग्रिम जमानत याचिका के मामले में आई। कोर्ट ने दोनों की जमानत याचिका खारिज कर दी। जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस विजय बिश्नोई की बेंच ने कहा, इन सड़कों के निर्माण की निगरानी करने वाले आप कौन होते हैं? आप कौन सी अथॉरिटी हैं? आपको ये अधिकार किसने दिए हैं।

### अभिनेत्री संचिता उगले ने की आत्महत्या



**मुंबई।** टीवी की मशहूर अभिनेत्री संचिता उगले का 22 साल की उम्र में निधन हो गया है। मुंबई के नालासोपारा में मौजूद उनके घर में फंदे से लटका उनका शव मिला है। पुलिस के अनुसार संचिता नालासोपारा पूर्व के आचोले गांव में अपने माता-पिता और 15 वर्षीय बहन के साथ रहती थीं। रविवार शाम घर में अकेली होने के दौरान उन्होंने कथित रूप से सीलिंग फैन से साड़ी के सहारे फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

### जेवर एयरपोर्ट से उड़ान शुरू

**नोएडा।** नोएडा के जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट से उड़ानें शुरू हो गई हैं। सोमवार को लखनऊ से इंडिगो की फ्लाइट पहली बार यहां उतरी। वाटर कैनन से फ्लाइट को सलामी दी गई। यह फ्लाइट 161 यात्रियों को लेकर बेंगलुरु जाएगी। दूसरी फ्लाइट से एयरपोर्ट निर्माण के लिए अपनी जमीन देने वाले 20 महिलाओं समेत 170 किसान नोएडा से लखनऊ पहुंचे और सीएम योगी से मुलाकात की।

### टीआई के सिर पर मारी कुल्हाड़ी

**सीधी।** सीधी जिले के कमर्जी थाना क्षेत्र में सोमवार दोपहर कानून-व्यवस्था संभालने पहुंचे थाना प्रभारी इंद्राज सिंह पर कुल्हाड़ी और हंसिए से जानलेवा हमला किया गया। ग्राम पटपरा में सड़क जाम हटाने के दौरान उनके सिर पर गंभीर चोटें आईं। उनके सिर में 12 टांके लगाए गए हैं। उन्हें तत्काल डायल-112 की मदद से जिला अस्पताल सीधी में एडमिट कराया गया।

## भारत- स्लोवाकिया ने 11 समझौतों पर हस्ताक्षर किये

ब्रातिस्लावा/नई दिल्ली (वार्ता)



भारत और स्लोवाकिया ने अपने द्विपक्षीय संबंधों को समग्र साझेदारी के स्तर तक उन्नत करते हुए रक्षा सहयोग, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डिजिटल प्रौद्योगिकी, उच्च शिक्षा, वैज्ञानिक अनुसंधान और स्वास्थ्य क्षेत्र सहित विभिन्न क्षेत्रों में 11 महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। इन समझौतों को दोनों देशों के बीच रणनीतिक सहयोग को नई दिशा देने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। स्लोवाकिया की यात्रा पर गये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको के बीच सोमवार को ब्रातिस्लावा में द्विपक्षीय बैठक के बाद इन समझौतों पर हस्ताक्षर किये गये। दोनों देशों के बीच प्रमुख समझौतों में श्रम प्रवासन के क्षेत्र में सहयोग संबंधी समझौता ज्ञापन, रक्षा क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देने के लिए आशय पत्र तथा डिजिटल प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग संबंधी समझौता ज्ञापन शामिल हैं। दोनों देशों ने उच्च शिक्षा एवं अनुसंधान तथा ऑडियो-विजुअल सृजन के क्षेत्र में भी सहयोग बढ़ाने पर सहमति जतायी है। उभरती और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में सहयोग को नयी गति देते हुए प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कोसिसे में भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद की ओर से कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर पहली पीठ स्थापित करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा क्वांटम संचार और महत्वपूर्ण अवसंरचना संरक्षण के क्षेत्र में भी एक महत्वपूर्ण समझौता हुआ, जो दोनों देशों के तकनीकी सहयोग को और मजबूत करेगा। स्वास्थ्य क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देने के लिए आयुष मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा संस्थान, पुणे और स्लोवाक हेल्थ स्पा पिएस्तानी के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। वहीं, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली और स्लोवाक प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के बीच छात्र विनिमय कार्यक्रम, छात्रवृत्तियों और संयुक्त अनुसंधान सहयोग को लेकर एक समझौता संपन्न हुआ। दोनों देशों ने पर्यटन क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने तथा भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी और स्लोवाक विज्ञान अकादमी के बीच वैज्ञानिक सहयोग समझौते पर भी हस्ताक्षर किए।

## इंदिरा गांधी होतीं तो बीजेपी को बैन कर देतीं : गहलोत



**जयपुर।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भारतीय जनता पार्टी पर सांप्रदायिक राजनीति करने का आरोप लगाकर नए विवाद को जन्म दे दिया है। उन्होंने कहा कि अगर आज इंदिरा गांधी जिंदा होतीं तो बीजेपी को बैन कर दिया होता। जयपुर में एक पुरस्कार समारोह में बोलते हुए गहलोत ने दावा किया कि आज देश का माहौल बेहद खतरनाक है, ऐसा उन्होंने अपने 50 साल के सार्वजनिक जीवन में कभी नहीं देखा। उन्होंने कहा, अगर इंदिरा गांधी जैसी नेता आज जिंदा होतीं तो वह बीजेपी जैसी पार्टी पर प्रतिबंध लगा देतीं। मैं पूरी जिम्मेदारी के साथ कह रहा हूं कि आज का माहौल बेहद खतरनाक है। अगर देश अब भी नहीं जागा तो देश के लोगों को ही बाद में इसके नतीजे भुगतने पड़ेंगे। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री ने आगे आरोप लगाया कि आज सत्ता में बैठे लोग जानबूझकर धार्मिक ध्रुवीकरण कर रहे हैं। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि बीजेपी उत्तर प्रदेश चुनावों में मुस्लिम उम्मीदवारों को टिकट देने में क्यों नाकाम रही। उन्होंने सवाल करते हुए कहा, आप देश की जनता को दिखाने के लिए ही सही पांच सीटें तो दे सकते थे।

### अधिकारी ने साथी के माध्यम से ली रिश्वत

**इंदौर।** लोकायुक्त पुलिस ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए खाद्य विभाग के एक कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी के लिए रिश्वत लेते एक व्यक्ति को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। मामले में खाद्य विभाग के कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी राहुल शर्मा और उनके सहयोगी रामू लोहिया के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। शिकायतकर्ता प्रमोद दुबे, देवास जिले के ग्राम घीसलाय स्थित पटेल एचपी गैस ग्रामीण वितरक एजेंसी के सह-संचालक हैं। कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी राहुल शर्मा ने कमर्शियल गैस सिलेंडर अधिक कीमत पर बेचने का मामला बनाने की धमकी देकर उनसे ढाई लाख रुपए रिश्वत की मांग की थी।

## ट्रांसजेंडर संशोधन अधिनियम 2026 की चुनौतियों पर हाईकोर्ट की कार्यवाही पर रोक

**नई दिल्ली (वार्ता)।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को केंद्र सरकार की उन याचिकाओं पर नोटिस जारी किये, जिनमें विभिन्न उच्च न्यायालयों में लंबित कई मामलों को स्थानांतरित करने की मांग की गयी है। इन याचिकाओं में ट्रांसजेंडर संशोधन अधिनियम, 2026 की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गयी है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति वी मोहन की एक अवकाशकालीन पीठ ने निर्देश दिया कि विभिन्न उच्च न्यायालयों में लंबित सभी संबंधित मामलों की कार्यवाही पर अगले आदेश तक रोक रहेगी। पीठ ने उन याचिकाकर्ताओं को भी नोटिस जारी किये, जिन्होंने उच्च न्यायालयों में ट्रांसजेडर संशोधन अधिनियम, 2026 को चुनौती दी है और केंद्र की स्थानांतरण याचिकाओं पर उनसे जवाब मांगा है।



## प्रदेश में एग्रो सौर ऊर्जा उत्पादन में जर्मन कम्पनी करेगी सहयोग

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव की मौजूदगी में हुआ एमओयू**

**भोपाल (स्वतंत्र मत)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की प्रदेश में एग्रो सौर ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने की मंशा पर एक और उपलब्धि हासिल हुई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की मौजूदगी में नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग, मध्यप्रदेश ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड तथा जर्मन सरकार समर्थित इंडो-जर्मन एग्री वोल्टाइक सहयोग परियोजना के मध्य सोमवार को मंत्रालय, भोपाल में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर कर आदान-प्रदान किया गया। एग्री वोल्टाइक, कृषि एवं सौर ऊर्जा के संयुक्त उपयोग को बढ़ावा देने के लिए तैयार किया गया एक संगठन है। इसका उद्देश्य कृषि भूमि पर खेती के साथ-साथ उसी खेत में ही सौर ऊर्जा उत्पादन को प्रोत्साहित करना है, जिससे अतिरिक्त भूमि की आवश्यकता कम हो, खाद्य सुरक्षा बनी रहे तथा भूमि संबंधी विवादों से भी बचा जा सके। इस काम में जर्मन कम्पनी सरकार को सहयोग देगी। यह पहल पीएम-कुसुम 2.0 सहित विभिन्न योजनाओं के अनुरूप राज्य में विशिष्ट एग्रीवोल्टाइक ढांचा विकसित करने, किसानों की आय बढ़ाने, भूमि उपयोग दक्षता सुधारने, उत्पादित ऊर्जा की सुरक्षा सुदृढ़ करने तथा जलवायु-अनुकूल ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने में सहायक होगी। यह गैर-बाध्यकारी समझौता ज्ञापन मई 2030 तक प्रभावी रहेगा।

## विक्रमादित्य के नाम से एक पृथक अकादमी बनेगी

### मुख्यमंत्री ने की संस्कृति विभाग से संचालित योजनाओं की समीक्षा

भोपाल (स्वतंत्र मत)



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आगामी 6-7 माह में बड़े त्यौहार, सांस्कृतिक पर्व एवं मेले मनाये जायेंगे। ये सभी त्यौहार हमारी धार्मिक आस्थाओं और प्रकृति के प्रति हमारी कृतज्ञता के प्रतीक हैं। इन सभी अवसरों पर संस्कृति विभाग सभी समाजों को, उनकी आस्थाओं और सांस्कृतिक परम्पराओं को जोड़कर वृहद आयोजन करें। आल्हा-ऊदल वीर रस गायन के प्रतीक हैं, उनकी स्मृति में आयोजन किए जाएं। श्रावण महोत्सव और भुजरिया पर्व भी मनाएं। नागपंचमी पर जैव विविधता संरक्षण (सर्प प्रजातियों के संरक्षण) का संदेश दिया जाये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि संस्कृति विभाग लोगों को जोड़कर ऐसे आयोजन करें, जिनसे हमारी कला और संस्कृति के संवर्धन के साथ ही सरकार के संदेश का भी प्रसार हो। मुख्यमंत्री सोमवार को मंत्रालय में संस्कृति विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं एवं गतिविधियों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संस्कृति विभाग द्वारा वित्त वर्ष 2026-27 के लिए तैयार किये गये कला पंचांग का विमोचन भी किया। इसमें विभाग द्वारा वर्ष भर की जाने वाली कलात्मक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का पूरा कैलेंडर तैयार किया गया है। अब इन्हें सिलसिलेवार क्रियान्वित किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास और कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग सभी मिलकर काम करें, ताकि प्रदेश में धार्मिक एवं आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिले। इससे प्रदेश में उत्कृष्ट कारीगरी से निर्मित होने वाले क्रॉफ्ट आइटम्स, हैंडलूम आइटम्स और कशीदाकारी को भी पहचान मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भोपाल के नजदीक जगदीशपुर स्थित पुराने किले की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि इस किले के इतिहास को जीवंत करने और इसे राष्ट्रीय पहचान दिलाने के लिए भविष्य में जल्द ही यहां स्टेट कैबिनेट मीटिंग की जायेगी।

### तीर्थदर्शन योजना का बढ़ेगा दायरा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य के बाहर के प्रसिद्ध मंदिरों और देव स्थानों के अतिरिक्त अब प्रदेश में मौजूद 2 ज्योतिर्लिंगों, जागृत एवं मंशापूर्ण शक्ति पीठों एवं अन्य धार्मिक स्थलों को भी मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना में शामिल किया जाये। मुख्यमंत्री ने कहा कि सम्राट वीर विक्रमादित्य के नाम से एक पृथक अकादमी का गठन किया जाये। इसमें विक्रमादित्य के जीवनवृत्त पर समग्र शोध एवं अन्य संगत गतिविधियां भी संचालित की जायें।

### धार्मिक पर्यटन को देंगे नई दिशा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विशेष रूप से श्रीराम वन गमन पथ और श्रीकृष्ण पाथेय परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को इनके निर्माण कार्यों में और अधिक गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उक्त दोनों परियोजनाएं धार्मिक आस्था के केंद्र होने के साथ ही प्रदेश के सांस्कृतिक और पर्यटन विकास की दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इनका कार्य शीघ्र पूर्ण होने से प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को नई दिशा मिलेगी।

# मानसिक और शारीरिक कायाकल्प के लिए बंदियों ने किया 'योग'

## मध्य प्रदेश की जेलों में राज्यव्यापी अभियान का शंखनाद






जबलपुर (स्वतंत्र मत)

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 के अवसर पर मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा एक अनूठी और कल्याणकारी पहल की शुरुआत की गई है। प्रदेश की विभिन्न जेलों में निरुद्ध बंदियों के शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक सुधार के लिए प्रदेशव्यापी योग अभियान का सोमवार को शुभारंभ हुआ। जिसका मुख्य उद्घाटन सेंट्रल जेल में किया गया, जिसे वर्चुअल माध्यम से प्रदेश की सभी जेलों से एक साथ जोड़ा गया।

### मुख्य न्यायाधीश ने किया शुभारंभ

केंद्रीय जेल में आयोजित मुख्य कार्यक्रम का शुभारंभ मप्र उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के मुख्य संरक्षक न्यायमूर्ति विवेक रूसिया द्वारा किया गया। इस दौरान उन्होंने स्वयं योग सत्र में भाग लेकर बंदियों का उत्साहवर्धन किया। इसी क्रम में, ग्वालियर खंडपीठ से माननीय न्यायमूर्ति गुरपाल सिंह अहलूवालिया ने ग्वालियर जेल और इंदौर खंडपीठ से न्यायमूर्ति सुबोध अभ्यंकर ने इंदौर जेल में आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता की । उपस्थित जनसमूह और बंदियों को संबोधित करते हुए कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति विवेक रूसिया ने श्रीमद्भगवद्गीता के कालजयी सूत्र 'योगः कमुश सु कौशलम्' का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक आसनों या सांस लेने का अभ्यास नहीं है, बल्कि हर कार्य को समर्पण, अनुशासन और समभाव के साथ करने की एक कला है। उन्होंने विशेष जोर देकर कहा कि नियमित योगाभ्यास से कैदियों में सकारात्मक व्यावहारिक बदलाव आएगा, जिससे तनाव और अवसाद से मुक्ति मिलेगी। यह उनके मानसिक दृढ़ता, व्यक्तित्व विकास और समाज में पुनर्वास के लिए बेहद कारगर साबित होगा।

### जेलों में दिखा विधिक और प्रशासनिक समन्वय

इस महा-अभियान को जमीनी स्तर पर सफल बनाने के लिए प्रदेश के सभी जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों और तहसील विधिक सेवा समितियों ने स्थानीय जेल प्रशासनों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित किया। योग सत्र के दौरान मध्य प्रदेश की विभिन्न जेलों में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीशगण, न्यायिक अधिकारी और विधिक संस्थाओं के वरिष्ठ पदाधिकारी भी बंदियों के साथ चटाई पर बैठे और योग क्रियाएं कीं। इस समन्वय ने बंदियों के भीतर यह विश्वास जगाया कि समाज और न्यायपालिका उनके समग्र सुधार के लिए प्रतिबद्ध है।

### 21 जून तक चलेगा अभियान

यह विशेष योग अभियान आज 15 जून से शुरू होकर आगामी 21 जून तक निरंतर संचालित किया जाएगा। इस उद्घाटन सत्र में एमपी हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल धरमेंद्र सिंह, कृष्णमूर्ति मिश्र, सुमन श्रीवास्तव सहित जेल विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन हिमांशु तिवारी, मदन कमलेश ने किया।



# तापमान में आई गिरावट मौसम हुआ सुहावना

### बाजारों में बढ़ी रौनक, मानसून की दस्तक करीब

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** सोमवार को हफ्ते की शुरुआत के साथ ही संस्कारधानी के मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिला। सुबह की शुरुआत तो घने बादलों के साथ हुई थी, जिससे लोगों को राहत की उम्मीद जगी । लेकिनदोपहर तक आसमान से बादल अचानक नदारद हो गए। तेज धूप निकलते ही मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल गया और दिनभर लोग गर्मी से परेशान नजर आए। इस दौरान अधिकतम तापमान 38.7 तो वहीं न्यूनतम तापमान 26.4 दर्ज किया गया। दिनभर घरों और दफ्तरों में कैद रहने के बाद, शाम को मौसम थोड़ा सुहावना हुआ। रात के समय ठंडी हवाएं चलने से लोगों ने राहत की सांस ली, जिसके बाद शहर के मुख्य बाजारों और चौपाटी पर खासी रौनक देखने को मिली।

### दिनभर चला धूप-छांव का खेल

भले ही अभी बादलों की लुकाछिपी का दौर जारी है, लेकिन यह शांति जल्द ही झमाझम बारिश में बदलने वाली है। मानसून की कतार बेहद नजदीक है और अगले कुछ दिनों में जबलपुर समेत पूरे मध्य प्रदेश में प्री-मानसून और मानसून की गतिविधियों में तेजी आएगी। आसमान में उमड़ रहे बादल इस बात का संकेत दे रहे हैं कि प्रदेशवासियों को जल्द ही गर्मी से स्थायी निजात मिलने वाली है। मौसम में आ रहे इस उतार-चढ़ाव कभी धूप, कभी छांव और अचानक उमस के कारण स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का खतरा भी तेजी से बढ़ गया है। डॉक्टरों के मुताबिक, इस बदलते मौसम में वायरल फीवर, सर्दी-खांसी और पेट दर्द के मरीजों की संख्या में इजाफा हो रहा है। खासकर बच्चों और बुजुर्गों को इस दौरान अपने खान-पान और सेहत का विशेष ध्यान रखने की जरूरत है।

# दीक्षांत समारोह को भव्यता देने अंतिम तैयारियों का दौर, इधर कुलगुरु ने राज्यपाल को दिया न्यौता

### राष्ट्रपति होंगी मुख्य अतिथि, रादुविवि में 21 जून को मनाया जाएगा 36वां दीक्षांत समारोह

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के 36वें दीक्षांत समारोह को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। सोमवार को कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा ने लोक भवन में राज्यपाल मंगु भाई पटेल से सौजन्य भेंट कर उन्हें दीक्षांत का औपचारिक रूप से निमंत्रण सौंपा। इसके पूर्व कुलगुरु के निमंत्रण पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पहले ही अपनी स्वीकृति प्रदान कर चुके हैं। इस आयोजन के लिए 21 जून को देश की महामहिम राष्ट्रपति दौपदी मुर्मु के शामिल होने की पुष्टि भी हो चुकी है, जिससे आयोजन का महत्व और बढ़ गया है। दीक्षांत समारोह को सफल बनाने के लिए संबंधित विभागों द्वारा व्यवस्थाओं को तेजी से पूरा किया जा रहा है। सुरक्षा, मंच व्यवस्था और अतिथि सत्कार से जुड़ी तैयारियों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि कार्यक्रम को भव्य और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराया जा सके। दीक्षांत समारोह को लेकर तैयारियां अब अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। कार्यक्रम के लिए सभी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है, ताकि आयोजन भव्य और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हो सके।



### जिला और पुलिस प्रशासन ने लिया तैयारियों का जायजा

इस दौरान जिला कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह, एडीशनल एसपी/सीटी एसपी आयुष घाकड़, अपर संचालक कोष एवं लेखा रोहित सिंह कौशल एवं अन्य अधिकारियों द्वारा प्रभारी कुलगुरु प्रो. राकेश बाजपेयी, मुख्य संयोजक प्रो. एसएस संधू एवं कुलसचिव डॉ. रविशंकर सोनवाल के साथ-साथ विभिन्न समितियों के संयोजकों से दीक्षांत समारोह के आयोजन के प्रत्येक पहलुओं एवं तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। विवि दीक्षांत समारोह आयोजन समिति संयोजक प्रो. एसएस संधु एवं प्रो. राकेश बाजपेयी ने बताया कि समारोह में राष्ट्रपति, राज्यपाल, मुख्यमंत्री एवं उच्च शिक्षा मंत्री को शामिल होने के लिए औपचारिक निमंत्रण भी भेज दिया गया है और सभी की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। उनके आगमन को देखते हुए सुरक्षा, मंच व्यवस्था, अतिथि सत्कार और अन्य प्रोटोकॉल संबंधित तैयारियों को तेजी से पूरा किया जा रहा है। दीक्षांत समारोह को गरिमामय बनाने के लिए हर स्तर पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है और सभी समितियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

# फर्जी पत्रकारों के खिलाफ कार्यवाही की मांग हुई तेज

### कलमवीर संघर्ष संगठन ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** जिले में कथित फर्जी पत्रकारों की बढ़ती गतिविधियों को लेकर सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एक महत्वपूर्ण पहल देखने को मिली। कलमवीर संघर्ष संगठन के नेतृत्व में पत्रकारों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर फर्जी पत्रकारिता के विरुद्ध जांच एवं कठोर कार्रवाई की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान पत्रकारिता की आड़ में कथित रूप से संचालित ब्लैकमेलिंग, अवैध वसूली और अन्य आपराधिक गतिविधियों पर गंभीर चिंता व्यक्त की गई। ज्ञापन में मांग की गई कि जिले में सक्रिय पत्रकारों एवं मीडिया संस्थानों का व्यापक सत्यापन अभियान चलाया जाए, जिससे वास्तविक और फर्जी पत्रकारों के बीच स्पष्ट अंतर स्थापित किया जा सके। संगठन ने यह भी मांग रखी कि फर्जी प्रेस कार्ड, अवैध पहचान पत्र या पत्रकारिता के नाम पर किसी भी प्रकार की गलत गतिविधि में संलिप्त पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। कार्यक्रम में यह भी मांग उठी कि सभी शासकीय विभागों एवं कार्यालयों को निर्देश जारी किए जाएं कि वे केवल अधिकृत एवं सत्यापित पत्रकारों को ही आधिकारिक रूप से पत्रकार के रूप में मान्यता दें। कलमवीर संघर्ष संगठन के प्रतिनिधि सृजन शुक्ला ने कहा कि पत्रकारिता समाज की आवाज है और इसे किसी भी कीमत पर बदनाम नहीं होने दिया जा सकता। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों की कथित गतिविधियों के कारण पूरे पत्रकार समाज की छवि प्रभावित होती है, इसलिए वास्तविक पत्रकारों के हितों और पत्रकारिता की गरिमा की रक्षा के लिए प्रभावी कार्रवाई आवश्यक है। इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मयंक तिवारी के निर्देश पर जिला अध्यक्ष सृजन शुक्ला के प्रयास पर जिले के वरिष्ठ पत्रकार सच्चिदानंद शेकटकर, प्रदेश अध्यक्ष शुभम् शुक्ला, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष संजय साहू, राष्ट्रीय प्रवक्ता सत्यजीत यादव, प्रदेश सचिव सुधीर खरे, वरिष्ठ पत्रकार परितोष वर्मा, दिलीप तिवारी आदि उपस्थित रहे।



# शहर की फिजा बिगाड़ने वाले बदमाशों पर पुलिस ने की कार्यवाही

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने जुआ, सट्टा, अवैध मादक पदार्थ, अवैध हथियार और जहरीली शराब के कारोबार में लिप्त अपराधियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान आदतन अपराध करने वाले 15 आरोपियों शांति भंग करने वाले 79 व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई है। इसके अतिरिक्त आपातकालीन स्थितियों में माहौल बिगाड़ने की कोशिश कर रहे 17 अन्य व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया है, जिससे अपराधियों के हौसले पस्त नजर आ रहे हैं। इस दौरान पिछले कई सालों से लापता 16 गैर-मियादी वारंटी और 19 मियादी वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है, जबकि 19 जमानती वारंटों की तामीली कराई गई है। इसके साथ ही अवैध शराब के धंधे पर प्रहार करते हुए आबकारी एक्ट के तहत 66 लोगों को दबोचा गया, जिनके कब्जे से 115 पाव देसी व अंग्रेजी शराब और 15 लीटर कच्ची शराब जब्त की गई। वहीं दूसरी तरफ घातक हथियारों के साथ घूम रहे 5 बदमाशों को 25 आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर उनके पास से 5 धारदार चाकू बरामद किए गए हैं।



**यातायात का उल्लंघन करने वालों के कटे चलान** -अपराधियों के साथ-साथ सड़क पर हुड़दंग मचाने वाले और यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाने वाले वाहन चालक भी पुलिस की रडार पर रहे। मोटर व्हीकल एक्ट का उल्लंघन करने वाले 56 वाहन चालकों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की गई। इन लापरवाह चालकों से मौके पर ही कुल 19 हजार 600 रुपये का शमन शुल्क वसूला गया।

### पमरे ने 2 महीनों में कमाया 1583 करोड़ से अधिक का राजस्व

जबलपुर (स्वतंत्र मत)। पश्चिम मध्य रेल ने पिछले 2 माह में 1583 करोड़ 43 लाख का प्रारंभिक राजस्व अर्जित किया है। यह आंकड़ा पिछले वित्तीय वर्ष की समान अवधि के मुकाबले 4.13 प्रतिशत अधिक है, जो रेलवे की मजबूत होती आर्थिक स्थिति को दर्शाता है। रेलवे को इस वित्तीय वर्ष में सबसे ज्यादा मुनाफा माल ढुलाई से हुआ है, जिससे कुल 1039 करोड़ 02 लाख की कमाई हुई। वहीं, यात्री यातायात से 456 करोड़ 95 लाख, अन्य कोचिंग मद से 33 करोड़ 48 लाख और विविध आय से 53 करोड़ 98 लाख का राजस्व प्राप्त हुआ। अगर मंडलवार प्रदर्शन की बात करें, तो 969 करोड़ 31 लाख की कमाई के साथ जबलपुर मंडल सबसे आगे रहा, जबकि भोपाल मंडल ने 350 करोड़ 30 लाख और कोटा मंडल ने 263 करोड़ 82 लाख का योगदान दिया।

# कबीर गौरव अलंकरण से सम्मानित हुए इंजीनियर विनोद नयन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** कबीर साहित्य परिषद नागौर सतना के तत्वावधान में आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में देशभर से पधारे प्रतिष्ठित कवियों द्वारा कबीर पर शानदार काव्य पाठ किया गया। जिसका कुशल संचालन इंजीनियर विनोद नयन ने किया। इस अवसर पर 35 वर्षों की सफल साहित्यिक यात्रा के लिए परिषद द्वारा इंजीनियर विनोद नयन को कबीर गौरव अलंकरण, मान पत्र, शाल, श्रीफल के साथ 21 हजार राशि का चेक परिषद के अध्यक्ष आजाद वतन वर्मा द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर आचार्य भगवत दुबे, बसंत शर्मा, मकबूल अली, डॉ रानू रूही, डॉ विनीत पांडेय विनीत, डॉ मंजुश्री, एड.तृप्ति त्रिवेदी, गायत्री नीरज चौबे, केके नायकर, कृष्णा राजपूत, मनोज शुक्ला, अभय तिवारी, डॉ मुकुल तिवारी आदि ने अपनी ओर से बधाई प्रेषित की।



# एआईडीईफ को मिली सफलता 2027 तक बढ़ा डीम्ड डेपुटेशन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** ऑल इंडिया डिफेंस एम्प्लॉइज फेडरेशन के लगातार संघर्ष के बाद भारत सरकार के रक्षा उत्पादन विभाग ने एक महत्वपूर्ण कार्यालय ज्ञापन जारी किए नए आदेश के तहत कर्मचारियों की डीम्ड डेपुटेश की अवधि को बढ़ाकर 31 मार्च 2027 तक कर दिया गया है। एआईडीईफ़ ने पहले सभी निर्माणियों में एडवांस ऑप्शन फॉर्म भरवाकर कर्मचारियों की राय जानी थी, जिसमें शत-प्रतिशत कर्मचारियों ने सरकारी कर्मचारी बने रहने का विकल्प चुना था। इसके बाद नेशनल जेसीएम काउंसिल की बैठक में फेडरेशन ने इस मुद्दे को पुरजोर तरीके से उठाया, जहां रक्षा सचिव ने इस पर सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया था। सरकार के

### फेडरेशन ने इस मुद्दे को पुरजोर तरीके से उठाया

इस फैसले का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि जो कर्मचारी नई बनी रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों में समायोजन का विकल्प नहीं चुनेंगे, वे अपनी सेवानिवृत्ति तक डीम्ड डेपुटेशन पर बने रह सकेंगे। ऐसे कर्मचारियों पर केंद्र सरकार के सभी नियम, वेतनमान, भत्ते, अवकाश, चिकित्सा सुविधाएं और पदोन्नति की शर्तें पूर्ववत लागू रहेंगी। इससे कर्मचारियों के मन से नौकरी और दर्जे के बदलने का डर पूरी तरह खत्म हो गया है। कॉमन एब्जॉर्प्शन पैकेज को भी सभी पात्र कर्मचारियों के लिए लागू किया जाएगा। इसके तहत जो कर्मचारी स्वेच्छा से इन सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों में शामिल होना चाहते हैं, उनसे समायोजन के लिए विकल्प मांगे जाएंगे। सरकार के इस निर्णय का स्वागत करते हुए एआईडीईफ ने इसे कर्मचारियों की एक ऐतिहासिक जीत बताया है। संघ के नेताओं का कहना है कि इस फैसले से हजारों रक्षा असैनिक कर्मचारियों के भविष्य और उनके सेवा हितों को कानूनी सुरक्षा मिल गई है।

संगठन ने सभी रक्षा कर्मियों को आश्वस्त किया है कि उनके अधिकारों, रोजगार सुरक्षा और कल्याण के लिए फेडरेशन का संघर्ष भविष्य में भी इसी तरह निरंतर जारी रहेगा।

# आकर्षक और प्राकृतिक रूप में नजर आएगी गौर नदी, 3 करोड़ की लागत से बदल रहा स्वरूप

### विधायक, महापौर और निगमायुक्त ने किये विभिन्न कार्यों के निरीक्षण

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।


रानी अवंती बाई वार्ड में लगभग 4 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली मुख्य सड़क का महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी, निगमाध्यक्ष रिकुंज विज और निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने संयुक्त रूप से निर्माण कार्य का सघन निरीक्षण किया गया और प्रगति की जानकारी ली गयी। निरीक्षण के दौरान महापौर श्री अन्नू और विधायक श्री रोहाणी ने संबंधित अधिकारियों व ठेकेदार को कड़े निर्देश दिए कि सड़क निर्माण कार्य को निर्धारित समय-सीमा के भीतर और पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आस-पास के नागरिकों की मांग को सहृदयता से सुनते हुए महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी ने एक और बड़ी घोषणा की।



इसी कड़ी में नगर निगम द्वारा ऐतिहासिक और पौराणिक महत्व की गौर नदी को उसके प्राकृतिक और भव्य स्वरूप में वापस लाने के लिए 3 करोड़ की लागत से युद्ध स्तर पर संरक्षण और संवर्धन के कार्य किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू और कैंट विधानसभा क्षेत्र के विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी ने गौर नदी में चल रहे सफाई श्रमदान कार्य का अवलोकन किया।

मां नर्मदा की इस सबसे सुंदर और प्रमुख सहायक नदी को उसके प्राचीन व प्राकृतिक स्वरूप में वापस लाने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य चल रहा है। गौर नदी के संरक्षण, संवर्धन और सौंदर्यीकरण के लिए 3 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है, जिससे नदी का संपूर्ण जीर्णोद्धार होगा। यह परियोजना क्षेत्र के पर्यावरण और जल संरक्षण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी।

# बच्चों के लिए वैदिक गणित का महत्व




**आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में बच्चों के लिए केवल ज्ञान प्राप्त करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि तेज़ी से सोचने, सही निर्णय लेने और समस्याओं का समाधान करने की क्षमता विकसित करना भी आवश्यक है। वैदिक गणित ऐसी ही एक प्राचीन भारतीय गणना पद्धति है, जो बच्चों के बौद्धिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। वैदिक गणित के सूत्रों और उपसूत्रों के माध्यम से जटिल गणनाएं भी सरल, रोचक और कम समय में की जा सकती हैं। इससे बच्चों में गणित के प्रति भय समाप्त होता है और उनकी रुचि बढ़ती है। सामान्यत: जिस प्रश्न को हल करने में कई चरण लगते हैं, वैदिक गणित की तकनीकों से वही प्रश्न कुछ ही सेकंड में हल किया जा सकता है।**

### एकाग्रता और स्मरण शक्ति का विकास

वैदिक गणित का नियमित अभ्यास बच्चों की एकाग्रता, स्मरण शक्ति और तार्किक क्षमता को बढ़ाता है। जब बच्चे मानसिक रूप से गणनाएं करते हैं तो उनका मस्तिष्क अधिक सक्रिय होता है, जिससे सोचने और समझने की क्षमता में वृद्धि होती है।

### आत्मविश्वास में वृद्धि

गणित में सफलता बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाती है। जब वे कठिन प्रश्नों को आसानी से हल कर लेते हैं तो उनमें सकारात्मक सोच विकसित होती है और वे अन्य विषयों में भी बेहतर प्रदर्शन करने लगते हैं।

### प्रतियोगी परीक्षाओं में उपयोगी

आज अधिकांश प्रतियोगी परीक्षाओं में समय का विशेष महत्व होता है। वैदिक गणित की तकनीकें बच्चों को तेज़ गणना करने में सक्षम बनाती हैं, जिससे वे कम समय में अधिक प्रश्न हल कर पाते हैं। यह बैंकिंग, एसएससी, रेलवे, प्रबंधन प्रवेश परीक्षाओं तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में विशेष रूप से उपयोगी है।

### रचनात्मक और विश्लेषणात्मक सोच

वैदिक गणित केवल गणना की विधि नहीं है, बल्कि यह बच्चों में रचनात्मकता और विश्लेषणात्मक सोच को भी विकसित करता है। इससे वे समस्याओं को विभिन्न दृष्टिकोणों से देखने और नवीन समाधान खोजने की क्षमता विकसित करते हैं।

### भारतीय ज्ञान परंपरा से जुड़ाव


वैदिक गणित भारत की समृद्ध ज्ञान परंपरा का एक महत्वपूर्ण अंग है। इसके अध्ययन से बच्चों में भारतीय संस्कृति और वैज्ञानिक विरासत के प्रति गर्व की भावना विकसित होती है तथा वे अपनी जड़ों से जुड़ते हैं।

### निष्कर्ष

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 भी अनुभवात्मक और कौशल आधारित शिक्षा पर बल देती है। वैदिक गणित इस दिशा में एक प्रभावी माध्यम है, जो बच्चों को गणितीय दक्षता, तार्किक चिंतन, आत्मविश्वास और मानसिक विकास प्रदान करता है। विद्यालयों और महाविद्यालयों में वैदिक गणित का प्रशिक्षण विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है। 'वैदिक गणित केवल गणना की कला नहीं, बल्कि तेज़, तार्किक और रचनात्मक चिंतन का विज्ञान है।'

डॉ. नीलेश पाण्डेय
प्राचार्य
हितकारिणी महिला महाविद्यालय






## वैदिक गणित का इतिहास

वेद समस्त विद्याओं का मूल है और यही कारण है कि लौकिक और पारलौकिक सत्य को जानने के लिए वेद को जानना उपयोगी हो जाता है। वैदिक गणित ऐसा ही एक सूक्ष्म बिन्दु है जिससे गणित का विस्तार हम भारतीय ज्ञान-विज्ञान की परम्परा में देखते हैं। वेद को जहाँ ज्ञान-विज्ञान का आदिस्रोत कहा गया है, वहीं गणित को उसका मेरुदण्ड माना जाता है। वैदिक गणित के सूत्र छात्रों के लिए बोझ नहीं बल्कि एक मनोरंजक खेल हैं। इन सूत्रों के प्रयोग से गणित के प्रति रुचि उत्पन्न होती है। गणित के लम्बे और कठिन प्रश्न भी सरलता से हल हो जाते हैं। वैदिक गणित की सबसे खास बात यह है कि ये सूत्र हमें सरलता, सहजता और मौखिक रूप से गणना करने की योग्यता प्रदान करते हैं और यह योग्यता निश्चित रूप से व्यक्ति में आत्मविश्वास उत्पन्न करती है। अत: यदि हम अपनी पीढ़ियों को गणित में रुचि रखने वाले बनाना चाहते हैंय छोटी-छोटी गणना के लिए कैलकुलेटर आदि का मोहताज नहीं बनाना चाहते हैं। गणित में अपने आत्मविश्वास बनाए रखने वाला बनाना चाहते हैं तो वैदिक गणित के इन सूत्रों को जानना, समझना और इनका प्रयोग करना अनिवार्य रूप से हमारे जीवन का अंग बनाना चाहिए। वैदिक गणित भारतीय गणित का एक अत्यंत लोकप्रिय स्वरूप है, जिसकी रचना 20वीं सदी के आरंभ में जगद्गुरु स्वामी भारती कृष्ण तीर्थ द्वारा की गई। इसमें 16 मूल सूत्र और 13 उपसूत्र शामिल हैं, जो जटिल अंकगणितीय व बीजगणितीय गणनाओं को मानसिक रूप से त्वरित व सरल बनाने में मदद करते हैं। वैदिक गणित के इतिहास को मुख्य रूप से दो भागों में विभाजित किया जा सकता है:-

### 1. आधुनिक उत्पत्ति और संस्थापक

आधुनिक वैदिक गणित की खोज और पुनर्निर्माण का श्रेय गोवर्धन मठ, पुरी के शंकराचार्य स्वामी भारती कृष्ण तीर्थ (1884-1960) को जाता है। उन्होंने 1911 से 1918 के बीच प्राचीन संस्कृत ग्रंथों और वेदों पर गहन अध्ययन किया। उन्होंने दावा किया कि ये गणितीय तकनीकें और सूत्र प्राचीन हिंदू वेद, विशेष रूप से अथर्ववेद का हिस्सा थे। उनके निधन के बाद, 1965 में उनके शोधों को संकलित करके 'वैदिक गणित' नाम से पुस्तक प्रकाशित की गई।

### 2. ऐतिहासिक संदर्भ और विवाद

वैदिक काल से इसके सीधे संबंधों को लेकर आधुनिक गणितज्ञों और इतिहासकारों के बीच मतभेद हैं। मुख्यधारा के इतिहासकार और आधुनिक गणितज्ञ इस बात से असहमत हैं कि ये 16 सूत्र सीधे प्राचीन वेदों से लिए गए थे। उनके अनुसार, इन सूत्रों में मौजूद उन्नत बीजगणितीय और अंकगणितीय तकनीकें मूल रूप से बाद के प्राचीन और मध्यकालीन भारतीय गणितज्ञों (जैसे- आर्यभट्ट, ब्रह्मगुप्त और भास्कराचार्य) के कार्यों का परिष्कृत रूप हैं।

### सांस्कृतिक महत्व

इतिहासकारों का मानना है कि स्वामी भारती कृष्ण तीर्थ ने इस ज्ञान को वेदों से इसलिए जोड़ा ताकि वे भारतीय प्राचीन ज्ञान-प्रणाली की महानता को दुनिया के सामने ला सकें और लोगों में अपने धर्म व संस्कृति के प्रति रुचि जगा सकें।

### वर्तमान महत्व

अपने त्वरित गणना तरीकों के कारण, इसे स्कूलों और प्रतियोगी परीक्षाओं में छात्रों की मानसिक क्षमता व सटीकता बढ़ाने के लिए एक बेहतरीन शिक्षण टूल के रूप में व्यापक रूप से अपनाया जाता है।




## गणित की मजेदार पहेलियां

1. आपके पास भी फोन होगा? तो बताइए, डायलिंग पैड के सभी अंकों का गुणा करने पर क्या आएगा?

**उत्तर** - सभी अंकों को शून्य से गुणा करेंगे तो शून्य ही आएगा।

2. यदि 20 लोग हैं और 20 ही रोटियां हैं उनमें से बच्चे खाए आधा से आधा रोटी, महिलाऐं खाएं 1-1 रोटी और पुरुष खाएं 2-2 रोटी तो बताओ कितने बच्चे, कितनी महिलाऐं, और कितने पुरुष हैं?

**उत्तर** - 8 बच्चे हैं जो 2 रोटी खायेंगे, 6 महिलाऐं हैं जो 6 रोटी खायेंगी और 12 पुरुष हैं जो 6 रोटी खायेंगे।

3. प्रत्येक बन्दर 5 मिनट में 5 केले खाता है तो 4 बन्दर 4 केले खाने में कितना समय लगायेंगे? और ये भी बताओ कि 30 मिनट में 30 केले खाने के लिए कितने बन्दर होने चाहिए?

**उत्तर** - 5 बन्दर 5 मिनट में 5 केले खाते हैं यानि 1 बन्दर 1 मिनट में 1 केला खाता है इसलिए 4 बन्दर 4 केलों को 1 मिनट में खायेंगे। इसी तरह 30 मिनट में 30 केले खाने के लिए एक बन्दर ही काफी है।

4. एक खेत में एक किसान के पास कुछ मुर्गियां और कुछ बकरियां हैं। अगर उनके सिर गिने जाएँ तो कुल 40 सिर होते हैं, और अगर उनके पैर गिने जाएँ तो कुल 120 पैर होते हैं। बताइए, खेत में कितनी मुर्गियां और कितनी बकरियां हैं?


**उत्तर** - 20 मुर्गियां और 20 बकरियां। (मुर्गियों के 2 पैर और बकरियों के 4 पैर होते हैं)।

5. एक दीवार घड़ी में 1 से लेकर 12 तक की संख्याएँ होती हैं। क्या आप बता सकते हैं कि घड़ी की सुइयाँ एक दिन (24 घंटे) में कितनी बार एक दूसरे के बिल्कुल ऊपर होती हैं?

**उत्तर** - **22 बार।**



# गणित में मन कैसे लगाएं




अधिकतर स्टूडेंट्स मैथ्स के सवाल को हल करने से दूर भागते हैं। ऐसा तभी होता है जब उन्हें डर लगता है या फिर उन्हें कुछ ज्यादा समझ में नहीं आता। पर परेशान होने की जरुरत नहीं है क्योंकि कहा जाता है कि डर के आगे जीत है। इसलिए, हौसला कीजिए और कदम बढ़ाइए। जबतक परेशानियों से आपका मुकाबला नहीं होगा, तब तक आपके अन्दर वो कभी न टूटने वाला विश्वास कहाँ से आएगा। ऐसा कभी न सोचें कि आप उस प्रश्न को हल नहीं कर पाएंगे, वजाए यह सोचें कि मैं इसे कैसे सॉल्व करूं। कौन-से फार्मूले का इस्तेमाल करूं या ट्रिक्स लगाऊं ताकि यह प्रश्न हल हो जाए आदि। परेशानियाँ होती ही हैं कुछ सिखाने के लिए, इसलिए उसे हल करने की कोशिश करें। जब परेशानियों को हल करने में सामर्थ्य हो जाएंगे तब मैथ्स आपको एकदम आसान सा लगने लगेगा। बेहतर करियर विकल्प के लिए मैथ्स का समझ होना बहुत जरुरी है। इसलिए, अगर आप इन टिप्स को फॉलो करते हैं, तो आप भी मैथ्स में एक्सपर्ट्स भी बन जाएँगे। शर्त यह है अपना स्टडी जारी रखें, बिना किसी संकोच के, एक दिन मैथ्स आपका सबसे मजबूत विषय होगा। एक्सपर्ट हमें अपनी काबिलियत से बनाना होता है जो कठिन श्रम से संभव हो पाता है। टॉपर बनने के लिए पहले गणित के प्रत्येक चैप्टर को ध्यानपूर्वक पढ़े तथा समय अंतराल पर रिविजन भी करते रहें। प्रत्येक दिन कम से कम 2-3 प्रश्न हल करने का प्रयास करें। प्रश्न को नए विधि से हल करने का प्रयास करें, फार्मूला यानि थ्योरी को भी हल करने की कोशिश करें, ऐसा करना कठिन अवश्य है पर प्रयास जारी रखने से यह आपके लिए एक आसान आवश्य होगा।

### यह तरीका अपनाएं

- एकांत स्थान का चुनाव अनिवार्य है।
- समय निर्धारित करें।
- हल किए हुए प्रश्न को पुन: हल करें।
- फार्मूला का अवश्य ध्यान रखें।

आसन एवं हल किए हुए प्रश्न को बार-बार हल करे जब तक वो आपको आसान न लगने लगे

# ऑनलाइन शिक्षा : लाभ और हानि




वर्तमान समय में विज्ञान और तकनीक ने मानव जीवन को बहुत प्रभावित किया है। शिक्षा का क्षेत्र भी इससे अछूता नहीं है। आज इंटरनेट और डिजिटल उपकरणों की सहायता से ऑनलाइन शिक्षा का प्रचलन तेजी से बढ़ रहा है। ऑनलाइन शिक्षा वह माध्यम है जिसके द्वारा विद्यार्थी मोबाइल, कंप्यूटर, लैपटॉप और इंटरनेट की सहायता से घर बैठे शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं। विशेष रूप से कोरोना महामारी के दौरान ऑनलाइन शिक्षा ने विद्यार्थियों की पढ़ाई को निरंतर जारी रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके कारण शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा और गति मिली। ऑनलाइन शिक्षा के अनेक लाभ हैं। इसका सबसे बड़ा लाभ यह है कि विद्यार्थी किसी भी स्थान से शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं। उन्हें विद्यालय या कोचिंग संस्थान तक जाने की आवश्यकता नहीं होती, जिससे समय और यात्रा व्यय दोनों की बचत होती है। विद्यार्थी अपनी सुविधा और समय के अनुसार पढ़ाई कर सकते हैं। यदि किसी कारणवश वे किसी कक्षा में उपस्थित नहीं हो पाते, तो रिकॉर्ड किए गए व्याख्यानों को बाद में भी देख सकते हैं। इससे सीखने की प्रक्रिया अधिक लचीली और सुविधाजनक बन जाती है। ऑनलाइन शिक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों से संबंधित अध्ययन सामग्री आसानी से उपलब्ध हो जाती है। वे देश-विदेश के शिक्षकों और विशेषज्ञों से भी ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, ऑनलाइन कक्षाओं में वीडियो, चित्र, प्रस्तुतीकरण और अन्य डिजिटल साधनों का उपयोग किया जाता है, जिससे पढ़ाई अधिक रोचक और प्रभावी बनती है। दूर-दराज़ के क्षेत्रों में रहने वाले विद्यार्थियों के लिए भी यह शिक्षा का एक महत्वपूर्ण साधन बन गया है। हालाँकि, ऑनलाइन शिक्षा के कुछ नुकसान भी हैं। लंबे समय तक मोबाइल, कंप्यूटर या लैपटॉप की स्क्रीन के सामने बैठने से आँखों पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है। इससे सिरदर्द, आँखों में जलन और शारीरिक थकान जैसी समस्याएँ उत्पन्न हो सकती हैं। इसके अलावा, लगातार बैठे रहने से शारीरिक गतिविधियाँ कम हो जाती हैं, जिससे स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। ऑनलाइन शिक्षा की एक अन्य बड़ी समस्या इंटरनेट और तकनीकी साधनों पर निर्भरता है। जिन विद्यार्थियों के पास अच्छा इंटरनेट कनेक्शन या आवश्यक उपकरण उपलब्ध नहीं हैं, उन्हें पढ़ाई में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। कई बार नेटवर्क की समस्या के कारण कक्षाएँ बाधित हो जाती हैं, जिससे सीखने की प्रक्रिया प्रभावित होती है। ऑनलाइन शिक्षा में प्रत्यक्ष शिक्षक-विद्यार्थी संवाद की कमी भी महसूस की जाती है। कक्षा में शिक्षक विद्यार्थियों की समस्याओं को तुरंत समझ सकते हैं, जबकि ऑनलाइन माध्यम में यह संभव नहीं हो पाता। कई बार विद्यार्थी पढ़ाई के दौरान ध्यान केंद्रित नहीं कर पाते और अन्य गतिविधियों में व्यस्त हो जाते हैं। इससे उनकी सीखने की क्षमता प्रभावित हो सकती है।

निष्कर्षत:, ऑनलाइन शिक्षा आधुनिक युग की एक महत्वपूर्ण और उपयोगी व्यवस्था है। इसके अनेक लाभ हैं, जैसे समय की बचत, सुविधा, व्यापक ज्ञान की उपलब्धता और शिक्षा तक आसान पहुँच। वहीं इसके कुछ नुकसान भी हैं, जैसे स्वास्थ्य संबंधी समस्याएँ, तकनीकी बाधाएँ और प्रत्यक्ष संवाद की कमी। इसलिए आवश्यक है कि ऑनलाइन शिक्षा का संतुलित और जिम्मेदारीपूर्ण उपयोग किया जाए। यदि इसके लाभों का सही ढंग से उपयोग किया जाए और कमियों को दूर करने का प्रयास किया जाए, तो यह शिक्षा के क्षेत्र में एक प्रभावशाली और सफल माध्यम सिद्ध हो सकती है।



संगीता पवार
शिक्षक
कस्तूरचंद हितकारिणी चिल्ड्रंस एकेडमी
जोंसगंज, जबलपुर




# गणित समझने का आसान तरीका

मैथ्स एक इंटरेस्टिंग सब्जेक्ट है जो प्राचीन काल ही से हाई स्कोरिंग सब्जेक्ट रहा है, अगर पिछले कुछ वर्षों का रिजल्ट मार्क्स देखा जाए तो सबसे ज्यादा मार्क्स मैथ विषय से ही आए हैं। इस हिसाब से मैथ्स कठिन विषय होने के बावजूद भी आसान होता है। क्योंकि, गणित के सवाल को हल करने के लिए निरंतर अभ्यास की आवश्यकता होती है। अगर कोई विद्यार्थी निरंतर अभ्यास करता है तो उसके लिए गणित का सवाल एकदम आसान हो जाता है। बहुत सारे विद्यार्थी मैथ्स विषय का नाम सुनकर घबराने लगते हैं कि मैथ्स के सवाल कठिन होता है मैं इसे सॉल्व नहीं कर सकता, मुझे मैथ्स समझ में नही आता आदि। गणित की तैयारी करने के लिए बहुत सारे आसान तरीके हैं जिसका उपयोग कर गणित की तैयारी अच्छे से किया जा सकता है।

मैथ्स उन विद्यार्थियों के लिए आसान विषय होता है जिनकी अंकतालिका अच्छी होती है, मैथ को अच्छे से समझने और बनाने के लिए सबसे पहले आपका 20 तक का टेबल और स्क्वायर एवं स्क्वायर रूट क्लियर होना चाहिए। साथ ही साथ जोड़, घटाव, गुणा और भाग भी अच्छी तरह से आना चाहिए। अगर आपका ये सभी क्लियर है तो आप आसानी से प्रश्न बना सकते हैं नीचे दिए गए बिंदुओं को ध्यान से पढ़े और उन्हें अमल में लाएं।

### गणित कैसे पढ़ें

- पढ़ने के लिए एकांत स्थान का चुनाव करें।
- पहले उदाहरण हल करें।
- उसके बाद शिक्षक द्वारा बताए गए प्रोसेस फॉलो करें।
- आसन प्रश्नों के साथ गणित का प्रैक्टिस करें।

### समझने का तरीका

- अंक गणित का फार्मूला याद करें।
- कैलकुलेशन पर मकड़ मजबूत करें।
- थ्योरी ध्यान से पढ़ें।
- जोड़, घटाव, गुणा, भाग, टेबल, एवं वर्ग, वर्गमूल पर अच्छी पकड़ बनाएं।
- शिक्षक के अनुसार प्रश्न हल करें।

# समय-सीमा बैठक कि में कलेक्टर ने दिए सीएम हेल्पलाइन एवं लंबित प्रकरणों के समयबद्ध निराकरण के निर्देश

## जन कल्याण शिविरों में अधिकारियों को सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर दिया जोर



**उमरिया, स्वतंत्रमत।** कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समय-सीमा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीएम हेल्पलाइन सहित विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की गई तथा अधिकारियों को शिकायतों एवं आवेदनों का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं संवेदनशीलता के साथ निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।बैठक में आयुक्त शहडोल संभाग कार्यालय से प्राप्त आवेदनों, जनसुनवाई, न्यायालयीन प्रकरणों, मानवाधिकार आयोग से संबंधित पत्रों तथा फैक्ट न्यूज प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की गई। कलेक्टर श्रीमती सहाय ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायतों के निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा। सभी विभाग निर्धारित समय-सीमा में प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करें।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुसार जिले में जन कल्याण शिविरों का आयोजन सुनियोजित एवं क्रमबद्ध तरीके से किया जा रहा है। इन शिविरों के माध्यम से शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाया जा रहा है। कलेक्टर ने समस्त जिला प्रमुख अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शिविर स्थलों पर स्वयं उपस्थित होकर आवेदकों से आवेदन प्राप्त करें तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि सभी विभाग अपने-अपने योजनाओं के स्टॉल शिविर स्थल पर स्थापित करें तथा आवश्यक कर्मचारियों की तैनाती कर पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण करें, ताकि आमजन को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की सेवाओं एवं योजनाओं का लाभ सहजता से उपलब्ध हो सके।बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अभय सिंह, अपर कलेक्टर श्री पी.के. सेनगुप्ता, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री आलोक कुमार शर्मा, एसडीएम बांधवगढ़ श्री अंबिकेश प्रताप सिंह, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती रीता डेहरिया, डिप्टी कलेक्टर कमलेश राम नीरज, डिप्टी कलेक्टर प्रत्युष श्रीवास्तव सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**कलेक्टर की अध्यक्षता छब्ल्क् समिति की बैठक संपन्न-** जिले में नशामुक्त वातावरण बनाने एवं बच्चों को नशीले पदार्थों के दुष्प्रभाव से बचाने के उद्देश्य से कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में एनकार्ड समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया तथा नशीले पदार्थों की रोकथाम एवं जागरूकता गतिविधियों की समीक्षा की गई।बैठक में कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि नवीन शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने से पूर्व सभी विद्यालयों के बाहर 100 मीटर की परिधि का चिन्हांकन कर आवश्यक बैरिकेडिंग सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने कहा कि यदि विद्यालयों के 100 मीटर दायरे के भीतर पान, गुटखा अथवा अन्य नशीले पदार्थों से संबंधित दुकानें या ठेले संचालित होते पाए जाते हैं तो उनके विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाए।कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि विद्यालयों में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों को नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्परिणामों की जानकारी दी जाए।

# सोमवती अमावस्या पर सुहागिन महिलाओं ने की आराधना

## पति की दीर्घायु के लिए पीपल वृक्ष की महिलाओं ने की 108 परिक्रमा

उमरिया स्वतंत्रमत

सनातन धर्म में अमावस्या की तिथि बेहद पुण्यदायी और महत्वपूर्ण मानी जाती है आज यानी 15 जून को सोमवती अमावस्या मनाई जा रही हैं यह अमावस्या अधिक मास में पड़ रही है इसलिए इसका महत्व और भी ज्यादा बढ़ जाता है साथ ही आज के दिन मलमास या पुरुषोत्तम मास का समापन हो रहा है। सोमवती अमावस्या के मौके पर भगवान शिव, माता पार्वती, भगवान विष्णु और पितरों की पूजा करने का विधान है।यदि इस दिन विधिपूर्वक पूजा किए जाएं तो घर में सुख-शांति और समृद्धि का वास होता है।उमरिया शहर सहित समूचे जिले में आज सोमवती अमावस्या पर श्रद्धा भक्ति के साथ सुहागिन महिलाओं ने निर्जला व्रत रखकर उपासना की। प्रात:काल से ही सुहागिन



महिलाओं ने पूजा की सामग्री से सजी थाली को लेकर पूजा स्थल पीपल के पेड़ की पूजा अर्चना करने पहुंची।

पीपल वृक्ष पर जल चढ़ाकर टीका चंदन लगाया। वहीं दीप प्रज्वलित कर पुष्प, श्रीफल, पकवान, मिष्ठान अर्पित किए। ज्ञात हो कि परिक्रमा करने के लिए महिलाए अलग अलग श्रंगार सामग्री सहित अन्य सामग्री अपने साथ लाई थी। वहीं सभी महिलाओं ने कतारवद्ध तरीके से पीपल वृक्ष पर साथ में लाई पूजा सामग्री को अर्पित कर 108 परिक्रमा की। पूजा अर्चना के दौरान सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की लम्बी आयु व परिवार में सुख समृद्धि की कामना की।

## बालाघाट के जिला परिवहन अधिकारी अनिमेष गढ़पाल का नरसिंहपुर स्थानांतरण देवेश बाथम ने संभाला पदभार

बालाघाट(स्वतंत्र मत)। परिवहन विभाग मध्यप्रदेश द्वारा जारी नवीन स्थानांतरण सूची के तहत बालाघाट के जिला परिवहन अधिकारी अनिमेष गढ़पाल का स्थानांतरण नरसिंहपुर कर दिया गया है। साथ ही उन्हें सिवनी जिले के जिला परिवहन अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है।स्थानांतरण आदेश के बाद अनिमेष गढ़पाल ने बालाघाट से कार्यमुक्त होकर नरसिंहपुर में पदभार ग्रहण करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। उनके कार्यकाल में जिले में सड़क सुरक्षा जागरूकता, परिवहन नियमों के पालन तथा विभागीय कार्यों के प्रभावी संचालन के लिए विभिन्न पहलें की गईं। वहीं सिवनी के जिला परिवहन अधिकारी देवेश बाथम का स्थानांतरण बालाघाट किया गया है।

श्री बाथम ने बालाघाट पहुंचकर जिला परिवहन अधिकारी का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। श्री देवेश बाथम के पदभार ग्रहण करने के साथ ही जिले के परिवहन विभाग की प्रशासनिक जिम्मेदारियां अब उनके नेतृत्व में संचालित होंगी। विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनका स्वागत करते हुए नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

# बाइक चोरी, सीसीटीवी में कैद हुआ शातिर चोर

## पुलिस की कार्यशैली पर उठे सवाल, नागरिकों में जान-माल की सुरक्षा को लेकर भय

**बालाघाट/कटंगी(स्वतंत्र मत)।** शहर में चोरों के हौसले बुलंद हैं। बीती रात वार्ड क्रमांक 05 में डाकघर के सामने रहने वाले व्यापारी शंकर नागवानी के घर के परिसर से दो शातिर चोरों ने बाइक चोरी की वारदात को अंजाम दिया। पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसमें दो अज्ञात युवक बाइक चोरी करते साफ नजर आ रहे हैं। घटना के बाद से नगर के नागरिकों में जान-माल की सुरक्षा को लेकर भय का माहौल है।

जानकारी के अनुसार, वार्ड क्रमांक 05 निवासी व्यापारी शंकर नागवानी का घर और दुकान एक ही परिसर में है। 13 जून की रात करीब 11 बजे वह सिनेमा चौक स्थित अपनी दुकान बंद कर घर पहुंचे। उन्होंने अपनी टीवीएस राइडर बाइक क्रमांक एमपी 22 जेडडी 5053, अनुमानित कीमत 70 हजार रुपए, घर के परिसर में खड़ी कर दी। 14 जून की सुबह जब वह उठे तो बाइक गायब मिली। परेशान होकर शंकर नागवानी ने घर में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले। फुटेज में रात करीब डेढ़ बजे दो युवक परिसर में घुसते



दिखे। करीब 02 मिनट के भीतर एक युवक ने बाइक लेकर फरार हो गया जबकि उसका साथी भी साथ में मौजूद रहा। शंकर नागवानी ने बताया कि उन्होंने कटंगी थाने पहुंचकर बाइक चोरी की रपट दर्ज करवाई है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चोरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 303 (2) की कार्रवाई की गई है। नगर में चोरी की यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी वार्डों में बाइक, गैस सिलेंडर चोरी की वारदातें हो चुकी हैं। कई मकानों और दुकानों को भी अज्ञात चोरों ने निशाना बनाया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कटंगी में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, लेकिन पुलिस की कार्रवाई संतोषजनक नहीं है।

**कटंगी में चोरी की घटनाएं आम...**नगर में चोरी की यह कोई पहली वारदात नहीं है। पिछले 6 महीनों में कटंगी शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बाइक चोरी, गैस सिलेंडर चोरी, सूने मकानों में चोरी और दुकानों के शटर तोड़कर चोरी की दर्जनों वारदातें हो चुकी हैं। नागरिकों का आरोप है कि कटंगी पुलिस औसतन 10 में से सिर्फ 1 चोरी का ही खुलासा कर पाती है। शेष 9 मामलों में पीड़ित थाने के चक्कर काटकर थक जाते हैं और अंतत: निराश होकर बैठ जाते हैं।

**अवैध ढाबों पर परोसी जा रही शराब...** नागरिकों ने यह भी आरोप लगाया है कि कटंगी शहर में मुंदीवाड़ा रोड़, पुराना पेट्रोल पंप चौक से लेकर खजरी भालवा नाला और बायपास पर जगह-जगह अवैध रूप से ढाबे संचालित हो रहे हैं। इन ढाबों पर शाम ढलते ही खुलेआम देसी और विदेशी शराब परोसी जाती है। देर रात तक असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है।

# माइंस नगरी उकवा के बेटे ने रचा इतिहास




**परसवाड़ा(स्वतंत्र मत)।** सपनों को साकार करने के लिए बड़े संसाधनों की नहीं, बल्कि बड़े हौसलों और अटूट मेहनत की जरूरत होती है। बालाघाट जिले की मैंगनीज नगरी उकवा के युवा नरेंद्र बघेल ने इस बात को सच साबित कर दिखाया है। मध्यप्रदेश सहायक प्राध्यापक भर्ती परीक्षा में भूगोल विषय से पूरे प्रदेश में चौथा स्थान प्राप्त कर उन्होंने न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे बालाघाट जिले को गौरवान्वित किया है।नरेंद्र बघेल की सफलता संघर्ष, समर्पण और आत्मविश्वास की प्रेरणादायक कहानी है। एक साधारण मध्यमवर्गीय परिवार में जन्मे नरेंद्र के पिता श्री श्रवण बघेल वर्षों से माइंस में कार्यरत हैं और सीमित आय में परिवार का पालन-पोषण करते रहे हैं। आर्थिक चुनौतियों के बीच भी परिवार ने शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी और नरेंद्र ने भी अपने सपनों को परिस्थितियों की भेंट नहीं चढ़ने दिया। बचपन से ही मेधावी नरेंद्र ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा स्थानीय शासकीय विद्यालयों से प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बालाघाट से उच्च शिक्षा हासिल की। अध्ययन के दौरान इतिहास और भूगोल विषयों के प्रति उनकी विशेष रुचि विकसित हुई, जिसने उन्हें अकादमिक क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर उकवा, बैहर और पूरे बालाघाट जिले में खुशी और गर्व का माहौल है। सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों तथा क्षेत्रवासियों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## अवैध रेत खनन पर कार्रवाई, दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियां जब्त

**बालाघाट(स्वतंत्र मत)।** जिले में अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत ग्राम चिचगांव में संयुक्त छापामार कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई तहसील बालाघाट, पुलिस थाना नवेगांव एवं जिला खनिज अमले की संयुक्त टीम द्वारा की गई। उप संचालक खनिज सुश्री फरहत जहां ने बताया कि कार्रवाई के दौरान ग्राम चिचगांव अंतर्गत वैनगंगा नदी में दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियां अवैध रूप से रेत भरते हुए पाई गईं। जांच दल को मौके पर आता देखकर चालक ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को छोड़कर फरार हो गए। मौके पर दोनों वाहन लावारिस अवस्था में मिले। जांच के दौरान संबंधित वाहनों के लिए खनिज रेत के खनन, परिवहन अथवा भंडारण संबंधी कोई वैध अनुमति अथवा आदेश प्रस्तुत नहीं किया जा सका। इसके चलते दोनों ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को विधि अनुसार अज्ञात प्रकरण के रूप में जब्त कर लिया गया।

## अंडरग्राउंड नाली में छिपे वन्यजीव को तेंदुआ समझ मचा हड़कंप, निकली जंगली बिल्ली



बालाघाट(स्वतंत्र मत)।

शहर से लगे आंवलाझरी पंचायत के कटिंगटोला क्षेत्र में सोमवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब एक अंडरग्राउंड नाली में वन्यजीव के छिपे होने की सूचना मिली। स्थानीय लोगों ने उसे तेंदुआ होने की आशंका जताई, जिसके बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही वन विभाग और पुलिस प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया। जानकारी के अनुसार, भरवेली के कटिंगटोला स्थित एक प्लाटिंग क्षेत्र में करीब 80 फीट लंबे अंडरग्राउंड नाली पाइप में वन्यजीव के छिपे होने की खबर फैली थी। तेंदुए की आशंका को देखते हुए वन विभाग ने तत्काल सुरक्षा व्यवस्था की और नाली के दोनों सिरों पर पिंजरे लगाए गए। आसपास के लोगों को सुरक्षित दूरी पर रखा गया तथा पूरे क्षेत्र की निगरानी की गई। वन विभाग की टीम ने कई घंटों तक सावधानीपूर्वक रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। इस दौरान अधिकारियों को वन्यजीव की गतिविधियों पर नजर रखते हुए उसके बाहर आने का इंतजार करना पड़ा। काफी मशक्कत के बाद जब वह जानवर नाली के किनारे दिखाई दिया, तब टॉर्च की रोशनी में उसकी पहचान की गई। जांच में पता चला कि वह तेंदुआ नहीं, बल्कि एक जंगली बिल्ली (वाइल्ड कैट) थी। वन विभाग की इस पुष्टि के बाद क्षेत्रवासियों ने राहत की सांस ली। तेंदुए की आशंका से सहमे लोगों के बीच यह मामला पूरे दिन चर्चा का विषय बना रहा। वन विभाग के अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि किसी भी वन्यजीव के दिखाई देने पर अफवाह फैलाने के बजाय तत्काल विभाग को सूचना दें, ताकि स्थिति का सही आकलन कर आवश्यक कार्रवाई की जा सके। इस संबंध में एसडीओ फॉरेस्ट विनीता फूलबेल ने बताया कि सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची थी। जांच और रेस्क्यू के दौरान स्पष्ट हुआ कि नाली में छिपा वन्यजीव तेंदुआ नहीं बल्कि जंगली बिल्ली थी, जिसे सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

## सरेखा ओवरब्रिज पर ट्रक की चपेट में आई कार, चालक बाल-बाल बचा

**बालाघाट(स्वतंत्र मत)।** जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत सरेखा रेलवे फाटक स्थित ओवरब्रिज के टर्निंग पाइंट पर सोमवार सुबह करीब 11:30 बजे एक सड़क हादसा हो गया। गोंदिया की ओर जा रहे एक ट्रक ने कार को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकि हादसे में कार चालक सुरक्षित बच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ट्रक क्रमांक आरजे 11 जीसी 4950 हरियाणा के मेवात क्षेत्र का है, जिसे लुकमान पिता ममु खान (21 वर्ष) चला रहा था। ट्रक दिल्ली से खाद्य सामग्री लेकर बालाघाट आया था और सामान खाली करने के बाद गोंदिया की ओर लौट रहा था। इसी दौरान आशीष उर्फ मोंटी, निवासी बैहर रोड वार्ड क्रमांक 3, अपनी कार क्रमांक एमपी 50 सीए 0128 से गोंदिया जा रहा था। बताया जाता है कि उसका परिवार गोंदिया में रहता है और वह उन्हें लेने जा रहा था। सरेखा रेलवे ओवरब्रिज के टर्निंग पाइंट पर गोंदिया की ओर मुड़ते



समय उसकी कार ट्रक की चपेट में आ गई। टक्कर के बाद ट्रक कार को कुछ दूरी तक घसीटता ले गया, जिससे कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद मौके पर लोगों और राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर थाने में खड़ा करवा दिया है तथा मामले में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। गनीमत रही कि दुर्घटना के दौरान कार चालक को कोई गंभीर चोट नहीं आई और वह सुरक्षित बच गया। हादसे के बाद कुछ समय के लिए ओवरब्रिज पर यातायात भी प्रभावित रहा।

# विकसित भारत एवं प्रबुद्ध जन सम्मेलन संपन्न

**उमरिया स्वतंत्र मत।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 साल बेमिसाल के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिला उमरिया के द्वारा स्थानीय सिंधी धर्मशाला में विकसित भारत एवं प्रबुद्ध जन सम्मेलन का आयोजन किया गया,जिसमे मोदी सरकार की उपलब्धियां जन कल्याणकारी योजना और विकसित भारत के संकल्प पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व जिला अध्यक्ष मिथलेश पयासी और अध्यक्षता भाजपा के जिला अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल ने की। इस दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा, मंडल अध्यक्ष नीतू सिंह, वरिष्ठ नेता धीरज सोनी, बुद्धिजीवी कृपाशंकर शुक्ला, श्रीमती सरोज दुबे, जमुना प्रसाद गुप्ता सहित अन्य अतिथि मंचासीन रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन भाजपा उपाध्यक्ष सुमित गौतम ने किया और आभार प्रदर्शन वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र तिवारी ने किया। सम्मेलन की शुरुआत में स्वागत भाषण देते हुए पूर्व जिला अध्यक्ष और कार्यक्रम के प्रभारी राकेश शर्मा ने सम्मेलन में सभी अतिथिगणों सहित व्यापारी बुद्धजीवी देवी समाजसेवी सही तमाम उपस्थित लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने पिछले 12 वर्षों में विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि यदि वर्ष 2014 से पहले और उसके बाद के भारत की स्थिति का आकलन किया जाए तो



विकास, आधारभूत संरचना, गरीब कल्याण और वैश्विक स्तर पर भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। भाजपा जिलाध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के सिद्धांत को व्यवहार में उतारते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से गरीबों, किसानों, महिलाओं और युवाओं को सशक्त बनाया गया है। डिजिटल इंडिया, स्किल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसी पहलें युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध करा रही हैं। जूनियर रेड क्रॉस सोसाइटी के प्रदेश अध्यक्ष मान सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 साल की गौरव गाथा के बीच जहां सामाजिक और राजनीतिक विकास हुआ है वही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों के विचारों में भी बदलाव लाया है और लोगों में एक नई भावना जगी है यही वजह है कि आज पश्चिम बंगाल जैसे राज्य में भाजपा की सरकार बनी है,यह बिल्कुल आसान नहीं बल्कि पीएम मोदी के द्वारा देश भर के लोगों के भीतर जगाई गई हिंदुत्व की भावना का नतीजा है। मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व जिलाध्यक्ष मिथलेश पयासी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण के कार्यों में कीर्मिमान स्थापित किए हैं। प्रधानमंत्री जी सबका साथ, सबका विकास के मूल मंत्र को धरातल पर उतार रहे हैं। देश का प्रत्येक नागरिक आत्मनिर्भर बनने के साथ भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए कृत संकल्पित है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत राष्ट्रीय सुरक्षा, विकास और वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में नए प्रतिमान स्थापित कर रहा है। आज का नया भारत अपनी संप्रभुता और राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रश्न पर किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करता।

सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर जैसी आतंकवाद के विरुद्ध की गई निर्णायक कार्रवाइयों ने पूरी दुनिया को यह स्पष्ट संदेश दिया है कि भारत अपने नागरिकों की सुरक्षा और राष्ट्र के सम्मान की रक्षा के लिए हर आवश्यक कदम उठाने में सक्षम है। यह नए भारत के आत्मविश्वास, संकल्प और सामर्थ्य का परिचायक है। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में भारत आधारभूत संरचना, तकनीकी नवाचार, डिजिटल सेवाओं, औद्योगिक विकास और जनकल्याण के क्षेत्र में लगातार नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है। श्री पयासी ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में भारत ने विकास, सुशासन और सांस्कृतिक पुनर्जागरण के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। एक समय देश राजनीतिकअस्थिरता, निर्णयहीनता और भ्रष्टाचार जैसी चुनौतियों से जूझ रहा था, लेकिन वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा प्रधान सेवक के रूप में दायित्व संभालने के बाद परिस्थितियों में तेजी से परिवर्तन आया है। आज भारत विश्व के सबसे प्रभावशाली देशों में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहा है।

## पेयजल संदूषण का खतरा

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** ग्राम पंचायत बड़ी खैरी के वार्ड क्रमांक 15 में सीवर लाइन से अपशिष्ट जल रिसाव और पेयजल पाइप लाइन के पास से गुजरने की शिकायत पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण में पाया गया कि नगर पालिका द्वारा निर्मित सीवर लाइन में जल ओवरफ्लो होने से अपशिष्ट जल नाली में बह रहा है। इसी नाली के ऊपर से बिछाई गई पेयजल पाइप लाइन के कुछ घरेलू नल कनेक्शन के जॉइंट पूरी तरह जलरोधी नहीं पाए गए। इससे सीवर युक्त दूषित जल के पेयजल में मिलने की आशंका जताई गई है। संभावित प्रदूषण को देखते हुए विभागीय अधिकारियों ने वार्ड 15 के चार परिवारों के घरों से पेयजल के नमूने एकत्र कर परीक्षण के लिए भेजे हैं।

## शिक्षा सत्र तैयारियों का निरीक्षण

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** आगामी शिक्षा सत्र 2026-27 की तैयारियों के तहत 13 जून को क्षेत्रीय संयोजक विष्णु सिंगौर द्वारा राजा शंकर शाह रघुनाथ शाह शासकीय बालक छात्रावास लिंगा पोंडी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान छात्रावास अधीक्षक अनुपस्थित पाए गए। निरीक्षण में छात्रों के आगमन से पूर्व खाद्यान्न एवं भोजन व्यवस्था के लिए आवश्यक सभी सामग्रियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही छात्रावास परिसर शौचालयों स्नान कक्षों तथा रसोई घर की समुचित साफ-सफाई कराने के लिए कहा गया। निरीक्षण के दौरान छात्रावास में अतिरिक्त रसोईघर एवं बाउंड्रीवाल की आवश्यकता भी महसूस की गई।

## पतंजलि योग समिति का प्रशिक्षण

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** आगामी 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के सफल आयोजन एवं जन-जागरूकता के उद्देश्य से पतंजलि योग समिति एवं भारत स्वाभिमान न्यास मंडला के संयुक्त तत्वावधान में जिलेभर में योगाभ्यास एवं पूर्व प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान के तहत प्रतिदिन प्रातःकाल लोगों को योग के प्रति जागरूक करने और नियमित योगाभ्यास की आदत विकसित करने के लिए विशेष कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। जिला मुख्यालय स्थित माहिष्मती घाट सहित जिले की विभिन्न ग्रामीण एवं जनपद इकाइयों में प्रतिदिन सुबह 6 बजे से 7 बजे तक योगाभ्यास कराया जा रहा है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिक युवा महिलाएं वरिष्ठजन तथा विद्यार्थी भाग लेकर योग के विभिन्न आसनों और प्राणायाम का अभ्यास कर रहे हैं। पंतजलि योग समिति के सुनील बाली ने बताया कि इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम स्वस्थ आयु के लिए योग रखी गई है जिसका उद्देश्य लोगों को स्वस्थ, संतुलित और तनावमुक्त जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है।

## रक्तदान से जीवनदान का चला अभियान

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर रविवार को जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान कर जरूरतमंद मरीजों का जीवन बचाने में सहयोग करने अपील की ब्लड बैंक अधिकारी एवं पैथोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. योगेश सिरश्याम ने बताया कि अस्पताल में दुर्घटना पीड़ितों प्रसूता महिलाओं गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों तथा बच्चों को समय-समय पर रक्त की आवश्यकता पड़ती है। ऐसे में स्वैच्छिक रक्तदान किसी जरूरतमंद के लिए जीवनदान साबित हो सकता है उन्होंने कहा कि रक्तदान को लेकर लोगों में कई प्रकार की भ्रांतियां हैं जबकि विशेषज्ञों के अनुसार रक्तदान से शरीर पर कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ता।

# कागजों पर दौड़ती रही चमचमाती सीसी सड़कें : जमीन पर सिर्फ गड्ढे और धूल, सरपंच-सचिव ने मिलकर किया लाखों का गबन

मण्डला(स्वतंत्रमत)

जनपद पंचायत मोहगांव के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत मलवाथर में विकास के नाम पर सरकारी धन की ऐसी निर्मम और निर्लज्ज लूट मची कि सुनने वालों के होश उड़ जाएं। जिस पैसे से ग्रामीणों के लिए पक्की सड़कें बनाई जानी थीं उस पैसे को तत्कालीन सरपंच और सचिव की भ्रष्ट जुगलबंदी ने फर्जी बिल-वाउचरों और जाली दस्तावेजों के सहारे अपनी जेबों में भर लिया। जिला स्तरीय उच्च स्तरीय जांच दल की भौतिक और अभिलेखीय जांच में यह रोंगटे खड़े कर देने वाला सच सामने आया है। जांच रिपोर्ट ने साफ कर दिया है कि कुल 18 लाख 46 हजार 610 रुपये की राशि का नियम-विरुद्ध आहरण कर सीधे-सीधे गबन किया गया है। अब इस महाघोटाले के दोषियों से पाई-पाई वसूलने की तैयारी शुरू हो चुकी है जिसके बाद पूरे प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया है। शासन की मंशानुसार ग्रामीणों को कीचड़ और बदहाली से मुक्ति दिलाने के लिए लाखों रुपये का बजट आवंटित किया गया था। लेकिन मलवाथर ग्राम पंचायत के तत्कालीन जिम्मेदार हुक्मरानों सरपंच राधेलाल मरावी व सचिव भुवन नंदा के मन में कुछ और ही खिचड़ी पक रही थी उन्होंने ग्राम सभा की बुनियादी संवैधानिक व्यवस्था को ठेंगा दिखाते हुए बिना किसी वैध प्रस्ताव और बिना सक्षम प्रशासनिक व तकनीकी स्वीकृति के




पंचायती राज के तमाम नियमों को पैरों तले रौंद डाला पांचवें वित्त आयोग और अन्य महत्वपूर्ण विकास मदों की राशियों को इस तरह निकाला गया जैसे यह जनता का पैसा न होकर उनकी निजी बपौती हो इस महाघोटाले की नींव वर्ष 2015 से 2018 के बीच रखी गई थी। ग्रामीणों को लगातार अहसास हो रहा था कि उनके हक के पैसे की चोरी हो रही है। जागरूक ग्रामवासियों ने जब इसके खिलाफ मोर्चा खोला और जिला स्तर पर शिकायत दर्ज कराई तब जाकर प्रशासन की कुंभकर्णी नींद टूटी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मण्डला के कार्यालयीन आदेश क्रमांक/शिकायत/जि.पं./287513 दिनांक 03.06.2025 के परिपालन में एक विशेष उच्च स्तरीय संयुक्त जांच दल का गठन किया गया। इस जांच दल में क्षेत्र के मजे हुए और वरिष्ठ अधिकारियों को शामिल किया गया था जिनमें उमेश्वर पोर्ते प्रभारी खंड पंचायत अधिकारी, जनपद पंचायत मोहगांव, श्रीमती राजकुमारी गुप्ता लेखाधिकारी, महात्मा गांधी नरेगा जिला पंचायत मण्डला और सुश्री गीता आर्मो कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग क्रमांक-01 मण्डला शामिल थे। इस दल ने 24 सितंबर 2025 और 6 अगस्त 2025 को स्वयं मौके पर जाकर ग्राम पंचायत भवन मलवाथर में उपस्थित होकर एक-एक शिकायत बिंदु की बारकी से भौतिक और अभिलेखीय जांच की। जब जांच दल ने फाइलों का मिलान



जमीनी हकीकत से किया तो अधिकारियों के पैरों तले से जमीन खिसक गई। फाइलों में जो सड़कें पूर्ण दिखाई गई थीं मौके पर उनका वजूद ही गायब था जांच दल ने अपनी विस्तृत 5 पन्नों की रिपोर्ट में पांच प्रमुख बिंदुओं का उल्लेख किया है जो भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा को दर्शाते हैं। इन सभी पांचों कार्यों में तत्कालीन सरपंच और सचिव ने फर्जीवाड़ा करने का एक ही तय पैटर्न अपनाया। बिंदु क्रमांक 01 ग्राम पंचायत भवन से तिलक दास के घर तक सी.सी. रोड इस कार्य के लिए वित्तीय वर्ष 2017-18 में कुल 6,20,000 रुपये स्वीकृत किए गए थे। भ्रष्ट तिकड़ी ने फर्जी बिल-वाउचर तैयार कर 5,34,350 रुपये की भारी-भरकम राशि निकाल ली। जब जांच दल मौके पर पहुंचा तो पाया कि केवल कुछ ही मीटर सड़क का निर्माण किया गया है जबकि बाकी का पूरा रास्ता आज भी कच्चा, धूलधूसरित और मिट्टी का है। बिंदु क्रमांक 02 बसंत के घर से राजेन्द्र मरावी के घर तक सी.सी. सड़क दिनांक 29/01/2017 को इस कार्य के लिए 3,56,500 रुपये स्वीकृत हुए थे। जांच में पाया गया कि आरोपियों ने इस स्थान पर कोई नई सड़क नहीं बनाई बल्कि वहां पहले से बनी 15 से 20 साल पुरानी उखड़ी और जर्जर सड़क को नया बताकर सरकार को धोखा दिया और 2,50,000 रुपये की राशि को डकार लिया। जालसाजी की हद तो तब हो गई जब इसी सड़क बसंत के घर से राजेन्द्र के घर तक के नाम पर दोबारा भ्रष्टाचार की पुनरावृत्ति की गई। उसी तारीख 29/01/2017 को 3,83,500 रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति की आड़ में 4,25,960 रुपये का आहरण कर लिया गया! यानी स्वीकृत राशि से भी अधिक पैसा निकाल लिया गया जबकि मौके पर पुरानी टूटी सड़क के ऊपर एक इंच भी नया काम नहीं हुआ था। इस कार्य की तकनीकी स्वीकृति और मूल्यांकन पुस्तिका फाइल भी गायब पाई गई। 18/08/2015 को इस कार्य के लिए 3,00,000 रुपये स्वीकृत किए गए थे। यहा भी पुराना और घिसा-पिटा पैंतरा अपनाया गया। पुरानी उखड़ी सड़क को ही नया निर्माण बताकर रोकड़ पंजी के माध्यम से 4,95,800 रुपये का नियम-विरुद्ध आहरण कर गबन किया गया। इसकी भी एमबी फाइल और तकनीकी स्वीकृति जानबूझकर गायब कर दी गई। वर्ष 2017-18 में स्वीकृत इस कार्य की कहानी सबसे ज्यादा चौंकाने वाली है। इसके लिए रोकड़ पंजी से 1,40,500 रुपये का आहरण फर्जी बिल क्रमांक 63 (वर्ष 2016-17) के माध्यम से कर लिया गया। जब जांच दल भौतिक सत्यापन के लिए घटना स्थल पर गया तो वहां कोई सड़क या भौतिक संरचना थी ही नहीं यानी बिना एक भी कंक्रीट डाले पूरी रकम साफ कर दी गई। जब चोर चोरी करता है तो वह अपने पैरों के निशान मिटाने की पूरी कोशिश करता है। मलवाथर के तत्कालीन सरपंच राधेलाल मरावी और तत्कालीन सचिव भुवन नंदा ने भी यही किया। जांच दल की रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से दर्ज है कि बिंदु क्रमांक 03 और 04 से संबंधित अत्यंत महत्वपूर्ण और अनिवार्य सरकारी दस्तावेज, जैसे कि तकनीकी स्वीकृति फाइलें और मेजरमेंट बुक मूल्यांकन पुस्तिका की मूल फाइलें जांच के दौरान जानबूझकर गायब रखी गईं।

# नर्मदा स्नान बना काल, युवक की डूबने से मौत

मण्डला(स्वतंत्रमत)

सोमवती अमावस्या के पावन अवसर पर नर्मदा स्नान के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच सोमवार को रपटा घाट एनीकट पर एक दर्दनाक हादसा हो गया। नर्मदा नदी के गहरे पानी में डूबने से 18 वर्षीय युवक की मौत हो गई जबकि उसके दो साथियों को स्थानीय लोगों और मछुआरों की तत्परता से सुरक्षित बचा लिया गया। घटना के बाद घाट पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल खड़े हो गए। जानकारी के अनुसार मृतक युवक की पहचान भरत पटेल 18 वर्ष निवासी बिंझिया के रूप में हुई है। सोमवती अमावस्या होने के कारण सुबह से ही रपटा घाट एनीकट पर हजारों श्रद्धालु नर्मदा स्नान और पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे हुए थे। इसी दौरान 4 से 5 युवकों का एक समूह भी नर्मदा स्नान करने घाट



पहुंचे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक स्नान के दौरान भरत पटेल और उसके दो साथी एनीकट के उस हिस्से में पहुंच गए जहां पानी अधिक गहरा था। बताया जा रहा है कि ढलान वाले क्षेत्र में पैर फिसलने से तीनों युवक अचानक गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। युवकों की चीख-पुकार सुनकर घाट पर मौजूद लोगों ने तत्काल बचाव कार्य शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद दो युवकों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया लेकिन भरत पटेल पानी में लापता हो गया। घटना के बाद उसके साथियों ने स्वयं भरत की तलाश शुरू की लेकिन सफलता नहीं मिलने पर पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस और स्थानीय प्रशासन मौके पर पहुंचा। इसके बाद स्थानीय मछुआरों की मदद ली गई जिन्होंने नदी में खोजबीन शुरू की। काफी प्रयासों के बाद भरत को पानी से बाहर निकाला गया। भरत के साथियों ने बताया कि जब उसे नदी से बाहर निकाला गया तब उसकी सांसें चल रही थीं। आनन-फानन में उसे जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में मातम छा गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। घटना के बाद घाट पर मौजूद लोगों में प्रशासन के प्रति नाराजगी देखने को मिली। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि सोमवती अमावस्या जैसे बड़े धार्मिक अवसर पर हर वर्ष भारी संख्या में श्रद्धालु नर्मदा स्नान के लिए पहुंचते हैं इसके बावजूद सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं किए गए थे। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तथा आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# नन्हे कलाकारों ने उकेरी सरकार की उपलब्धियां

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** उन्नत भारत के उत्कृष्ट 12 वर्ष विषय पर आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में नगर के नन्हे कलाकारों ने अपनी कल्पनाशीलता और रचनात्मकता का अद्भुत प्रदर्शन करते हुए देश के विकास और प्रधानमंत्री के नेतृत्व में संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को रंगों के माध्यम से जीवंत कर दिया। बच्चों ने अपने नन्हे हाथों से बनाए पोस्टरों में स्वच्छ भारत अभियान किसान सम्मान निधि ऑपरेशन सिंदूर चंद्रयान मिशन मेट्रो ट्रेन यूपीआई डिजिटल भुगतान प्रणाली, अयोध्या राम मंदिर सहित अनेक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय उपलब्धियों और योजनाओं को आकर्षक रूप में प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में शामिल बच्चों ने केवल चित्र ही नहीं बनाए बल्कि रंगों के माध्यम से देश के विकास आत्मनिर्भरता और सांस्कृतिक गौरव के प्रति अपनी भावनाओं को भी अभिव्यक्त किया। विभिन्न आयु वर्ग के बच्चों द्वारा तैयार किए गए पोस्टरों में भारत की वैज्ञानिक प्रगति, डिजिटल क्रांति, किसानों के सशक्तिकरण और स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता को प्रमुखता से दर्शाया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत एक विशाल बैनर भी तैयार किया गया जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संचालित विभिन्न योजनाओं एवं उपलब्धियों का समग्र



चित्रण किया गया था। इस विशेष बैनर को सोमवार को महिष्मति घाट मंडला में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा को सौंपा गया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने बच्चों की प्रतिभा और देशभक्ति की भावना की सराहना की। कार्यक्रम में प्रकृति प्रेमी राजेश क्षत्री एवं मंडला के प्रसिद्ध चित्रकार अशोक सोनवानी द्वारा पोस्टरों का अवलोकन एवं मूल्यांकन किया गया। उनके निरीक्षण के पश्चात प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने के लिए पुरस्कारों की घोषणा की गई। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को 1001 रुपये, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को 501 रुपये तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को 251 रुपये का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

## पढ़ाई बाधित होने का खतरा

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** 16 जून से प्रदेश भर में विद्यालयों में बच्चों की नियमित कक्षाएं प्रारंभ हो रही हैं लेकिन जिले में अब तक अतिथि शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया शुरू नहीं हुई है। इससे सत्र की शुरुआत से ही विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित होने का खतरा उत्पन्न हो गया है। बच्चों के हित में इसी तारीख से पर्याप्त शिक्षकों की व्यवस्था अत्यावश्यक है पालक-अभिभावकों की ओर से सामाजिक कार्यकर्ता पीडी खैरवार ने मुख्यमंत्री लोक शिक्षण संचालनालय कलेक्टर सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग एवं जिला शिक्षा अधिकारी से 16 जून से पूर्व भर्ती पूर्ण करने मांग की है गौरतलब है कि ग्रीष्मावकाश के बाद विद्यालय 8 जून से खुल चुके हैं। अप्रैल माह में परीक्षा परिणाम के पूर्व भी पूरे माह कक्षाएं लगाई गई थीं पर बिना परीक्षा परिणाम के किस कक्षा का कोर्स पढ़ाया गया यह स्पष्ट नहीं है। हर सत्र की तरह अप्रैल के अंत में अतिथि शिक्षकों की सेवाएं समाप्त कर दी गई और मई बीत जाने के बाद भी जून में अब तक उन्हें बुलावा नहीं आया है। इससे अतिथि शिक्षकों में शासन की नीतियों के प्रति रोष व्याप्त है। यदि भर्ती प्रक्रिया 1 जुलाई या उसके बाद होती है तो 16 जून से शुरू होने वाली पढ़ाई का प्रथम पखवाड़ा पूरी तरह प्रभावित होगा।

# कन्या कौशल शिविर का हुआ समापन

मण्डला(स्वतंत्रमत)

सेवा भारती कन्या छात्रावास में आयोजित पांच दिवसीय कन्या कौशल शिविर का समापन किया गया। समापन दिवस का शुभारंभ प्रात: 5 बजे जागरण एवं एक कुंडीय गायत्री यज्ञ से हुआ जिसमें सभी देवकन्याओं एवं ब्रह्मवादिनी बहनों ने विश्व कल्याण हेतु आहुतियां अर्पित कीं। समारोह में जिला समन्वयक जयंत वर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही। बाल किशोर न्यायालय की काउंसलर एवं गायत्री परिवार की संरक्षिका डॉ. सरिता अग्निहोत्री ने मंचासीन ब्रह्मवादिनी बहनों को चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया तथा कन्याओं को प्रेरणादायी मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम का प्रभावी एवं गरिमामय संचालन उप जोन सदस्य एचके दुबे द्वारा किया गया। अभिभावकों की उपस्थिति में शिविरार्थी कन्याओं ने आकर्षक योग



मुद्राओं का प्रदर्शन किया। समाज जागरण के उद्देश्य से पुंसवन संस्कार विषय पर प्रभावी लघु नाटिका प्रस्तुत की गई। देवकन्या कु. हेमवती मरकाम द्वारा प्रस्तुत प्रज्ञा गीत ने वातावरण को भावविभोर कर दिया। पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ बसंत रजक एवं श्रीमती सुनीता रजक द्वारा तरु पूजन किया गया तथा श्रीमती अनिता राउत ने पौधारोपण किया। शिविर की स्थायी स्मृति स्वरूप पुस्तकालय की स्थापना जयंत वर्मा जिला समन्वयक सुरेंद्र हूंका वरिष्ठ परिजन, विनोद अग्रवाल अध्यक्ष सेवाभारती की विशेष उपस्थिति में की गई जिसमें छिंदवाड़ा की बहनों के सहयोग से परम पूज्य पं. श्रीराम शर्मा आचार्य जी का युग साहित्य स्थापित किया गया। शुभम हूंका ने सर्वप्रथम सद्साहित्य हेतु अपना अंशदान प्रदान किया। अभिभावकों की ओर से जोहन सिंह मरकाम ने अपने विचार व्यक्त करते हुए शिविर की भूरि-भूरि प्रशंसा की तथा जीवन में संस्कारों के महत्व को रेखांकित किया।

## ट्रक में घुसी कार, दो युवकों की मौत

मण्डला/बिछिया(स्वतंत्रमत)

जिले के बिछिया थाना क्षेत्र में रविवार देर रात एक भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा नेशनल हाईवे पर बिछिया के पड़रिया गांव स्थित गणेश पेट्रोल पंप के पास हुआ। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक ट्रक तकनीकी खराबी के कारण सड़क किनारे खड़ा था। इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रही टाटा टियागो कार अनियंत्रित होकर ट्रक के पीछे जा भिड़ी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और वाहन कई बार पलटते हुए सड़क किनारे खेत में जा गिरा। हादसे की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि कार में सवार सभी युवक वाहन के अंदर बुरी तरह फंस गए थे। घटना की सूचना मिलते ही बिछिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय ग्रामीणों और पुलिस की मदद से काफी मशक्कत के बाद कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला गया। इसके बाद सभी घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिछिया पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने दो युवकों को मृत घोषित कर दिया जबकि दो अन्य घायलों का उपचार जारी है। पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान बिछिया निवासी चंद्रप्रकाश मरावी 30 वर्ष एवं निखिल 24 वर्ष पिता द्वारका के रूप में हुई है। वहीं हादसे में बालकिशन मरावी और भानू प्रताप गंभीर रूप से घायल हुए हैं जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है।

# केरेगांव उपार्जन केन्द्र में रूपये की चमक को देखकर खरीदा गया गेहूं

## खराब गुणवत्ताहीन गेहूं का परिवहन न होने से कृषकों की उड़ी नींद

नैनपुर (स्वतंत्र मत)

केन्द्र सरकार की योजना के तहत मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार प्रदेश के अन्न दाता किसानों को लाभ पहुंचाने की नियत से समर्थन मूल्य खरीदी केंद्रो का पंजीयन कर किसानों से निर्धारित दर पर गुणवत्ता युक्त गेहूं खरीदी का कार्य प्रारंभ किया गया है। तदानुसार इस वर्ष 2026 में पंजीकृत केन्द्रो के माध्यम से समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी का कार्य प्रारंभ करते ही गुणवत्ता चमक उक्त गेहूं खरीदी का कार्य प्रारंभ किया गया। हल्की वर्षा के कारण चमक हीन गेहूं को अधिकारियो द्वारा रिएक्टर किया जाता रहा किसानों द्वारा ज्ञापन व आन्दोलन करने की चेतावनी दी गई तब जाकर कृषकों का गेहूं खरीदना प्रारंभ हुआ। जिसका लाभ केरेगांव खरीदी केंद्र में मलारा सहकारी समिति ने भरपूर उठाया और आसपास के व्यापारियों व दूरदराज के कृषकों का खराब गुणवत्ता हीन गेहूं 100 से 200 रूपये लेकर खरीद लिया। उस गेहूं को वेयरहाउस में गोदाम प्रभारी द्वारा रिएक्टर कर दिया गया है जो अब नैनपुर वेयरहाउस , हीरापुर ओपन केम्प एंव घुघरी में ट्रक खड़े हुए जिसे गोदाम प्रभारी भंडार गृह में नहीं रख रहे हैं। इसके



अलावा खरीदी केंद्र केरेगांव में हजारों कुंटल गेहूं सड चुका है खराब हो चुका है जो अब अंकुरित हो गया है गंध मारने लगा है।

### गेहूं के साथ घुन पिस रहा

कहावत है गेहूं के साथ घुन पिस्ता है यही केरेगांव खरीदी केंद्र में हो रहा है। सूत्रों का कहना है कि कुछ व्यापारियों ने कृषकों के नाम अब अपना पुराना गुणवत्ता हीन गेहूं लाकर बेच दिया जो अब भंडार गृह में जमा नहीं हो रहा है । जब तक गेहूं गोदाम में भंडारन नहीं होगा तब तक कृषकों को भुगतान नहीं होगा।

## आशा शुक्ला का निधन

**नैनपुर( स्वतंत्र मत)।** नैनपुर निवासी पूर्व मनोनीत पार्षद और अखिलेश विकास शुक्ला की माता श्रीमती आशा शुक्ला का एक लंबी बीमारी के



चलते कल निधन हो गया। उनके वार्ड 14 स्थित निवास से निकली अनतीं यात्रा में सभी वर्ग के लोगो ने शामिल होकर अपनी संवेदनाएं प्रगट की । मुक्ति धाम में मुखाग्नि के साथ मौन श्रद्धांजलि देकर उन्हें अंतिम विदाई दी गई।

संपादकीय

## ईरान : क्या खोया, क्या पाया

अमेरिका और ईरान के बीच 107 दिनों तक चली भीषण जंग के बाद आखिरकार शांति समझौते पर अंतिम सहमति बन गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूएस-ईरान शांति समझौते का ऐलान करते हुए सोशल मीडिया पर लिखा, इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान के साथ डील अब पूरी हो गई है। सभी को बधाई! मैं इसके जरिए स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को बिना किसी रोक-टोक के खोलने और साथ ही, अमेरिकी नौसेना की नाकेबंदी को तुरंत हटाने की मंजूरी देता हूं। उन्होंने होर्मुज के रास्ते तेल सप्लाई लेने वाले देशों से कहा कि दुनिया भर के जहाजों, अपने इंजन चालू करो, तेल की सप्लाई शुरू होने दो! ईरान के उप विदेश मंत्री काजेम गरीबाबादी ने भी इसकी पुष्टि की है कि अमेरिका के साथ यह डील अब पूरी तरह अंतिम रूप ले चुकी है। आगामी शुक्रवार को स्विट्जरलैंड में इस पर दोनों देशों के बीच आधिकारिक हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। 28 फरवरी से शुरू हुई इस जंग में ईरान को सैन्य, आर्थिक और रणनीतिक मोर्चे पर भारी कीमत चुकानी पड़ी। कई बड़े सैन्य ठिकाने तबाह हुए, शीर्ष नेतृत्व को नुकसान हुआ और देश की अर्थव्यवस्था पर भी दबाव बढ़ा। इसके बावजूद अमेरिका के साथ बनी नई सहमति में ईरान को कुछ ऐसी बातें मिली हैं, जिन्हें वह अपनी बड़ी कूटनीतिक जीत के तौर पर देख रहा है।

इस संघर्ष के शुरुआती दिनों में ही ईरान को सबसे बड़ा रणनीतिक झटका लगा था। अमेरिकी और इजरायली हमलों में उसके सर्वोच्च नेता खामेनेई सहित कई टॉप सैन्य कमांडरों की जान चली गई, साथ ही देश के कई महत्वपूर्ण परमाणु केंद्रों को भी भारी नुकसान पहुंचा। हालांकि इस युद्ध में अमेरिका को भी अरबों डॉलर के हथियारों की तबाही और भारी आर्थिक मंदी का सामना करना पड़ा। ईरान ने स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज की नाकेबंदी कर दी थी, जिससे पूरी दुनिया में तेल की सप्लाई रुक गई और वैश्विक बाजार में महंगाई का दबाव बेहद बढ़ गया। इतनी भारी तबाही और अपने शीर्ष नेताओं को खोने के बाद भी ईरान कूटनीतिक मोर्चे पर बातचीत के जरिए अमेरिका से कुछ बड़ी राहतें पाने में सफल रहा। जैसे कि मुख्य बातचीत शुरू होने से ठीक पहले अमेरिका ईरान के जब्त किए गए 24 अरब डॉलर के फंड का आधा हिस्सा तुरंत रिलीज कर देगा। अमेरिकी नौसेना अगले 30 दिनों के भीतर ईरान के समुद्री रास्तों से अपना ब्लॉकेड पूरी तरह हटा लेगी और ईरानी तेल और पेट्रोकेमिकल प्रोडक्ट्स की बिक्री पर लगी तमाम अंतरराष्ट्रीय पाबंदियां जल्द ही सस्पेंड कर दी जाएंगी। ईरान के लिए बड़ी राहत की बात यह भी है कि उसको दोबारा अपने पैरों पर खड़ा करने यानी देश के पुनर्निर्माण के लिए अमेरिका और उसके सहयोगी देश कम से कम 300 अरब डॉलर का फंड मुहैया कराएंगे। वहीं, पूरी दुनिया के व्यापार के लिए सबसे जरूरी हॉर्मुज को फिर से ईरानी सुरक्षा नियंत्रण के तहत ही खोला जाएगा। अमेरिका ने लिखित प्रतिबद्धता जताई है कि वह इस क्षेत्र में अपनी सैन्य मौजूदगी को अब और नहीं बढ़ाएगा, साथ ही ईरान पर कोई नया प्रतिबंध भी नहीं थोपेगा। अमेरिकी सरकार ने यह पूरी गारंटी दी है कि वह भविष्य में ईरान के अंदरूनी और राजनैतिक मामलों में किसी भी तरह का हस्तक्षेप नहीं करेगी। ईरानी सरकारी मीडिया ने अमेरिका और ईरान के बीच हुए इस समझौते के 14 बिंदुओं वाले एक समझौता ज्ञापन के मसौदे का ब्योरा प्रकाशित करने का दावा किया है। हालांकि, इन बिंदुओं की आधिकारिक पुष्टि अभी तक किसी भी देश ने नहीं की है, बहरहाल, इस फैसले से वैश्विक तेल व्यापार और समुद्री जहाजों की आवाजाही को बहुत बड़ी राहत मिलेगी। पूरी दुनिया की नजरें अब शुक्रवार को स्विट्जरलैंड में होने वाले इस ऐतिहासिक हस्ताक्षर समारोह पर टिकी हैं।

## यह लड़ाई वस्त्रों की नहीं, स्वतंत्रता की है

# हक के लिए लड़ती महिलाओं को सलाम

**अफगानिस्तान के हेरात में महिलाओं पर हुई गोलीबारी महज एक स्थानीय घटना नहीं मानी जा सकती। यह उस वैश्विक संघर्ष का हिस्सा है, जिसमें महिलाएं अपने जीवन, अपने शरीर और अपने भविष्य पर स्वयं निर्णय लेने के अधिकार के लिए लड़ रही हैं। यह लड़ाई वस्त्रों की नहीं, स्वतंत्रता की है।**




तस्लीमा नसरीन

अफगानिस्तान के हेरात में हिजाब संबंधी नियमों के उल्लंघन के आरोप में महिलाओं की गिरफ्तारी के विरोध में हुए प्रदर्शन पर गोलीबारी कर दो लोगों की हत्या किए जाने की खबर ने दुनिया को एक बार फिर याद दिलाया है कि महिलाओं की स्वतंत्रता का मुद्दा आज भी कई देशों में जीवन और मृत्यु का मुद्दा बना हुआ है। प्रदर्शनकारियों के नारे थे, 'शिक्षा, काम, स्वतंत्रता।' ये तीनों मांगें ऐसे मूलभूत मानवाधिकार हैं, जिन्हें दुनिया के अधिकांश लोग स्वाभाविक मानते हैं। लेकिन, अफगानिस्तान की अनेक महिलाओं को इन्हीं अधिकारों के लिए सड़कों पर उतरकर अपनी जान तक देनी पड़ रही है।

यह दृश्य नया नहीं है। कुछ वर्ष पहले ईरान में महसा अमीनी की मृत्यु के बाद लाखों महिलाएं सड़कों पर उतर आई थीं। उन पर आरोप था कि उन्होंने अनिवार्य हिजाब 'ठीक तरह से नहीं पहना' था। उनकी मृत्यु ने पूरे देश में 'महिला, जीवन और स्वतंत्रता' से जुड़े ऐतिहासिक आंदोलन को जन्म दिया। उस आंदोलन को दबाने के प्रयास में सैकड़ों लोग मारे गए। अफगानिस्तान व ईरान की राजनीतिक व्यवस्थाएं एक जैसी नहीं हैं। पर, दोनों मामलों में एक समानता स्पष्ट दिखाई देती है-महिलाओं के पहनावे को राज्य के नियंत्रण का विषय बना दिया गया है। जब राज्य किसी वयस्क महिला को यह बताने लगे कि उसे क्या पहनना चाहिए, तब आमतौर पर शिक्षा, रोजगार, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और नागरिक अधिकार भी धीरे-धीरे सीमित होने लगते हैं।

अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता में लौटने के बाद लड़कियों की माध्यमिक और उच्च शिक्षा लगभग पूरी तरह बंद कर दी गई है। अनेक कार्यक्षेत्रों में महिलाओं के काम करने पर प्रतिबंध लगाया गया है और सार्वजनिक जीवन में उनकी उपस्थिति सीमित कर दी गई है। संयुक्त राष्ट्र, मानवाधिकार संगठनों और अंतरराष्ट्रीय न्यायालयों ने बार-बार इन नीतियों की आलोचना की है। लेकिन, इस कहानी का एक दूसरा पक्ष भी है। वह है महिलाओं का प्रतिरोध। ईरान की तरह अफगानिस्तान की सड़कों पर और दुनिया के विभिन्न हिस्सों में मुस्लिम महिलाओं का एक वर्ग यह कह रहा है कि हम अपने जीवन के बारे में निर्णय स्वयं लेंगे। हम शिक्षा, आत्मनिर्भरता और स्वतंत्रता चाहते हैं। उन्होंने यह दिखा दिया है कि महिलाओं का अपना संघर्ष ही दरअसल बदलाव की सबसे शक्तिशाली प्रेरक शक्ति है।

मेरी सोच यह है कि स्त्री-विरोध, भेदभाव और हिंसा के विरुद्ध मुस्लिम महिलाओं को ही सबसे सशक्त आवाज बनकर उभरना होगा। कोई भी पहनावा यदि स्वेच्छा से पहना जाए, तो वह अलग बात है। पर, यदि राज्य, परिवार, समाज या धार्मिक पुलिस उसे जबरन थोपे, तो फिर वह व्यक्तिगत पसंद नहीं रह जाती, इसके बजाय वह स्वतंत्रता का प्रश्न बन जाती है।

इतिहास में हर बड़ा सामाजिक परिवर्तन कुछ साहसी लोगों के विरोध से शुरू हुआ है। आज अफगानिस्तान की वे महिलाएं, जो गोलियों के सामने भी 'शिक्षा, काम, स्वतंत्रता' का नारा लगा रही हैं, वे केवल अपने लिए नहीं, बल्कि दुनियाभर की महिलाओं की स्वतंत्रता के इतिहास में एक नया अध्याय लिख रही हैं। मेरा प्रश्न यह है कि क्या कोई स्त्री हिजाब, नकाब या बुर्का स्वेच्छा से पहनती है? मैं उस संस्कृति के विरुद्ध हूं, जो महिलाओं के पहनावे को धार्मिक कर्तव्य बना देती है और अपराधबोध या भय के जरिये उन्हें नियंत्रित करती है। वास्तविक स्वतंत्रता तो तभी आएगी, जब कोई महिला बिना किसी धार्मिक, सामाजिक या सरकारी दबाव के अपने वस्त्र स्वयं चुन सकेगी।

यदि इस तरह का माहौल बनता है, तो स्वतंत्र और दबाव-मुक्त परिस्थितियों में हिजाब, बुर्का या नकाब पहनने वाली मुट्ठीभर महिलाएं ही होंगी। कोई महिला यदि फैशन, मौसम या व्यक्तिगत पसंद के कारण अपने बाल ढकना चाहे, तो यह उसका अधिकार है, लेकिन बाल ढकने को नैतिक या धार्मिक अनिवार्यता के रूप में थोपे जाने का मैं घोर विरोध करती हूं। मेरे विचार में हिजाब, बुर्का और नकाब के पीछे तर्क नहीं, बल्कि पितृसत्तात्मक षड्यंत्र और गहरा स्त्री-विरोध मौजूद है। अपने जीवन को जोखिम में डालकर सड़कों पर उतर आना कोई सहज काम नहीं है। ईरान की लड़कियां जानती थीं कि विरोध की कीमत भयानक हो सकती है। वे जानती थीं कि गिरफ्तारी, यातना और यहां तक कि मौत की सजा भी उन्हें मिल सकती है। फिर भी, उन्होंने विद्रोह किया। सड़कों पर हिजाब जलाकर उन्होंने यह घोषणा की कि अब वे भय को स्वीकार नहीं करेंगी। अफगानिस्तान की महिलाओं की स्थिति तो और भी कठोर है। वर्षों से उन्हें शिक्षा, आत्मनिर्भरता और स्वतंत्रता से वंचित रखा गया है। फिर भी आज वे भी सड़कों पर उतर आई हैं। वे जानती हैं कि यह रास्ता चुनना महंगा पड़ सकता है। अफगानिस्तान जैसे गहरे स्त्री-विरोधी और दमनकारी वातावरण में किसी महिला का विरोध केवल एक महिला का विरोध नहीं होता, बल्कि वह लाखों महिलाओं की आवाज बन जाता है। ये स्त्रियां दुनिया को संदेश देना चाहती हैं कि वे अब उत्पीड़न, भेदभाव और अपमान का जीवन स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं। वे शिक्षा, काम, स्वतंत्रता और इन्सान की तरह जीने का अधिकार चाहती हैं। अफगानिस्तान और ईरान की सड़कों पर खड़ी होकर अपने अधिकारों की मांग करने वाली महिलाएं आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक स्वतंत्र और समान अधिकारों वाले समाज का सपना गढ़ रही हैं। शिक्षा, काम और स्वतंत्रता की मांग के लिए जिन्होंने अपने जीवन को जोखिम में डालकर सड़कों पर उतरने का साहस दिखाया है, उनके प्रति मेरा गहरा सम्मान है। जिस देश में महिलाओं की आवाज दबाने का प्रयास किया जाता है, वहां विरोध करना असाधारण साहस का परिचायक है।

किसी भी राज्य, सरकार या धार्मिक प्राधिकरण को यह अधिकार नहीं है कि वह लोगों के मूलभूत अधिकारों की मांग का उत्तर गोलियों से दे। शिक्षा, काम और स्वतंत्रता मांगना अपराध नहीं है; बल्कि उस मांग को कुचलने के लिए क्रूरता और बर्बरता का सहारा लेना अपराध है। अफगानिस्तान की सड़कों पर खड़े होकर आज जो लोग 'शिक्षा, काम, स्वतंत्रता' का नारा लगा रहे हैं, वे केवल अपने अधिकारों के लिए नहीं लड़ रहे हैं। वे उन वंचित, अपमानित, उपेक्षित और तिरस्कृत महिलाओं की ओर से भी बोल रहे हैं, जो इन्सानी अधिकारों से वंचित हैं। स्वतंत्रता का संघर्ष लंबा हो सकता है, पर इतिहास इस बात का साक्षी है कि मनुष्य की मुक्ति की आकांक्षा को हमेशा के लिए दबाया नहीं जा सकता। आज अफगानिस्तान की महिलाओं का संघर्ष किसी ड्रेस कोड के विरुद्ध नहीं है, बल्कि महिलाओं पर धार्मिक और राजनीतिक प्रभुत्व के विरुद्ध है। उनका संघर्ष मूलतः इन्सान की तरह जीने का संघर्ष है।

# अभेद्य बनती सैन्य शक्ति



आदित्य नारायण चौपड़ा

लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

21वीं सदी में युद्ध का स्वरूप पारम्परिक क्षेत्र यानि भूमि, समुद्र और वायु से आगे तक फैला हुआ है। अब युद्ध केवल टैंक और बंदूकों तक सीमित नहीं है। युद्ध के बदलते स्वरूप को देखते हुए भारत अपने रक्षा क्षेत्र को बदल रहा है। भारत अब केवल प्रतिक्रिया व्यक्त करने वाला देश नहीं, बल्कि उभरती हुई प्रौद्योगिकी का उपयोग करके अपनी सामरिक स्वायत्तता बनाए रखने और किसी भी बहुसामरिक खतरे को रोकने के लिए पूरी तरह से तैयार है। युद्ध के खतरे जमीन, आकाश, समुद्र, अंतरिक्ष और साइबर स्पेस हर दिशा में एक साथ सामने आ रहे हैं। भारत अपनी वायु रक्षा नीति तथा युद्ध सिद्धांत को नई सोच के साथ परिभाषित कर रहा है। आज के दौर में भविष्य का युद्ध केवल मिसाइलों या लड़ाकू विमानों पर निर्भर नहीं होगा। जो अधिक तेज और तकनीकी रूप से सक्षम होगा, वही विजेता होगा। भारत की बढ़ती ताकत अब पूरी दुनिया में महसूस की जा रही है। भारत अपनी रक्षा क्षमता, आधुनिक सैन्य तकनीक और बढ़ते रक्षा बजट के चलते वैश्विक मंच पर बहुत अधिक मजबूत स्थिति में पहुंच गया है।

पिछले कुछ वर्षों में भारत ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति की है। स्वदेशी हथियारों, अत्याधुनिक मिसाइल प्रणालियों, आधुनिक युद्धक विमानों, नौसेना की बढ़ती शक्ति और तकनीकी नवाचारों ने भारतीय सेनाओं को नई ताकत प्रदान की है। आज भारत केवल अपनी सीमाओं की रक्षा करने में सक्षम नहीं है, बल्कि वैश्विक सुरक्षा और रणनीतिक संतुलन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। यह उपलब्धि सिर्फ बढ़ते बजट की कहानी नहीं है, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों के आत्मविश्वास, वैज्ञानिकों की मेहनत, सैनिकों के साहस और राष्ट्र की सामूहिक प्रगति का प्रतीक है। एक मजबूत, सुरक्षित और आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़ता हर कदम देश के उज्ज्वल भविष्य की नींव को और मजबूत कर रहा है। मिसाइल रक्षा प्रणाली के अलावा डीआरडीओ ने पहली बार नेवल एंटी-शिप मिसाइल-मीडियम रेंज का भी सफल उड़ान परीक्षण किया। यह मिसाइल भारतीय सशस्त्र बलों, विशेषकर नौसेना की समुद्री मारक क्षमता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। आधुनिक युद्ध में समुद्री सुरक्षा का महत्व लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में यह मिसाइल दुश्मन के युद्धपोतों और समुद्री लक्ष्यों को प्रभावी ढंग से निशाना बनाने में मदद करेगी। इससे हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की रणनीतिक स्थिति और मजबूत होगी।


रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने बहुस्तरीय बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस प्रणाली और नई नौसैनिक एंटिशिप मिसाइल का सफल परीक्षण कर देश की रणनीतिक ताकत का प्रदर्शन किया है। इन सफल परीक्षणों को स्वदेशी रक्षा तकनीक क्षेत्र में एक बहुत बड़ी उपलब्धि माना गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह रक्षा उत्पादन में भारत को आत्मनिर्भर बनाने की योजना पर तेजी से काम कर रहे हैं। हाल ही में उन्होंने कहा कि भारतीय सेना देश की सुरक्षा की ढाल और तलवार दोनों रही है। इसलिए भारतीय सेना को नई तकनीक अपनाने और रणनीतियों में बदलाव की जरूरत है।

हाल ही में स्वीडन के एक अन्तर्राष्ट्रीय स्वतंत्र थिंक टैंक सिपरी की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत ने पहली बार इस साल की शुरूआत में 12 परमाणु हथियारों को मोर्चे पर तैनात किया है। रिपोर्ट के अनुसार इन परमाणु हथियारों को दो परमाणु पनडुब्बियों में तैनात किया है, जो पूरी तैयारी के साथ पैट्रोलिंग करती हैं।

भारत शांतिकाल में भी भविष्य के संघर्ष की तैयारी कर रहा है। यद्यपि रक्षा मंत्रालय की तरफ से इस रिपोर्ट पर कोई प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की गई, क्योंकि सैन्य तैयारियों की चर्चा सार्वजनिक बहस का विषय नहीं होती। भारत का सिद्धांत है कि वह किसी देश पर पहले हमला नहीं करेगा लेकिन भारत को इस बात का अधिकार है कि वह सम्भावित खतरों को देखते हुए अपनी तैयारी करे। चीन, पाकिस्तान और अन्य सभी बड़े देश अपने हथियारों को अपग्रेड करना जारी रखे हुए हैं।

भारत भी अब लम्बी दूरी के हथियार विकसित करने पर केन्द्रित है, जो चीन को निशाना बनाने में सक्षम हो। रूस-यूक्रेन युद्ध और अमेरिका-इजराइल-ईरान युद्ध से भारत ने बहुत सबक सीखा है। पिछले साल भारत ने सेना पर 92.1 अरब डॉलर खर्चे, जिससे वह सबसे अधिक रक्षा हथियार खरीद रहा है लेकिन रक्षा उत्पादन में वह आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए लगातार आगे कदम बढ़ाता जा रहा है। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में भारत का सफर एक महत्वपूर्ण मोड़ पर पहुंच गया है। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता ने उत्पादन संख्या में वृद्धि की है, आपूर्तिकर्ता आधार में विविधता लाई है और रक्षा उत्पादन को लेकर राजनीतिक चर्चा और जन जागरूकता में बदलाव लाया है। ये महत्वपूर्ण उपलब्धियां हैं। हालांकि, ये अभी संरचनात्मक परिवर्तन नहीं हैं, इसके परिणाम दशकों बाद ही दिखाई देंगे। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता महज एक औद्योगिक विकास कार्यक्रम से कहीं अधिक है। यह भारत के रणनीतिक संकल्प की परीक्षा है। भारत मौजूदा सीमाओं के भीतर रहकर धीरे-धीरे लाभ प्राप्त करते हुए रणनीतिक रूप से निर्भर बना रह सकता है। या फिर वह परिवर्तन की लागत और अनिश्चितताओं को स्वीकार करते हुए एक ऐसा रक्षा-औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र विकसित कर सकता है जो उसके दीर्घकालिक राष्ट्रीय उद्देश्यों को प्रतिबिंबित करे।

# दल-बदल नहीं, जनादेश की चोरी



पवन शर्मा

अध्यक्ष
आर्ट वेद कल्चरल एंड स्पोर्ट्स सोसायटी

लोकतंत्र में जनता सिर्फ वोट नहीं देती, वह अपना विश्वास सौंपती है। वह किसी व्यक्ति को नहीं, बल्कि उसके विचारों, सिद्धांतों, वादों और उस राजनीतिक दल की नीतियों को चुनती है जिसके झंडे तले वह चुनाव लड़ रहा होता है। लेकिन जब कोई नेता चुनाव जीतने के कुछ ही दिनों बाद उसी दल में शामिल हो जाता है जिसके खिलाफ उसने जनता से वोट मांगे थे, तब यह केवल दल-बदल नहीं होता, यह जनादेश की खुली चोरी होती है।

चुनाव के दौरान मंचों से आग उगलने वाले नेता, विरोधी दल को भ्रष्ट, अयोग्य और जनविरोधी बताने वाले नेता अचानक उसी दल की गोद में जाकर बैठ जाते हैं। जनता हैरान रह जाती है। सवाल उठता है कि क्या चुनाव के समय बोली गई बातें झूठ थीं या आज का यह राजनीतिक परिवर्तन अवसरवाद का चरम रूप है?

विडंबना देखिए कि कई बार ऐसे नेता शपथ तक नहीं लेते और उससे पहले ही अपनी राजनीतिक निष्ठा बदल लेते हैं। यदि एक कर्मचारी नौकरी जॉइन करने से पहले ही कंपनी के रहस्य बेच दे तो वह अपराध माना जाता है। यदि कोई व्यक्ति किसी से धन लेकर वादा तोड़े तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई होती है। फिर जनता से वोट लेकर, विश्वास लेकर और उसके बाद राजनीतिक सौदा कर लेने वालों के लिए कोई दंड क्यों नहीं?

यह तर्क दिया जाता है कि लोकतंत्र में हर व्यक्ति को अपनी राजनीतिक विचारधारा बदलने का अधिकार है। निश्चित रूप से है। लेकिन क्या उसे जनता का जनादेश अपने साथ ले जाने का भी अधिकार है? यदि किसी नेता को वास्तव में अपनी विचारधारा बदलनी है तो उसे पहले इस्तीफा देना चाहिए, जनता के बीच वापस जाना चाहिए और नए दल के टिकट पर पुनः चुनाव लड़ना चाहिए। यदि जनता फिर भी उसे चुन ले तो उसका निर्णय सम्माननीय होगा।

असल प्रश्न कानून का नहीं, नैतिकता का है। लेकिन जब नैतिकता मरने लगे तो कानून को आगे आना पड़ता है। आज एक आम नागरिक बैंक का ऋण न चुकाए तो उसके खिलाफ कार्रवाई होती है। कर न दे तो दंड मिलता है। लेकिन लाखों मतदाताओं के विश्वास को तोड़ने वाले जनप्रतिनिधि को न केवल कोई दंड नहीं मिलता, बल्कि वह वेतन, भत्ते, पेंशन, सुरक्षा और सत्ता के नए लाभ भी प्राप्त कर लेता है।

क्या यह मतदाताओं के साथ राजनीतिक धोखाधड़ी नहीं है?

भारतीय दंड संहिता की धारा 420 का उद्देश्य छल और विश्वासघात से प्राप्त लाभ को दंडित करना है। भले ही कानूनी दृष्टि से चुनावी दल-बदल को सीधे इस धारा के अंतर्गत न रखा जा सके, लेकिन नैतिक दृष्टि से यह लाखों लोगों के विश्वास के साथ किया गया छल अवश्य प्रतीत होता है।

सबसे बड़ा नुकसान किसी दल का नहीं होता, लोकतंत्र का होता है। जब जनता बार-बार देखती है कि उसके वोट का मूल्य राजनीतिक सौदेबाजी में बदल जाता है, तब उसका लोकतंत्र पर विश्वास कमजोर पड़ता है। यही वह स्थिति है जहां लोकतंत्र चुनाव तो रह जाता है, लेकिन जनप्रतिनिधित्व खोने लगता है।

समय आ गया है कि देश इस विषय पर गंभीर बहस करे। क्या चुनाव जीतने के बाद दल बदलने वाले जनप्रतिनिधि की सदस्यता तत्काल समाप्त होनी चाहिए? क्या उसे पुनः जनता के बीच जाकर जनादेश लेना चाहिए? क्या उसकी पेंशन और विशेष सुविधाओं पर रोक लगनी चाहिए? क्या मतदाताओं को राइट टू रिकॉल जैसा अधिकार मिलना चाहिए?

लोकतंत्र केवल वोट डालने का नाम नहीं है। लोकतंत्र उस विश्वास का नाम है जो मतदाता मतदान केंद्र पर खड़े होकर व्यक्त करता है। और जो व्यक्ति उस विश्वास को बेच देता है, वह केवल दल नहीं बदलता-वह जनता की आशाओं, उम्मीदों और जनादेश का अपमान करता है।

दल-बदल की सबसे बड़ी कीमत कोई राजनीतिक दल नहीं चुकाता, उसे चुकाती है जनता। और जब जनता का विश्वास टूटता है, तब लोकतंत्र की नींव में दरार पड़ती है।

# इधर पत्ता हिला, उधर बिजली मैया 'कोप भवन' पहुंची.....




बिजली विभाग ने अपने विभाग से इतर एक और सेवा शुरू की है और वो है तेज हवाओं वाले मौसम की नि:शुल्क जानकारी देने की ,यदि आप अपने घर में आराम की मुद्रा में बिस्तर पर लेटे हैं हैं और अचानक बिजली गोल हो जाए तो समझ लीजिए कि हवा सामान्य से थोड़ी बहुत तेज गति से चलने का माहौल बन रहा है। ऐसा नहीं कि मौसम में ये बदलाव पहले नहीं होते थे। मगर कम ही मौकों पर बिजली विभाग जानकारी देने की जरूरत समझता था। व्यवस्था इतनी पुख्ता रहती थी कि तेज हवाएं चलने पर भी बिजली सप्लाई पर कोई ज्यादा असर नहीं पड़ता था अब हालत ये है कि हल्की हवा से पेड़ों के पत्ते हिलने शुरू ही होते हैं और बिजली मैया कोप भवन में चली जाती हैं।बिजली विभाग के आला अफसरों के घर तो इनवर्टर समेत तमाम वैकल्पिक व्यवस्थाएं मौजूद रहती हैं सो वे क्या जानें कि अचानक बिजली चली जाने से होने वाली उमस भरी गर्मी कितनी तकलीफ़ देह होती है। सजा भुगतता है वो आम आदमी जो बिजली का बिल ईमानदारी से चुकाता है, हर साल बढ़ती बिजली दरों की मार झेलता है और जबरिया स्मार्ट मीटर लगाने जैसी गुंडई ख़ामोशी से बर्दाश्त करता है। असुविधा सिर्फ गर्मी से होने वाली परेशानी और आराम में खलल की नहीं है और भी कितनी परेशानियां हैं। पढ़ने वाले परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं और जरा सी हवा चलते ही बिजली चली जाती है ,आटा आधा पिसा है चक्की बंद हो जाती है, पानी की टंकी भरना है और बिजली नहीं है, टीवी देख रहे हैं सस्पेंस फिल्म का सस्पेंस सामने आने वाला है कि बिजली गोल, कार के पंक्चर टायर को सुधारने के बाद जैसे ही हवा भरने की शुरुआत हुई बिजली गायब, अब बैठे रहो बिना हवा के टायर को लेकर, कन्हा तक गिनाएं ये परेशानियां

सवाल ये है कि जब उपभोक्ता ईमानदारी से बिल चुकाता है तो उसे निर्बाध बिजली सप्लाई क्यों नहीं मिलना चाहिए। हर साल कंपनियां मैंटेनेंस पर लाखों रुपए खर्च करती हैं। पेड़ों की डालें निर्ममता से काटी जाती है। आम उपभोक्ता बिना सूचना किए जाने वाले शट डाउन की परेशानी झेलती है। तो फिर इस बारे सर्कस का फायदा ही क्या है? ज़ुल्म तो ये भी है कि तथाकथित मेंटेनेंस पर होने वाला ये खर्च टैरिफ वृद्धि के माध्यम से जनता से ही वसूल किया जाता है,अगर बिजली कंपनी सुन रही है और उसे सचमुच उपभोक्ता की फ़िक्र है तो ऐसे तरीके अपनाए जिससे थोड़े से हवा पानी में ही बिजली गुल हो जाने की समस्या से निजात मिले। जहां तक मौसम की जानकारी का सवाल है तो उसके लिए सरकार ने मौसम विभाग बना कर रखा है पहले अपना डिपार्टमेंट सम्भाल लो फिर दूसरे डिपार्टमेंट में टाँग अड़ाना।

## बुरे दिनों में ऐसा ही होता है

कहते हैं जब इंसान के बुरे दिन आते हैं तो सारे काम उल्टे होने लगते हैं वो जहां हाथ डालता है वहीं उसके सामने असफलता आकर खड़ी हो जाती है आजकल यही हाल है देश में 70 साल तक राज करने वाली कांग्रेस पार्टी का , अब देखो राज्यसभा की तीसरी सीट के लिए कितने दिन से लफड़ा चल रहा था कि किसको सीट मिलेगी, किसको उम्मीदवार बनाया जाएगा, चूंकि आजकल महिलाओं को लेकर सभी राजनीतिक दल बड़े चिंतित दिखाई दे रहे हैं इसलिए कांग्रेस ने मीनाक्षी नटराजन को कैंडिडेट बना दिया लेकिन बदकिस्मती तो देखो उनके नामांकन पत्र में एक छोटी सी गलती क्या हो गई रिटर्निंग ऑफिसर ने उनका फॉर्म ही निरस्त कर दिया, बेचारे कांग्रेसी रिटर्निंग ऑफिसर के दरवाजे से लेकर चुनाव आयोग, सुप्रीम कोर्ट पता नहीं कहां-कहां चले गए लेकिन हाथ की आई शून्य अब कह रहे हैं हम सड़कों पर आंदोलन करेंगे ,अरे भैया कितने सालों से राजनीति कर रहे हो, हजारों नामांकन फॉर्म भरे होंगे आपके नेताओं ने, बड़े-बड़े वकीलों की फौज है उसके बाद भी ऐसी गलती कि नामांकन फार्म ही रिजेक्ट हो गया। अब बीजेपी वाले मजा ले रहे हैं वे तो पहले से ही कह रहे थे कि तीनों सीटें हम ही जीतेंगे बीजेपी के इस कांफिडेंस से घबरा कर अपने विधायकों को कांग्रेस ने हिमाचल तो कहीं बेंगलुरु शिफ्ट करवाने का निर्णय ले किया । पत्नी और बाल बच्चों समेत सारे विधायक एयरपोर्ट पहुंच गए लेकिन अचानक खबर आई कि भैया वापस आ जाओ कहीं जाने की जरूरत नहीं है अपने प्रत्याशी का फॉर्म रिजेक्ट हो गया, यानी न केवल मीनाक्षी जी का ही टाइम खराब चल रहा है बल्कि पूरे कांग्रेस विधायकों की ही कुंडली में पता नहीं कौन से ग्रह बैठ गए हैं अब सड़कों पर लड़ाई लड़ने से क्या होने वाला है जो हाथ में था वो चला गया, अब लगाते रहो इलेक्शन पिटिशन कब सुनवाई होगी ,कब निर्णय होगा तब तक तो पांच साल बीत ही जाएंगे। अपनी तो सलाह है कांग्रेस वालों को ,भैया अपनी और अपनी पूरी पार्टी की कुंडली किसी अच्छे पंडित को दिखाओ कुछ पूजा पाठ करवाओ वरना ऐसी अलसेट खाते रहोगे।

## बिछड़े सभी बारी-बारी

मशहूर फिल्मकार गुरुदत्त की क्लासिक फिल्म प्यासा का एक गाना बिछड़े सभी बारी-बारी पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता दीदी पर पूरी तरह सटीक बैठ रहा है। जब तक सत्ता में रही 15 साल उन तमाम लोगों ने खूब जमकर सत्ता की मलाई खाई दीदी दीदी कहते हुए उनकी जुबान नहीं रुकती थी टीएमसी के वो नेता जो आज अभिषेक बनर्जी को गाली दे रहे हैं उस वक्त उनकी चरण वंदना करने में कोई पीछे नहीं रहता था, लेकिन वक्त बदलते ही क्या हाल हो गया ममता दीदी का। चुनाव क्या हारी सारे संगीसाथी एक-एक करके बिछड़ने लगे क्या विधायक क्या सांसद, क्या नेता, सारे के सारे अभिषेक बनर्जी की तानाशाही का रोना रोने लगे, अरे भैया जब वो सत्ता में थे तब तानाशाह नहीं थे क्या ? उस वक्त तो आप लोग उनकी ऐसी पूजा करते थे मानो भगवान हों लेकिन जैसे ही सत्ता गई अब वो आपको तानाशाह नजर आने लगे , वैसे भी अब राजनीति में किसी का कोई भरोसा बचा नहीं है कब कौन कहां चला जाए, कौन कहां से इधर आ जाए इधर से उधर दौड़ लगा दे ये तो बहुत आसान बात हो गई है और सही भी है, नेता राजनीति में सत्ता के लिए ही तो आता है जैसे मक्खी शहद की तरफ दौड़ती है वैसे ही नेता भी तो सत्ता की तरफ दौड़ते हैं क्योंकि सारी इज्जत तो सत्ता के कारण ही रहती है , इसलिए ममता दीदी आप चिंता मत करो ये तो होना ही था फिर कभी भविष्य में सत्ता हाथ में आएगी तो यही लोग जो आज तरह-तरह की बातें कर रहे हैं फिर आपकी शरण में आएंगे देख लेना वक्त बदलते देर नहीं लगती।

# अमेरिका-ईरान समझौते को मिला वैश्विक समर्थन

# इजरायल ने कहा हमारे लिए समझौता बाध्यकारी नहीं

नयी दिल्ली,(वार्ता)

अमेरिका-ईरान के बीच हुए बड़े राजनयिक समझौते का यूरोप तथा हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्वागत किया जा रहा है और इसे पश्चिम एशिया में स्थिरता लाने वाला बड़ा मोड़ माना जा रहा है लेकिन इजरायल इस समझौते का विरोध कर रहा है।


इजरायल के वरिष्ठ नेताओं का साफ कहना है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की मध्यस्थता में हुआ कोई भी समझौता इजरायल को अपनी सुरक्षा के खतरों के खिलाफ कार्रवाई करने से रोक नहीं सकता।

यह नया मतभेद दिखाता है कि महीनों से चल रहे इस क्षेत्रीय संघर्ष को रोकना कितना जटिल और उलझा हुआ है। एक तरफ जहां यूरोप से लेकर एशिया-प्रशांत तक की सरकारें इस समझौते की तारीफ कर रही हैं, क्योंकि इससे तनाव कम होगा, जरूरी व्यापारिक रास्ते फिर से खुलेंगे और ईरान के परमाणु मुद्दे पर दोबारा बातचीत शुरू हो सकेगी, वहीं दूसरी तरफ, इजरायल के अधिकारियों ने साफ कर दिया है कि अमेरिका-ईरान के बीच चाहे जो भी समझौता हुआ हो, इजरायल अपनी सुरक्षा के लिए कदम उठाने का पूरा अधिकार रखता है।

कई क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय पक्षों की मध्यस्थता के प्रयासों के बाद रविवार को घोषित इस समझौते में होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने, अमेरिका-ईरान के बीच संघर्ष विराम जारी रखने तथा ईरान की परमाणु गतिविधियों से जुड़े पुराने विवादों को हल करने के उद्देश्य से बातचीत शुरू करने की परिकल्पना की गयी है। इस सहमति पत्र पर 19 जून को जिनेवा में आधिकारिक रूप से हस्ताक्षर होने की उम्मीद है।

वैश्विक ऊर्जा बाजारों में होर्मुज जलडमरूमध्य की केंद्रीय भूमिका के कारण इस ऐतिहासिक समझौते को व्यापक अंतरराष्ट्रीय समर्थन मिला है। फारस की खाड़ी को अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्गों से जोड़ने वाले इस संकीर्ण जलमार्ग से होकर दुनिया के तेल व्यापार का लगभग पांचवां हिस्सा गुजरता है। इस संघर्ष के कारण पैदा हुई बाधाओं ने ऊर्जा की कमी, ईंधन की कीमतों में उछाल और व्यापक आर्थिक अस्थिरता की आशंकाओं को बढ़ा दिया था।

फ्रांस, यूनाइटेड किंगडम, जर्मनी और इटली के नेताओं ने संयुक्त बयान में इस समझौते को क्षेत्रीय

स्थिरता बहाल करने और वैश्विक अर्थव्यवस्था को सहारा देने का महत्वपूर्ण अवसर बताया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अब पूरा ध्यान इसके क्रियान्वयन पर होना चाहिए।

इन नेताओं ने संयुक्त बयान में कहा, अब यह बेहद जरूरी है कि विस्तृत बातचीत पूरी हो और इस समझौते को तेजी से तथा पूरी तरह से लागू किया जाये।

चारों यूरोपीय शक्तियों ने खाड़ी क्षेत्र में मैरीटाइम सुरक्षा बहाल करने के महत्व का भी जिक्र किया। इन देशों के नेताओं ने कहा, यह बेहद जरूरी है कि बिना किसी शर्त या रोक-टोक के जहाजों की आवाजाही के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य तुरंत खोला जाये। हम अपने संवैधानिक प्रावधानों के दायरे में रहकर इसमें अपनी भूमिका निभाने को तैयार हैं। व्यापारिक जहाजों को सुरक्षा देने और समुद्र से बारूदी सुरंगें हटाने के लिए हम पूरी तरह से रक्षात्मक और स्वतंत्र मिशन चलाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

इसके साथ ही, उन्होंने अपनी पुरानी बात फिर दोहरायी कि ईरान को कभी भी परमाणु हथियार नहीं बनाने देना चाहिए। उन्होंने इस मुद्दे को बातचीत से सुलझाने के समर्थन के भी संकेत दिये। बयान में कहा गया है, हम इस दिशा में अमेरिका, ईरान और आईएईए के साथ मिलकर काम करने को तैयार हैं। अगर ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम को लेकर साफ और जांचे जा सकने वाले कदम उठाता है, तो हम भी उसके बदले लगे प्रतिबंध हटाने को तैयार हैं।

इस समझौते को मिला समर्थन यूरोप से बाहर भी देखने को मिला। जापान की प्रधानमंत्री सानाए ताकाइची ने शत्रुता की समाप्ति से जुड़े इस सहमति पत्र को संकट के समाधान की दिशा में बड़ा कदम बताया और उम्मीद जतायी कि इससे व्यापक समझौते का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, भविष्य में, हम दृढ़ता से उम्मीद करते हैं कि इस सहमति पत्र को निरंतरता के साथ लागू किया जायेगा, होर्मुज जलडमरूमध्य में मुक्त और सुरक्षित जहाजों की आवाजाही सुनिश्चित होगी और ईरान के परमाणु मुद्दे व अन्य मामलों पर जल्द से जल्द अंतिम समझौता साकार होगा।

ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने भी इस समझौते का स्वागत किया है और सभी पक्षों से निरंतर राजनयिक प्रयासों के इस अवसर का लाभ उठाने का आह्वान किया।श्री अल्बनीज ने कहा, हमें इस बात की खुशी है कि अमेरिका-ईरान के बीच हुए समझौते में होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने और जहाजों की आवाजाही की स्वतंत्रता की बहाली की दिशा में कदम शामिल हैं। स्थिति को पूरी तरह सामान्य होने में हालांकि समय लगेगा, लेकिन हमारे क्षेत्र सहित ऊर्जा की कीमतों और अर्थव्यवस्थाओं पर दबाव को कम करने के लिए इस महत्वपूर्ण गलियारे को बहाल करना बेहद आवश्यक है।

उन्होंने कहा, ईरान को अपने परमाणु कार्यक्रम से जुड़ी पुरानी चिंताओं और इससे अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा को पैदा होने वाले खतरे का समाधान करना चाहिए।

न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सम ने पश्चिम एशिया से बहुत दूर स्थित देशों पर पड़ने वाले इसके आर्थिक प्रभावों का उल्लेख किया और कहा कि इस संघर्ष ने प्रशांत क्षेत्र में व्यापार प्रवाह और ईंधन की लागत को प्रभावित किया था। श्री लक्सम ने कहा, होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने से स्थिर व्यापार मार्गों को बहाल करने, ईंधन की आपूर्ति सुचारू करने और हमारी अर्थव्यवस्था को गतिमान बनाये रखने में मदद मिलेगी।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिल रहा यह समर्थन इन बढ़ती उम्मीदों को दर्शाता है कि यह समझौता व्यापक ढांचे का रूप ले सकता है, जो ईरान के परमाणु कार्यक्रम, प्रॉक्सी वार और समुद्री सुरक्षा सहित क्षेत्रीय सुरक्षा चिंताओं का समाधान करेगा।

## ब्रिटेन में 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर लगेगा बैन, पीएम स्टार्मर का बड़ा एलान



**लंदन।** बच्चों को डिजिटल दुनिया के खतरों से बचाने के लिए ब्रिटेन सरकार ने एक बहुत बड़ा कदम उठाने का एलान किया है। ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने सोमवार को घोषणा की कि देश में 16 साल से कम उम्र के बच्चों के सोशल मीडिया चलाने पर पूरी तरह से पाबंदी लगाई जाएगी। इसके साथ ही गेमिंग और लाइवस्ट्रीमिंग सेवाओं पर भी कड़े प्रतिबंध लागू किए जाएंगे। प्रधानमंत्री स्टार्मर ने अभी उन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के नामों का खुलासा नहीं किया है जिन पर यह बैन लगेगा, लेकिन उन्होंने साफ कर दिया है कि यह नियम अगले साल की शुरुआत में लागू हो जाएगा। इस बड़े बदलाव का प्रस्ताव रखते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि बच्चों को ऑनलाइन नुकसान से बचाने के लिए सख्त कदम उठाना बेहद जरूरी है। उन्होंने माना कि इस नियम को लागू करना आसान नहीं होगा, लेकिन बड़ी टेक्नोलॉजी कंपनियों के बढ़ते प्रभाव के खिलाफ सरकारों को यह जिम्मेदारी उठानी ही होगी। टेक कंपनियों के संभावित विरोध पर प्रधानमंत्री स्टार्मर ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि यह हमारे समय की सबसे बड़ी बहसों में से एक है कि बच्चों को ऑनलाइन कैसे सुरक्षित रखा जाए। उन्होंने कहा कि मैं अपने देश के बच्चों की सुरक्षा और उनकी खुशियों के साथ कोई समझौता करने को तैयार नहीं हूं। यह फैसला इस बारे में है कि हम किसके साथ खड़े हैं। देश भर के परिवारों के साथ, या फिर उस मौजूदा व्यवस्था के साथ जो काम नहीं कर रही है। बता दें कि बच्चों के लिए सोशल मीडिया को प्रतिबंधित करने वाला ब्रिटेन अकेला देश नहीं है। दुनिया भर में यह ट्रेंड तेजी से बढ़ रहा है। ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, ब्राजील और इंडोनेशिया जैसे देश पहले ही उम्र के आधार पर ऐसे प्रतिबंध लगा चुके हैं या इसके प्रस्ताव ला चुके हैं। वहीं फ्रांस, स्पेन, डेनमार्क, थाईलैंड और दक्षिण कोरिया भी इसी तरह के नियमों पर विचार कर रहे हैं। ऐसे में पीएम स्टार्मर ने ब्रिटेन के इस कदम को दुनिया में सबसे आगे रहने वाला उपाय बताया और संकेत दिया कि यह ऑस्ट्रेलिया के कानून (जिसमें 16 साल से कम उम्र के बच्चों पर बैन है) से भी ज्यादा सख्त हो सकता है।

## आर्थिक सहायता हो या आवास, सरकार हर जरूरत पर खड़ी है साथ : योगी



**गोरखपुर, (वार्ता)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'जनता दर्शन' में आए लोगों को विश्वास दिलाया कि आर्थिक सहायता हो या आवास, सरकार हर जरूरतमंद के साथ खड़ी है। उन्होंने इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लगाने वालों से कहा कि आप एस्टिमेट बनवाइए और मरीज का ध्यान रखिए, इलाज की चिंता सरकार पर छोड़ दीजिए। वहीं आवास की मांग को लेकर पहुंचे फरियादियों को भी सीएम ने आश्वस्त किया कि सरकार हर जरूरतमंद को निरंतर प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री आवास दिला रही है। मुख्यमंत्री ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन सोमवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित 'जनता दर्शन' में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे लोगों से उन्होंने कहा कि सरकार इलाज में पूरी मदद करेगी। इसके लिए जरूरतमंद लोगों का आयुष्मान कार्ड बनवाया जाएगा, फिर भी जरूरत पड़ी तो विवेकाधीन कोष से सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर जरूरतमंद, पात्र व्यक्ति का आयुष्मान कार्ड बनवाना सुनिश्चित किया जाए, ताकि उन्हें इलाज के लिए परेशान न होना पड़े। गोरखनाथ मंदिर परिसर में महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर आयोजित जनता दर्शन के दौरान सीएम योगी करीब 200 लोगों से मिले। उनके पास जाकर समस्याएं सुनीं। उनके प्रार्थना पत्रों का अवलोकन कर समस्या, शिकायत का संज्ञान लिया। मुख्यमंत्री ने लोगों को भरोसा दिया कि किसी को परेशान होने की जरूरत नहीं है, सरकार हर जरूरतमंद के साथ खड़ी है। कुछ लोगों ने पुलिस व राजस्व से जुड़े मामलों में लेटलतीफी की शिकायत की, तो सीएम ने डीएम को तत्काल मामले का संज्ञान लेकर कार्रवाई के निर्देश दिए। सीएम योगी ने आवास, शिक्षा, चिकित्सा, बिजली, राजस्व, पुलिस आदि से जुड़े अलग-अलग मामलों के निस्तारण के लिए संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को प्रार्थना पत्र संदर्भित करते हुए निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और संतुष्टिप्रद होना चाहिए। गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान सोमवार सुबह भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दिनचर्या परंपरागत रही। प्रात:काल गुरु गोरखनाथ और ब्रह्मलीन गुरुदेव महंत अवेद्यनाथ जी का आशीर्वाद लेने के बाद सीएम योगी ने मंदिर की गोशाला में गोसेवा की। गोवंश को अपने हाथ से गुड़-रोटी खिलाकर उन पर स्नेह बरसाया। मंदिर परिसर का भ्रमण करते हुए उन्होंने परिजनों के साथ आए बच्चों को पास बुलाकर दुलारा-पुचकारा।

## कांगो में इबोला से 181 मौतें 782 मामलों की पुष्टि हुई

**किन्शासा, (वार्ता)।** कांगो में अब तक इबोला से 181 मौतें हो चुकी है और पुष्ट मामलों की संख्या बढ़कर 782 हो गयी है। कांगो के स्वास्थ्य मंत्रालय ने रविवार शाम को एक्स पर यह जानकारी दी। कांगो में मामलों की संख्या इससे कहीं अधिक होने की आशंका है, क्योंकि इस बीमारी के फैलने की पुष्टि 15 मई को हुई थी। संक्रमितों के संपर्क में आये लोगों की तलाश की दर भी महज 56 फीसदी है। इबोला का यह नया प्रकोपदुर्लभ बुंडीबुग्यो वायरस से फैला है। इसकी स्वीकृत वैक्सीन या इलाज अभी उपलब्ध नहीं है। मंत्रालय के अनुसार, तक छप्पन लोग इस से ठीक हो चुके हैं और इस संक्रमण की वर्तमान मृत्यु दर 23 फीसदी है। यह संक्रमण मुख्य रूप से कांगो के पूर्वी प्रांत इतूरी में केंद्रित है। जहां से इबोला के 90 फीसदी से अधिक मामले सामने आये हैं।

## मलमास के अंतिम दिन प्रयागराज के घाटों में श्रद्धालुओं का रेला

प्रयागराज, (वार्ता)



उत्तर प्रदेश में प्रयागराज के सिरसा गंगा घाट पर मलमास के अंतिम दिन सोमवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। दूर-दराज के गांवों और नगरों से हजारों श्रद्धालु गंगा स्नान के लिए सिरसा घाट पहुंचे। उन्होंने पवित्र गंगा में डुबकी लगाकर परिवार की सुख-समृद्धि और देश की खुशहाली की कामना की।गंगा स्नान के बाद श्रद्धालु सिरसा स्थित प्रसिद्ध श्री श्रीनाथ बाबा मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और बाबा को जल अर्पित किया। दिन में ही मंदिर परिसर में भक्तों का तांता लगा रहा, जिन्होंने भगवान के दर्शन कर मनोकामनाएं मांगीं और धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया।

मलमास यानी अधिमास के अंतिम दिन के धार्मिक महत्व को देखते हुए घाट और मंदिर परिसर में विशेष चहल-पहल रही। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए स्थानीय प्रशासन और पुलिस बल मुस्तैद रहा। घाट पर सफाई व्यवस्था के साथ-साथ भीड़ नियंत्रण के लिए आवश्यक इंतजाम किए गए थे।घाट पर मौजूद श्रद्धालुओं ने बताया कि मलमास के अंतिम दिन गंगा स्नान और श्रीनाथ बाबा के दर्शन का विशेष पुण्य प्राप्त होता है।

इसी मान्यता के चलते बड़ी संख्या में लोगों ने यहां पहुंचकर पूजा-अर्चना की। पूरे क्षेत्र में धार्मिक वातावरण बना रहा और भक्तों के जयकारों से घाट एवं मंदिर परिसर गूंजता रहा।स्थानीय व्यापारियों के अनुसार, श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के कारण बाजारों में भी अच्छी रौनक देखने को मिली। धार्मिक कार्यक्रमों के बीच सिरसा गंगा घाट आस्था, श्रद्धा और भक्ति का प्रमुख केंद्र बना रहा। मलमास के समापन पर हुए इस धार्मिक आयोजन ने क्षेत्र के लोगों में उत्साह और आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार किया।

## फिलीपींस के मिंडानाओ में 6.3 तीव्रता का भूकंप, जमीन से 117 किलोमीटर नीचे था केंद्र

**मनीला।** फिलीपींस के मिंडानाओ में भूकंप के जोरजार झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 6.3 मापी गई।

जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज ने बताया कि सोमवार को फिलीपींस के मिंडानाओ में भूकंप जमीन से 117 किलोमीटर (72.7 मील) की गहराई पर आया।

फिलीपींस में आए इस जोरदार भूकंप के बाद अधिकारी अभी स्थिति का आकलन कर रहे हैं ताकि भूकंप से हुए किसी भी नुकसान या हताहतों का पता लगाया जा सके।

अभी तक इस भूकंप की वजह से किसी के हताहत होने की कोई खबर सामने नहीं आई है।

# योगी सरकार में पीडीए के आरक्षित पदों की अनदेखीः सपा

जालौन, (वार्ता)

समाजवादी पार्टी (सपा) ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उत्तर प्रदेश सरकार पर आरक्षण व्यवस्था में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं करने का आरोप लगाते हुए दावा किया है कि विभिन्न सरकारी भर्तियों में पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) वर्ग के आरक्षित 11,514 पदों की अनदेखी की गई है। पार्टी के जिला कार्यालय में सोमवार को आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में पार्टी के जिलाध्यक्ष दीपराज गुर्जर ने कहा कि भाजपा सरकार के पिछले दस वर्षों के कार्यकाल में विभिन्न विभागों की 22 भर्तियों में आरक्षण नियमों का उल्लंघन किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि आरक्षित वर्गों के लिए निर्धारित हजारों पदों पर भर्ती प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताएं हुई हैं। उन्होंने दावा किया कि वर्ष 2019 की 69 हजार शिक्षक भर्ती में सर्वाधिक 7,933 पदों पर आरक्षण की लूट हुई। इसके अलावा वन एवं वन्यजीव रक्षक भर्ती, ग्राम पंचायत अधिकारी भर्ती, नेत्र परीक्षण अधिकारी, कनिष्ठ सहायक लिपिक तथा प्रवर्तन कांस्टेबल भर्ती सहित कई चयन प्रक्रियाओं में भी आरक्षित वर्गों के साथ अन्याय किया गया।

प्रेस वार्ता में मौजूद सांसद नारायण दास अहिरवार, पूर्व मंत्री श्रीराम पाल और पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेंद्र यादव ने भी विभिन्न वर्षों की भर्तियों का उल्लेख करते हुए भाजपा सरकार पर आरक्षण व्यवस्था को कमजोर करने का आरोप लगाया। नेताओं ने कहा कि लेखपाल, पशु चिकित्सक, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी, चिकित्सा अधिकारी तथा कृषि प्राविधिक सहायक समेत अनेक भर्तियों में आरक्षित पदों को लेकर अनियमितताएं सामने आई हैं।

समाजवादी पार्टी नेताओं ने भाजपा सरकार को संविधान विरोधी बताते हुए आरोप लगाया कि वह बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर द्वारा प्रदत्त संविधान की मूल भावना को कमजोर करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि पीडीए समाज इन कथित अनियमितताओं को समझ चुका है और वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में इसका जवाब देगा।


इस अवसर पर वीरेंद्र सिंह यादव, मान सिंह वर्मा, महेश द्विवेदी, समर सिंह चौहान, अजहर बेग, ज्ञानू निरंजन, जीवन प्रताप वाल्मीकि सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

फिल्म/टीवी मनोरंजन

## अरिजीत सिंह के बाद प्रीतम भी लेने जा रहे बॉलीवुड म्यूजिक से संन्यास



अरिजीत सिंह के प्लेबैक सिंगिंग से रिटायरमेंट के बाद अब फैंस को डर है कि कहीं प्रीतम भी म्यूजिक इंडस्ट्री को अलविदा ना कह दें। बॉलीवुड में सुपरहिट गाने देने वाले म्यूजिक कंपोजर प्रीतम ने हाल ही में 14 जून को अपना 55वां जन्मदिन मनाया। इसके बाद, उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर करके फैंस को उनकी शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद दिया। हालांकि, लोगों का ध्यान उनके कैप्शन ने ज्यादा खींचा, क्योंकि फैंस को लगा कि शायद वे रिटायर होने की बात कर रहे हैं। अपने रहस्यमयी नोट में उन्होंने लिखा कि मेनस्ट्रीम (मुख्यधारा) का सफर शानदार रहा है, लेकिन अब नए सफर पर निकलने का समय आ गया है। उनकी इस पोस्ट से फैंस सोचने लगे कि क्या वे बॉलीवुड म्यूजिक से रिटायरमेंट ले रहे हैं। यह बात सिंगर अरिजीत सिंह के प्लेबैक सिंगिंग से रिटायरमेंट की घोषणा करने के कुछ महीनों बाद सामने आई है। प्रीतम ने इंस्टाग्राम पर अपनी ब्लैक-एंड-व्हाइट तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा, सभी शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद। मैं हर किसी को अलग-अलग जवाब तो नहीं दे सकता, लेकिन कृपया मेरा दिल से आभार स्वीकार करें उन्होंने आगे बताया कि वह नए सफर पर निकल रहे हैं। उन्होंने लिखा, आज मैंने खुद को कुछ साल ऐसे जीने का तोहफ़ा देने का फैसला किया है जो जिंदगी को अलग तरह से जीने का मौका दें। उन चीजों को पूरा करने का मौका जो मैं अब तक नहीं कर पाया। उन नए सफर पर निकलने का समय, जिन्हें मैंने लंबे समय से टाल रखा था। प्रीतम की इस पोस्ट से फैंस के बीच खलबली मच गई है कि क्या प्रीतम भी अरिजीत की तरह बॉलीवुड म्यूजिक को अलविदा कहने वाले हैं? प्रीतम चक्रवर्ती नेशनल फिल्म अवॉर्ड जीतने वाले भारतीय संगीतकार हैं। FTII से साउंड इंजीनियरिंग में ग्रेजुएशन करने के बाद, उन्होंने ऐड जिंगल कंपोजर, साउंड डिजाइनर और टीवी सीरियल्स के लिए थीम म्यूजिक कंपोजर के तौर पर काम किया। बाद में, 2001 की हिंदी फिल्म तेरे लिए में जीत गांगुली के साथ मिलकर संगीतकार के तौर पर शुरुआत की। प्रीतम के बेहतरीन गानों में पुंगी, तू ही मेरा, मैं अगर, बलम पिचकारी, लत लग गई, नैना, पी लूं, तबाह हो गए, गेरुआ, आशियां, बुलैया, ये तूने क्या किया, कलंक टाइटल ट्रैक, तुम से ही, देवा-देवा शामिल हैं।




## सोहम शाह की पोस्ट से सामने आई 'तुम्बाड 2' की 7 साल लंबी तैयारी की कहानी

अभिनेता-निर्माता सोहम शाह की हालिया सोशल मीडिया पोस्ट के बाद उनकी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'तुम्बाड 2' की सात वर्षों लंबी तैयारी को लेकर नई जानकारी सामने आई है।सोहम शाह द्वारा साझा की गई एक सेल्फी और उसके साथ लिखे गए कैप्शन ने सोशल मीडिया पर प्रशंसकों का ध्यान आकर्षित किया है। फिल्म से जुड़े सूत्रों के अनुसार, यह कैप्शन केवल एक व्यक्तिगत अभिव्यक्ति नहीं, बल्कि 'तुम्बाड 2' के निर्माण की लंबी और चुनौतीपूर्ण यात्रा की झलक भी प्रस्तुत करता है। सूत्रों के अनुसार , 'तुम्बाड 2' पर पिछले सात वर्षों से लगातार काम किया जा रहा है। इनमें से लगभग पांच वर्ष फिल्म की कहानी और पटकथा को विकसित एवं परिष्कृत करने में लगाए गए, जबकि पिछले दो वर्षों में शोध, योजना, डिजाइन और फिल्म की विशिष्ट दुनिया को विस्तार देने पर विशेष ध्यान दिया गया। सूत्र ने बताया कि किसी लोकप्रिय फिल्म के सीक्वल का निर्माण केवल उसकी सफलता को दोहराने का प्रयास नहीं होता, बल्कि उससे जुड़ी दर्शकों की अपेक्षाओं पर खरा उतरना भी एक बड़ी जिम्मेदारी होती है। टीम का उद्देश्य था कि अगला अध्याय भी उसी गुणवत्ता और प्रभाव के साथ दर्शकों के सामने आए, जिसके लिए पहली फिल्म जानी जाती है। फिल्म को जल्दबाजी में बनाने के बजाय कहानी को पर्याप्त समय दिया गया। निर्माण प्रक्रिया के प्रत्येक चरण में विस्तृत विचार-विमर्श किया गया और छोटी से छोटी बात पर भी गंभीरता से काम किया गया।

## महेश भट्ट ने की वीर पहाड़िया स्टारर नाम - टू लिव इज़ वॉर की आधिकारिक घोषणा



अभिनेता वीर पहाड़िया ने अपनी अगली बड़ी फिल्म नाम – टू लिव इज़ वॉर की आधिकारिक घोषणा कर दी है। इस फिल्म को दिग्गज फिल्ममेकर महेश भट्ट प्रस्तुत कर रहे हैं। आने वाली यह फिल्म एक डार्क एक्शन थ्रिलर बताई जा रही है, जिसमें वीर एक दमदार और रफ-टफ अवतार में नजर आने वाले हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार , फिल्म में हाई-ऑक्टेन एक्शन के साथ मजबूत इमोशनल ड्रामा का भी मेल देखने को मिलेगा, जिससे यह वीर की बढ़ती फिल्मोग्राफी की सबसे चर्चित फिल्मों में से एक मानी जा रही है। चर्चा है कि अभिनेता वरुण शर्मा पहली बार अपने करियर में नेगेटिव रोल निभाते नजर आएंगे। अपनी शानदार कॉमिक टाइमिंग और हल्के-फुल्के किरदारों के लिए पहचाने जाने वाले वरुण का यह नया अवतार दर्शकों और इंडस्ट्री के बीच पहले से ही जिज्ञासा पैदा कर रहा है। फिलहाल फिल्म में वीर और वरुण के बीच टकराव को इसकी बड़ी खासियतों में से एक माना जा रहा है। गौरतलब है कि नाम – टू लिव इज़ वॉर वीर पहाड़िया की तीसरी फिल्म होगी। उन्होंने स्काई फोर्स से अपना डेब्यू किया था, जबकि उनकी दूसरी अनटाइटल्ड फिल्म इसके रिलीज़ से पहले सिनेमाघरों में आने की उम्मीद है।

## करण जौहर ने अभिनेता अली फज़ल की चर्चित वेब सीरीज़ 'राख' की सराहना की



फिल्म निर्माता करण जौहर ने अभिनेता अली फज़ल और उनकी चर्चित वेब सीरीज़ 'राख' की जमकर सराहना करते हुए कहा है कि यह सीरीज़ उन्हें भावनात्मक रूप से झकझोर देने वाली साबित हुई।करण जौहर ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि 'राख' देखने के बाद वह अपनी भावनाएं व्यक्त किए बिना नहीं रह सके। उन्होंने कहा कि एक अभिभावक, एक इंसान और समाज के सदस्य के रूप में यह सीरीज़ मानवता के सबसे भयावह और असहज पक्ष को सामने लाती है।उन्होंने निर्देशक प्रोसित रॉय की कहानी कहने की शैली, भावनात्मक गहराई और विषय पर मजबूत पकड़ की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने बिना किसी दिखावे के एक बेहद प्रभावशाली कथा प्रस्तुत की है।

करण ने अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे और आमिर बशीर के अभिनय को उनके करियर की सबसे यादगार प्रस्तुतियों में से एक बताया। उन्होंने कहा कि दोनों कलाकारों ने असहनीय त्रासदी से गुजर रहे माता-पिता के दर्द को इतनी सजीवता से पर्दे पर उतारा है कि दर्शक उससे गहराई से जुड़ जाते हैं।

# कलेक्टर ने विभागीय अमले और नागरिकों के साथ विशेष ऑनलाइन योग सत्र किया आयोजित

नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)।



कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने रविवार को नरसिंह मंदिर प्रांगण में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के अवसर पर विशेष ऑनलाइन योग सत्र का आयोजन किया। आयोजित योग सत्र में जिले के अधिकारी और कर्मचारियों सहित आमजन ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य घर-घर योग, हर व्यक्ति निरोग की भावना को साकार करना तथा नागरिकों को स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना था। आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड के प्रयास के अंतर्गत 14 जून को प्रात: 6ः15 बजे से 7ः35 बजे तक ऑनलाइन योग सत्र आयोजित किया गया, जिसमें नरसिंहपुर जिले के लोगों ने सहभागिता की। ऑनलाइन योग सत्र में कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री गजेन्द्र सिंह नागेश, विभिन्न विभागों के जिला प्रमुख, आयुष विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, योग समिति के पदाधिकारी, जिला योग प्रभारी, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, युवा, महिलाएं, वरिष्ठजन, विद्यार्थी एवं सामाजिक संगठनों के सदस्य ने सहभागिता दर्ज कराई। योग प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की क्रियाओं का अभ्यास कराया गया। उपस्थित प्रतिभागियों ने नियमित योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने तथा अन्य लोगों को भी योग के प्रति प्रेरित करने का संकल्प लिया।

जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग द्वारा नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में आगामी 21 जून को आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मुख्य कार्यक्रम में सम्मिलित होने की अपील की है।

## प्राकृतिक खेती विषय पर कार्यशाला का होगा आयोजन

**नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)।** राज्य शासन के निर्देशानुसार 19 एवं 20 जून 2026 को जिले में दो स्थानों पर प्राकृतिक खेती विषय पर कार्याशाला का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने आयोजित कार्यशाला में जनप्रतिनिधियों, विशेषज्ञों व वैज्ञानिकों और अनुभवी व्यक्तियों को आमंत्रित करने के निर्देश दिए हैं। कार्यशाला में खाद्य प्रसंस्करण विशेषज्ञों, कृषकों के साथ-साथ आजीविका मिशन के समूह सदस्यों, कृषि सखी को भी आमंत्रित किया जाएगा। कार्यशाला की सम्पूर्ण व्यवस्था उप संचालक कृषि एवं कृषक कल्याण विभाग नरसिंहपुर करेंगे।

# नरसिंह साहित्य परिषद् की काव्य गोष्ठी सपन्न

नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)।



नरसिंह साहित्य परिषद् की काव्य गोष्ठी स्थानीय वी. ई. पी. स्कूल में डॉ महेश त्रिपाठी की अध्यक्षता,पं. सी बी शर्मा के मुख्यातिथ्य एवं गीतकार सतीश तिवारी सरस के विशिष्टातिथ्य में संपन्न हुई काव्य गोष्ठी की शुरुआत कवि कुंजबिहारी यादव की सरस्वती वंदना से हुई काव्यपाठ के क्रम में युवा कवि विश्वास जाटव ने चंचल चपल चारू चरित्र चमक भी हो कवि सत्यम नेमा द्वारा वैशाख में ज्यों सतुआ खाए,कवि प्रताप पटेल ने आ गई मैं तो सहेली परदेशी की बातों में कवि कुंजबिहारी यादव द्वारा डूब कालिन्दी जल न नहा पाया जो कवि प्रशांत शर्मा सरल द्वारा आज गुम हो रही क्यों गौरेया,गगन में कम हो रही क्यों गौरैया पर्यावरण संरक्षण की ओर इशारा किया कवि कीरत पटेल द्वारा नये युग नया चरण बचाना होगा पर्यावरण कवि सूर्यकान्त साहू द्वारा धुंध से भर गया शहर कवि लखन शब्दाक्षरी द्वारा अभी कहाँ वाकिफ हो तुम मेरी गहराई से कवि सतीश तिवारी सरस द्वारा पढो भाव तुम व्याकरण पे न जाना,समझना हृदय आवरण पे न जानाज्ज ,वरिष्ठ कवि सी. बी शर्मा द्वारा पावन परम पुनीता भजो रे मन श्रीराम सीता वरिष्ठ कवि डॉ महेश त्रिपाठी द्वारा आओ हम सब मिलकर पेड़ पौधे लगायें काव्य पाठ करके गोष्ठी को ऊंचाई प्रदान की7 सूर्यकान्त साहू के आभार के साथ गोष्ठी संपन्न हुई।

## गौशाला संचालक सम्मेलन और साईलेज गौरस एप की कार्यशाला 17 जून को कामधेनु गौशाला मोहद में आयोजित होगी

नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)।

उप संचालक पशु पालन विभाग डॉ. सुनील कुमार बृजपुरिया ने कि गौशाला संचालक सम्मेलन और साईलेज गौरस एप पर आधारित एक दिवसीय कार्यशाला 17 जून को विकासखंड करेली के कामधेनु गौशाला मोहद में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यशाला का शुभारंभ व पंजीयन सुबह 09 बजे से किया जाएगा। इसके बाद विभिन्न सत्रों का आयोजन होगा। प्रातः 09ः30 से 10ः30 बजे तक व्हीएएस डॉ. पूनम दोहरे द्वारा गौशाला संचालकों को रिफ्रेशर व सुबह 10ः30 बजे से पशु चिकित्सक करेली डॉ. श्रेया दुबे के द्वारा साईलेज एवं गौरस एप के संबंध में तकनीकी प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रातः 11ः30 बजे से क्षेत्र के पशुपालकों के द्वारा अनुकरणीय और प्रेरणादायी अनुभव साझा होंगे। कार्यशाला में दोपहर 12 बजे गौपूजन किया जाएगा। इसके अलावा महाराणा प्रताप और महाराज छत्रसाल की जयंती के अवसर पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया जाएगा। इसके बाद दोपहर 12ः15 बजे से क्षीरधारा ग्राम योजना के अंतर्गत विभागीय समन्वय को लेकर एक महत्वपूर्ण सत्र आयोजित होगा। इसमें सहकारी, कृषि, आजीविका मिशन और दुग्ध शीत केंद्र के प्रबंधकों द्वारा विभागीय योजनाओं और दूध उत्पादन बढ़ाने पर महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की जाएंगी। इसके पश्चात दोपहर एक बजे से कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह और सीईओ जिला पंचायत श्री गजेन्द्र सिंह नागेश के द्वारा विशेष मार्गदर्शन और जिले में गौशालाओं के सुदृढ़ीकरण को लेकर प्रशासनिक रूपरेखा साझा की जाएगी।

# मीनाक्षी नटराजन का फार्म निरस्त किए जाने को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन



नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)।

राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का फार्म निरस्त किए जाने को लेकर कांग्रेस लगातार विरोध प्रदर्शन कर रही है और इस घटना को लोकतंत्र की हत्या बताया जा रहा है। इसी क्रम में युवा कांग्रेस ने राज्यसभा निर्वाचन अधिकारी का पुतला फूंक कर नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया।

वरिष्ठ नेता लखन सिंह पटेल के नेतृत्व में युवा कांग्रेस ने सुभाष पार्क पर नारेबाजी की और कहा कि भाजपा के संरक्षण में निर्वाचन आयोग ने लोकतंत्र की हत्या कर दी। वरिष्ठ नेता लखन सिंह पटेल ने कहा कि चिंता का विषय है कि मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की केंद्र और राज्य सरकार तानाशाह और मनमर्जी से कम कर रहे हैं। संविधान की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं लोगों को उलझाकर बुनियादी मुद्दों से ध्यान भड़काया जा रहा है आज बेरोजगारी महंगाई से जनता परेशान है, किसान कई समस्याओं से जूझ रहा है और सरकार प्रचार तंत्र के माध्यम से झूठी वाह वाह लूट रही है किंतु कांग्रेस लगातार संविधान की रक्षा के लिए हमेशा संघर्ष करती रहेगी। उक्त मौके पर शैलेंद्र सिंह राजपूत , कंछेदी पटेल धनीराम पटेल, देवेंद्र शुक्ला, विशाल ठाकुर, नितिन गोयल, राजा ठाकुर, रफीक भाई नूरानी, विशाल राय, आशीष राजवैद्य, आनंद चौरसिया, कौशलेंद्र जाट, यासीन मनचला, बबलू खान तोप सिंह महोबिया, रत्नेश पटेल, अभय राय धर्मेंद्र जाट, कुश बाटली, महेंद्र पटेल शुभम पटेल, सौरभ रिछारिया, विष्णु प्रजापति रितेश राय, विकास पटेल, प्रिंस पटेरिया, राहुल,संजय मेहरा, विनोद पाली, विवेक पटेल, ईशान राय रोहित पटेल के अलावा बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद रहे।



## नगर पटवा-लखेरा समाज का गठन

नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)।

अखिल भारतीय पटवा में समाज सभा के तहत नरसिंहपुर नगर पटवा समाज की आवश्यक बैठक प्रदेश सहप्रचार मंत्री डॉ राजकुमार पटवा के निवास पर रखी गई जिसमें नगर पटवा समाज की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया ।

नगर अध्यक्ष राकेश पटवा एवं सचिव श्री प्रशांत पाटकर व अन्य पदाधिकारी को चयन किया गया।संपूर्ण मध्य प्रदेश में समस्त पटवा समाज के द्वारा पटवा समाज को विश्वकर्म योजना के तहत पटवा समाज कल्याण बोर्ड के गठन हेतु मांग जोरों पर उठ रही है सभी प्रदेश पदाधिकारी ,जिला व नगर अध्यक्षो द्वारा स्थानीय विधायकों और मंत्रियों के द्वारा माननीय मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किए जा रहे हैं। बैठक में विभिन्न सुझावों पर चर्चा की है जिसमें समाज मे ऐसी प्रतिभाएं हैं जो समाज को गौरवानवित कर रहे हैं उनका सम्मान समारोह ,वरिष्ठ समाज बंधु जो लगातार विगत वर्षों से समाज में सक्रिय व समाज उत्थान में भूमिका निभा रहे हैं उनका अभिनंदन मंच द्वारा किया जाएगा। उपरोक्त जानकारी प्रदेश सह प्रचार मंत्री डॉ राजकुमार पटवा द्वारा प्रेषित की गई।

# मां नर्मदा समाज सेवी संस्था की मण्डलीय बैठक सम्पन्न

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।



विगत दिवस मां नर्मदा समाज सेवी संस्था गाडरवारा नगर मंडल की बैठक राज राजेश्वरी होटल में संपन्न हुई जिसमें मुख्य अतिथियों के रूप में गायत्री मंडल के पुजारी, बसंत जोशी, नागेन्द्र त्रिपाठी, कमल ठाकुर उपस्थित रहे द्य कार्यक्रम की अध्यक्षता के रूप में प्रदेश महामंत्री भैया जी रावत, जिला महामंत्री अशोक भार्गव, नगर मंडल अध्यक्ष अखिलेश राय, संस्था के जिला उपाध्यक्ष मनोहर सिंह पटेल तहसील साइखेड़ा के अध्यक्ष बद्री प्रसाद पटेल उपस्थित रहे ।

बैठक की शुरुआत में उपस्थित सभी अतिथियों द्वारा मां नर्मदा की पूजन अर्चना की गई ततपश्चात मुख्य अतिथियों एवं नवनियुक्त पदाधिकारियों का पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया द्य बैठक में नगर मंडल एवं जिला स्तर पर संगठनात्मक नियुक्तियों को लेकर चर्चा हुई एवं सदस्यों द्वारा मां नर्मदा समाज सेवी संस्था की सदस्यता ग्रहण की द्य बैठक के दौरान सभी की सहमति से बसंत जोशी को जिला संरक्षण, नागेन्द्र त्रिपाठी को जिला संयोजक, कमल ठाकुर को जिला मीडिया प्रभारी, अमर सिंह धानक को पलोहा मंडल उपाध्यक्ष, गुड्डू पंडा को निरंजन वार्ड अध्यक्ष, कमलेश नीरश को रानी लक्ष्मीबाई वार्ड अध्यक्ष, राजेंद्र कुमार तिनगुनिया को गायत्री नगर मंडल अध्यक्ष तथा कृष्ण यादव को शास्त्री वार्ड अध्यक्ष, कमलेश चंचल को मंडल गोटीटोरिया का दायित्व सोपा गया इसके अलावा अन्य लोगों को भी विभिन्न जिम्मेदारियां दी गई द्य प्रत्येक मंडल में 15 से 20 ग्रामों को समाहित किया जाएगा द्य उद्बोधन की श्रृंखला में संस्था के संस्थापक भैया जी रावत, अशोक भार्गव एवं अन्य अतिथियों द्वारा उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए संस्था के उद्देश्य को सभी के समक्ष रखा तथा उन्होंने कहा कि हम सभी लोगों को मिलकर मां नर्मदा को बचाने के लिए प्रयास करना है तथा माँ नर्मदा में विशेष साफ सफाई के अलावा विभिन्न जगहों से प्रभावित होने वाले गंदे मल मूत्र को रोकने संबंधी प्रयास करना है द्य हम सभी का प्रयास रहे की सप्ताह में कम से कम एक दिन सभी जन उपस्थित होकर मां नर्मदा में विशेष साफ सफाई अभियान चलाने की शुरुआत करें द्य इस दौरान संस्था के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने कहा कि हम अपने दायित्वों के अनुसार संस्था के प्रति पूर्ण रूप से समर्पित होकर अपना कार्य करेंगे एवं संस्था को उच्च स्तर तक पहुंचाने के लिए समर्पित रहेंगे द्य बैठक में बड़ी संख्या में नर्मदा भक्त उपस्थित रहे।

## 15 अगस्त तक मत्स्याखेट प्रतिबंधित

नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)।

प्रदेश में नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम के तहत 16 जून से 15 अगस्त 2026 तक मत्स्याखेट प्रतिबंधित रहेगा। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने म.प्र. नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम के प्रावधानों के तहत अधिसूचना जारी की है। जिसके तहत छोटे तालाब अथवा अन्य स्त्रोत जिनका कोई संबंध किसी नदी से नहीं है और जिन्हें निर्दिष्ट जल की परिभाषा में नहीं लाया गया है, को छोड़कर समस्त नदियों व जलाशयों में बंद ऋतु में मत्स्यखेट पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। अधिसूचना में कहा गया है कि बंद ऋतु की अवधि में जिले में अवैधानिक मत्स्याखेट/ परिवहन/ क्रय- विक्रय आदि कार्य करते पाये जाने पर संबंधित व्यक्तियों के विरूद्ध मप्र मत्स्योद्योग अधिनियम 1981 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जावेगी।

# जनकल्याण शिविर में चित्रकला प्रतियोगिता के विजेताओं का सम्मान

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।



सोमवार को जनपद पंचायत चीचली द्वारा जनकल्याण शिविर पंचायत भवन गांगई में आयोजित किया गया। शिविर में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता एवं शाला प्रवेश अभियान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विकासखंड शिक्षा अधिकारी वीरेन्द्र सिंह राजपूत एवं विकासखंड स्रोत समन्वयक डी.के. पटेल के निर्देशन में संपन्न हुआ।कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष श्रीमती राधाबाई अहिरवार की उपस्थिति रही। साथ ही मंचासीन अतिथियों में मुकेश मरैया पूर्व जनपद अध्यक्ष, नरेश कौरव भाजपा मंडल अध्यक्ष, के.एल. साहू एवं चंद्रकांत गुप्ता द्वारा विजेता एवं प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अतिथियों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला तथा शाला प्रवेश अभियान के अंतर्गत प्रत्येक बच्चे को विद्यालय से जोड़ने का संदेश दिया।

कार्यक्रम के सफल संचालन में शिक्षा विभाग की ओर से अरुण दुबे (बी.ए.सी.), संजय सोनी, बुलंद कुशवाहा, दिनेश चौरसिया, लेखराम गौतम एवं सत्यम ताम्रकार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों एवं ग्रामीणजनों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया तथा शिक्षा विभाग की इस पहल की सराहना की।



## एनटीपीसी विंध्याचल को मिला पर्यावरणीय उत्कृष्टता के लिए प्लेटिनम सम्मान

**सिंगरौली।** एनटीपीसी विंध्याचल को पर्यावरण संरक्षण एवं सतत ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए आयोजित द्वितीय ग्रीन एनवायरो एनवायरनमेंट एक्सीलेंस अवार्ड्स में प्लेटिनम अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान एनटीपीसी विंध्याचल की पर्यावरणीय प्रबंधन एवं हरित विकास के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार श्री संजय प्रकाश यादव, अपर महाप्रबंधक (ईएमजी) ने पद्मश्री से सम्मानित एवं च्फॉरेस्ट मैन ऑफ इंडियाज्ज के नाम से प्रसिद्ध श्री जादव पायेंग के कर कमलों से 12 जून 2026 को गुवाहाटी में आयोजित समारोह के दौरान प्राप्त किया। यह उपलब्धि एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा पर्यावरण संरक्षण, प्राकृतिक संसाधनों के सतत उपयोग तथा हरित पहल को बढ़ावा देने के निरंतर प्रयासों की पहचान है। यह सम्मान स्टेशन की पर्यावरणीय उत्कृष्टता की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि है तथा भविष्य में भी पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को और सुदृढ़ करेगा।

# डीजी, डीजीएमएस उज्वल ता की अध्यक्षता में हुई एनसीएल की 48वीं त्रिपक्षीय सुरक्षा समिति की बैठक

सिंगरौली (स्वतंत्र मत)।



नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) मुख्यालय में सोमवार को 48वीं त्रिपक्षीय सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता महानिदेशक, डीजीएमएस उज्ज्वल ता ने की। इस अवसर पर उप महानिदेशक, डीजीएमएस (उत्तरी क्षेत्र), गाजियाबाद नीरज कुमार, सीएमडी एनसीएल बी. साईराम, निदेशक (मानव संसाधन) मनीष कुमार, निदेशक (तकनीकी) आशुतोष द्विवेदी, डीएमएस (खनन), वाराणसी क्षेत्र रघुपति पेद्दिरेड्डी, डीएमएस (मैकेनिकल), उत्तरी क्षेत्र, गाजियाबाद के. विजयकुमार, डीएमएस (इलेक्ट्रिकल), उत्तरी क्षेत्र, गाजियाबाद वी बेहरा , डीडीएमएस (इलेक्ट्रिकल) सुनील बी योहनान, शर्मा रंजन, अनिल जैन एवं डीडीएमएस (मैकेनिकल) अनिल चौधरी सहित डीजीएमएस के अन्य प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

बैठक में श्रमिक संघ जेसीसी सदस्य अजय कुमार, श्री श्यामधर दुबे, लाल पुष्पराज सिंह , अशोक कुमार पांडेय, सीएमओएआई के अध्यक्ष एस.के. पांडे एवं महासचिव सर्वेश सिंह, सेफ्टी बोर्ड के सदस्यगण , सभी क्षेत्रों के महाप्रबंधक तथा मुख्यालय के विभागाध्यक्ष भी सम्मिलित हुए।

बैठक को संबोधित करते हुए डीजी, डीजीएमएस उज्ज्वल ता ने एनसीएल को वित्त वर्ष 2025-26 में उत्पादन लक्ष्यों की पूर्ति हेतु व राष्ट्र की ऊर्जा सुरक्षा में अभूतपूर्व योगदान देने हेतु बधाई दी । उन्होंने अनुशासनयुक्त कार्य संस्कृति को सुरक्षा का मूल मंत्र बताया ।

उप महानिदेशक, डीजीएमएस (उत्तरी क्षेत्र), गाजियाबाद नीरज कुमार ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि नए दृष्टिकोण के साथ प्राप्त सुझाव सुरक्षा प्रबंधन को और अधिक प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण हैं तथा उनका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

उन्होंने स्पष्ट कार्ययोजना, दृढ़ इच्छाशक्ति और गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण पर बल दिया ।

इस अवसर पर अपने उद्बोधन में सीएमडी एनसीएल बी. साईराम ने विद्युत सुरक्षा को सुदृढ़ करने तथा संविदा कर्मियों के लिए उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं को और सशक्त बनाने पर बल दिया।

इस दौरान उन्होंने सीएचपी की संरचनात्मक स्थिरता के नियमित आकलन,विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रमों, ओईएम प्रशिक्षण जैसी एनसीएल की पहलों का जिक्र किया ।

इस दौरान डीजीएमएस के अधिकारियों एवं श्रमिक संघ प्रतिनिधियों ने भी सुरक्षा में निरंतर सुधार संबंधी अपने सुझाव प्रस्तुत किए। बैठक में एक विस्तृत सुरक्षा प्रतिवेदन भी प्रस्तुत किया गया, जिसमें पिछली बैठक के अनुपालन प्रतिवेदन के साथ एनसीएल खदानों में सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु किए जा रहे विभिन्न कार्यों की जानकारी दी गई।

**बैठक में शून्य क्षति दक्षता प्राप्त करने हेतु सुरक्षा शपथ भी दिलाई गई** - बैठक से पूर्व राष्ट की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए शहीद हुए श्रमिक साथियों को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम का समन्वय एवं अतिथियों का स्वागत महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं बचाव) आर.एस. भदौरिया द्वारा किया गया तथा धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबंधक (ई एंड एम) डी दंडोतिया द्वारा किया गया।

# योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता : सांसद

## अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों लें शिविर का लाभ- महापौर

कटनी (स्वतंत्रमत)





शासन की चिन्हित योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को दिलाने हेतु आयोजित होने वाले तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर का शुभारंभ सोमवार को नगर निगम कार्यालय परिसर में खजुराहो लोकसभा सांसद विष्णु दत्त शर्मा, महापौर प्रीति संजीव सूरी के मुख्य आतिथ्य में किया गया। इस अवसर पर निगमायुक्त तपस्या परिहार की भी मौजूदगी रही। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। शिविर में भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, पूर्व जिलाध्यक्ष पीताम्बर टोपनानी, मेयर इन काउन्सिल सदस्य सर्व डॉ रमेश सोनी, सुभाष शिब्बू साहू, उमेन्द्र अहिरवार पार्षद सीमा श्रीवास्तव सहित विभिन्न जनप्रतिनिधियों रम्मू साहू, मृदुल मिश्रा, मनीष दुबे, अभिषेक शर्मा, सुरेश सोनी, अभिषेक गुप्ता बाबा भैया सहित उपायुक्त शैलेश गुप्ता, प्रियंका झारिया सहित नगर निगम के अधिकारियों एवं काफी संख्या में विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विष्णु दत्त शर्मा ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए अनेक जनहितकारी योजनाएं संचालित कर रही है तथा इन योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। केन्द्र एवं राज्य सरकार के माध्यम से संचालित योजनाओं से हर गरीब का विकास हो रहा है तथा देश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर हो रहा है। नागरिकों की समस्याओं के निराकरण एवं पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित करने हेतु गुड गवर्नेंस के तहत आयोजित तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर का अधिक से अधिक लाभ लेने का आह्वान उपस्थित जनों से किया। सांसद ने तीन दिवसीय आयोजित होने वाले शिविरों के दौरान विभागीय अधिकारियों को उपस्थित रहकर नागरिकों की समस्याओं का निराकरण कराने के निर्देश दिए।

### हर वर्ग का हो रहा विकास- महापौर

महापौर प्रीति संजीव सूरी ने अपने उद्बोधन में सुशासन के 12 वर्ष पूर्ण होने पर बधाई देते हुए कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं से समाज का प्रत्येक वर्ग लाभान्वित हो रहा है। सरकार द्वारा महिला युवा, किसान सहित हर वर्ग के समुचित विकास करने के प्रयास किये जा रहे है। शासन की मंशा के वंचित पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने हेतु किये गए प्रयासों के तहत तीन दिवसीय शिविर का आयोजन निगम कार्यालय में किया गया है। आपने उपस्थित जनों से आस पडोस के जरूरतमंद नागरिकों को भी शिविर की जानकारी प्रदान कर शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने हेतु सहयोग प्रदान की अपील की।

### विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं के लगाए गए स्टॉल

शिविर के दौरान नगर निगम की विभिन्न शाखाओं द्वारा प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर योजना, मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना, मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, समग्र आईडी एवं राशन कार्ड, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन की विभिन्न योजनाओं, प्रधानमंत्री आवास योजना, भवन अनुज्ञा, भवन नामांतरण, ट्रेड लायसेंस सेवाओं, सहित मध्यप्रदेश सरकार द्वारा संचालित नवीन स्वरोजगार रोजनाओं के स्टॉल लगाए गए, जहां नागरिकों को योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पात्र हितग्राहियों के आवेदन लिए जाकर उनका पंजीयन किया गया। सांसद एवं उपस्थित जनों द्वारा शिविर स्थलों में लगाये गए स्टॉल का निरीक्षण कर प्रदाय की जानें वाली विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी ली जाकर आयोजित शिविर की व्यवस्थाओं की सराहना की।

### स्वीकृति आदेश एवं लाभ का वितरण

कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा विभिन्न योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं एवं सेवाओं के स्वीकृति पत्र वितरित कर लाभान्वित किया गया। इस दौरान पीएम स्वनिधि के हितग्राही दुर्गावती, अंकिता नामदेव, श्रुति बर्मन, ममता बर्मन, अमर कुमार, प्रकाश कुमार तिवारी, मिथुल, मुन्नी बाई, दीप्ति बेन एवं मुकेश निषाद को हितलाभ का वितरण किया गया। वहीं संबल योजना के अंतर्गत ममता विश्वकर्मा, आशा बाई, प्रतिभा विजेन्द्र सिंह, राजकुमार गुप्ता, सोनाली बर्मन, सोनम बाल्मीक को ई-संबल कार्ड का वितरण किया गया। वहीं राम रती आदिवासी को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना का स्वीकृति पत्र वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान अन्य योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को भी हितलाभ का वितरण उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन जागेश्वर प्रसाद पाठक द्वारा किया गया वहीं आभार प्रदर्शन उपायुक्त शैलेश गुप्ता ने किया।

## सुशासन एवं जनकल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने पर 12 युवाओं ने लिया अंगदान महादान का संकल्प

कटनी (स्वतंत्रमत)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण एवं अंत्योदय को समर्पित ऐतिहासिक 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर, उनके सेवा भाव, राष्ट्रहित एवं मानव कल्याण के कार्यों से प्रेरित होकर 12 युवाओं ने एएमएस नई दिल्ली की ओआरबीओ के माध्यम से अंगदान हेतु पंजीकरण कर ऑर्गन डोनर कार्ड प्राप्त किए। यह प्रेरणादायी पहल भारतीय जनता युवा मोर्चा, मध्यप्रदेश के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, युवा सिख संगठन मध्यप्रदेश के प्रदेश महामंत्री एवं द मलंग फाउंडेशन के संस्थापक दिलराज अमर सिंह बग्गा के नेतृत्व में संपन्न हुई। इस अवसर पर युवाओं ने संकल्प लिया कि वे स्वयं अंगदान के प्रति जागरूक रहेंगे तथा समाज में भी इसके प्रति जनजागरण का कार्य करेंगे। अंगदान का संकल्प लेने वालों में दिलराज अमर सिंह बग्गा, रजत केसरिया, निहाल सोनी, अमित गौतम, कृष्णानंद पांडेय, विनय दीपक श्रीवास्तव, सुनील बंजारा, निखिल सोनी, सुमीत चौरसिया, दीपकमल जायसवाल, दीपांशु तिवारी, सौरभ गुप्ता शामिल रहे। इस अवसर पर दिलराज अमर सिंह बग्गा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले 12 वर्षों में सेवा को शासन का आधार बनाया है। उनके नेतृत्व में जनकल्याण, संवेदनशीलता और मानवता की भावना को नई शक्ति मिली है। उन्हीं आदर्शों से प्रेरित होकर युवाओं ने अंगदान का यह संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि अंगदान केवल एक दान नहीं, बल्कि किसी जरूरतमंद को जीवन का दूसरा अवसर देने का संकल्प है। एक अंगदाता अपने निधन के बाद भी कई लोगों के जीवन में नई उम्मीद, नई मुस्कान और नया भविष्य दे सकता है। बग्गा ने कहा कि आज आवश्यकता है कि समाज का प्रत्येक जागरूक नागरिक अंगदान के महत्व को समझे और इस महापुण्य कार्य से जुड़े। युवाओं द्वारा लिया गया यह संकल्प न केवल मानवता की सेवा का उदाहरण है, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति उनकी जागरूकता और प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा, सुशासन एवं जनकल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर लिया गया यह संकल्प समाज में सकारात्मक परिवर्तन, मानव सेवा और राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक प्रेरणादायी पहल के रूप में देखा जा रहा है।



अंगदान महादान है- आपका एक संकल्प कई जिंदगियों में नई उम्मीद जगा सकता है

# नगर निगम कर्मियों पर हमले से आक्रोश



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** नगर निगम के अतिक्रमण विभाग कार्यालय में हुई कथित मारपीट की घटना के विरोध में नगर निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी एकजुट होकर कोतवाली थाना पहुंचे। कर्मचारियों ने घटना को सरकारी कर्मचारियों की सुरक्षा एवं सम्मान से जुड़ा गंभीर मामला बताते हुए आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की। गौरतलब है कि 12 जून की रात्रि अतिक्रमण विभाग की कार्रवाई को लेकर उपजे विवाद के बाद कुछ लोगों द्वारा कार्यालय पहुंचकर कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार एवं मारपीट किए जाने के आरोप लगाए गए हैं। घटना से संबंधित वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हुआ, जिसके बाद कर्मचारियों में भारी नाराजगी देखी गई। सोमवार को नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारी, दैनिक वेतनभोगी, पेंशनर एवं कर्मचारी संघ के पदाधिकारी बड़ी संख्या में एकत्रित होकर थाना कोतवाली पहुंचे। इस दौरान उन्होंने नारेबाजी करते हुए दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की। कर्मचारियों का कहना था कि नगर निगम अमला शहर की सफाई, अतिक्रमण नियंत्रण, जलापूर्ति और अन्य आवश्यक सेवाओं के लिए निरंतर कार्य करता है, ऐसे में कर्मचारियों के साथ हिंसक व्यवहार किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। मध्यप्रदेश नगर निगम, नगर पालिका कर्मचारी संघ ने जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों को तत्काल गिरफ्तार किया जाए तथा नगर निगम कर्मचारियों को पर्याप्त सुरक्षा प्रदान की जाए। संगठन का कहना है कि यदि शासकीय कार्यों का निर्वहन कर रहे कर्मचारियों पर हमले होने लगेंगे तो इससे कर्मचारियों का मनोबल प्रभावित होगा और जनसेवाओं पर भी असर पड़ेगा। कर्मचारियों ने डीएसपी रत्नेश मिश्रा को ज्ञापन सौंपते हुए चेतावनी दी कि यदि 24 घंटे के भीतर आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की गई तो नगर निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी चरणबद्ध आंदोलन करेंगे। आवश्यकता पड़ने पर नगर की मूलभूत सेवाओं से जुड़े कार्यों को प्रभावित कर विरोध प्रदर्शन भी किया जा सकता है।

## थाना स्लीमनाबाद पुलिस ने ग्राम खिरहनी से चोरी हुई कार को किया बरामद



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** कटनी पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा, अति पुलिस अधीक्षक कटनी कमल मौर्या के कुशल निर्देशन एवं आकांक्षा चतुर्वेदी एसडीओपी स्लीमनाबाद कटनी के मार्ग दर्शन में थाना स्लीमनाबाद पुलिस ने ग्राम खिरहनी से चोरी हुई कार को किया बरामद। 10 जून को फरियादी हिमांशु पटेल पिता हरेंद्र कुमार पटेल निवासी ग्राम खिरहनी थाना स्लीमनाबाद ने रिपोर्ट किया कि मै उपरोक्त पते पर रहता हूँ। ग्राम खिरहनी मे मोबाइल की दुकान चलाता हूँ। 24 मई को मेरी सफेद रंग की रीनॉल्ट ट्राइबर कार क्रमांक एमपी 20 जेडएफ 2427 खिरहनी स्थित घर के बाहर खड़ी थी जो 25 मई को मेरे पिताजी सोकर उठे तो देखा की घर के बाहर कार नहीं खड़ी थी बीती रात कोई अज्ञात चोर घर के बाहर से गाड़ी चोरी कर के ले गया है कार की कीमत करीबन 3,00,000/- रुपये के आसपास होगी। अपनी कार के आसपास तलाश किया नहीं मिली सो रिपोर्ट करता हूँ कार्यवाही की जावे। रिपोर्ट पर अपराध क्र. 368/2026 धारा 303(2) बीएनएस का कायम कर विवेचना में लिया गया दौरान विवेचना सफेद रंग की रीनॉल्ट ट्राइबर कार क्रमांक एमपी 20 जैडएफ 2427 को लावारिस हालत मे तिहारी पुलिया के पास थाना स्लीमनाबाद से बरामद किया गया अज्ञात आरोपी की तलाश पतासाजी जारी है।

## धारा में आयोजित एमपी स्टेट कराटे चैंपियनशिप



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** हमारे लिए ये बड़ा हर्ष का विषय है हमारे अकादमी कि बड़ी सफलता लाने वाले सभी खिलाड़ियों को मेडल एवं सर्टिफिकेट मे भाजपा मछुआरा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक श्याम निषाद मुख्यअतिथि के द्वारा प्रताप कराटे एकेडमी में वितरण किया व विशिष्ट अतिथि अमित सिंघई जी, कोच एवं डायरेक्टर प्रताप निषाद रहे कार्यक्रम में अजय केवट, हार्दिक बर्मन, वंश निषाद व जूनियर कोच आकाश कोरी व दर्जनों खिलाड़ियों की उपस्थित रहे और उन्होंने कार्यक्रम में अपना साहसी प्रदर्शन भी दिखाया श्याम निषाद के द्वारा प्रदेश स्तर से जीत चयनित होकर राष्ट्रीय स्तर खेलने जा रहे खिलाड़ियों के उत्साह बढ़ाने हेतु अपनी ओर से उपहार दिया व उनकी सरहाना करते हुए शुभकामनायें बधाई दी राष्ट्रीय स्तर मे जाके जीत के आये और पूरे कटनी व मध्यप्रदेश एवं प्रताप कराटे एकेडमी का नाम रोशन कर आगे बढ़ाये।

# पिकअप ने मारी टक्कर, दो युवकों की मौत



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** लमतरा ओवर ब्रिज के पास गत दिवस हुए बस और ट्रक के भीषण हादसे के सदमे से अभी जिला उबर भी नहीं पाया कि एक और हादसे की खबर सामने आ गई है। इस बार यह घटना कटनी जबलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम तेवरी के समीप हुई। सोमवार की दोपहर लगभग 3:30 बजे हुए इस हादसे में बाइक सवार दो युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो जाने की बात सामने आ रही है। घटना की जानकारी लगते ही स्लीमनाबाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई और अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है। जानकारी देते हुए स्लीमनाबाद थाना प्रभारी सुदेश समन ने बताया कि बिलहरी चौकी अंतर्गत आने वाले ग्राम घूघरा निवासी संतोष सेन और चंदू आदिवासी अपनी बाइक क्रमांक एमपी 21 जेडई 9048 से तेवरी की तरफ जा रहे थे जैसे ही वे लोग राष्ट्रीय राजमार्ग से तेवरी गांव की तरफ मोड़ने लगे इसी दौरान कटनी से जबलपुर की ओर तेज रफ्तार से जा रहा पिकअप क्रमांक एमपी 28 जी 9373 ने बाइक सवार युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी की बाइक में सवार दोनों युवक उछलकर दूर जा गिरे, पिकअप युवकों को रौंदते हुए कुछ दूर आगे जाकर खड़ी हो गई। पुलिस ने दोनों युवकों के शव को कब्जे में लेते हुए अस्पताल भिजवाया है।

## गड्ढों को 24 घंटे में भरने व रोड डायवर्ट करने के दिए निर्देश



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** कटनी विजयराघवगढ़ मार्ग पर लमतरा ओवर ब्रिज के नीचे कल हुए बस के एक्सीडेंट में तीन यात्रियों की मृत्यु पर क्षेत्रीय सांसद विष्णु दत्त शर्मा एवं विधायक संजय पाठक ने एनएचएआई एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ स्थल का निरीक्षण किया एवं सुगम सुरक्षित यातायात के लिए गड्ढों को 24 घंटों में भरने, रोड डायवर्ट करने के निर्देश दिए साथ ही जबलपुर से कटनी आने वाले मार्ग पर देवरी के ओवर ब्रिज (बजरंग नगर पीर बाबा के पहले) पर कटनी आने का रास्ता दिखाते बड़े संकेतक एवं दीवाल के रोड डिवाइडर बनाने जिससे ट्रैक सहित अन्य वाहन न खड़े हो।

# नटराजन का नामांकन निरस्त किया जाना संवैधानिक मूल्यों पर प्रहार




**कटनी (स्वतंत्रमत)।** कांग्रेस द्वारा जिला कार्यालय में रविवार को एक पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया था। कांग्रेस द्वारा आयोजित पत्रकार वार्ता में जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक कुंवर सौरभ सिंह, शहर कांग्रेस अध्यक्ष अमित शुक्ला, जिला प्रभारी मनु मिश्रा एवं महिला कांग्रेस प्रभारी विजयलक्ष्मी मिश्रा मौजूद रही। इस मौके पर जिला कांग्रेस प्रभारी और जिला अध्यक्ष ने बताया कि मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी आज पूरे प्रदेश में जिला स्तर पर पत्रकार वार्ताओं के माध्यम से देश और प्रदेश की जनता के सामने एक अत्यंत गंभीर विषय रख रही है। राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त किया जाना केवल एक उम्मीदवार के साथ अन्याय का मामला नहीं है, बल्कि यह लोकतांत्रिक प्रक्रिया, निष्पक्ष चुनाव और संवैधानिक मूल्यों पर गंभीर प्रहार है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी का स्पष्ट मत है कि जिस प्रकार की आपत्तियों और व्याख्याओं के आधार पर मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त किया गया, उसने पूरे देश में चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता को लेकर गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, कांग्रेस महासचिव एवं मध्यप्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, वरिष्ठ अधिवक्ता एवं सांसद डॉ. विवेक तन्खा तथा वरिष्ठ अधिवक्तता अभिषेक मनु सिंघवी सहित कांग्रेस नेतृत्व ने लगातार यह प्रश्न उठाया है कि क्या चुनावी प्रक्रिया कानून के अनुरूप संचालित होगी या राजनीतिक दबावों के अनुरूप वहीं शहर कांग्रेस अध्यक्ष अमित शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का कहना है कि पहला, जिस निजी परिवाद का उल्लेख किया गया है, उसमें मीनाक्षी नटराजन को अभियुक्त नहीं बल्कि प्रतिवादी के रूप में दर्शाया गया है। प्रतिवादी और अभियुक्त की कानूनी स्थिति अलग-अलग होती है। दोनों को समान मानकर की गई व्याख्या गंभीर कानूनी प्रश्न उत्पन्न करती है। वहीं जिला प्रभारी मनु मिश्रा ने कहा कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 33। और फॉर्म-26 की व्यवस्था का उद्देश्य उन आपराधि मामलों की जानकारी प्राप्त: करना है जिनमें उम्मीदवार के विरुद्ध विधिवत आपराधिक कार्यवाहीच रही हो तथा कानून के अनुरूप आवश्यक प्रकटीकरण अपेक्षित हो। कांग्रेस का मत है कि जिस आधार नामांकन निरस्त करने का कारण बनाया गया, वह इन प्रावधानों की भावना और व्याख्या से मेल खाता। इस दौरान कांग्रेस के पदाधिकारियों के अलावा अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे हैं।

# भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष पवन पाटीदार का ऐतिहासिक कटनी प्रवास

कटनी (स्वतंत्रमत)





भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष पवन पाटीदार का कटनी जिले का प्रवास संगठनात्मक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण एवं सफल रहा। उनके आगमन पर जिले भर के भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने विभिन्न स्थानों पर आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान आयोजित जिला सम्मेलन, जनसंपर्क कार्यक्रम संत दर्शन, वृक्षारोपण अभियान एवं लाभार्थी संवाद कार्यक्रमों के माध्यम से संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करने का कार्य किया गया। कटनी जिला मुख्यालय स्थित भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला सम्मेलन में प्रदेशाध्यक्ष पवन पाटीदार ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि श्भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता समाज के विभिन्न वर्गों को जोड़ने तथा उनकी समस्याओं को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण दायित्व निभाता है। भाजपा की संगठनात्मक शक्ति कार्यकर्ताओं की निष्ठा, समर्पण और सक्रियता से निर्मित हुई है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने तथा समाज के हर वर्ग के बीच संगठन की मजबूती के लिए निरंतर कार्य करने का आह्वान किया। सम्मेलन को भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन एवं पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष तथा जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक कुमार विश्वकर्मा ने भी संबोधित किया। उन्होंने संगठनात्मक विस्तार, सामाजिक समरसता और जनसेवा के कार्यों को गति देने पर बल दिया। प्रदेशाध्यक्ष पाटीदार ने कार्यकर्ताओं से समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचकर उनकी समस्याओं को समझने और उनके समाधान हेतु सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष अशोक कुमार विश्वकर्मा ने पूरे कार्यक्रमों की रूपरेखा एवं व्यवस्थाओं का नेतृत्व करते हुए प्रदेशाध्यक्ष के प्रवास को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके नेतृत्व में जिले भर में आयोजित कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की सहभागिता देखने को मिली। कार्यक्रम में जिला महामंत्री प्रदीप साहू, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अजय माली, जिला उपाध्यक्ष राकेश यादव, संगीता जायसवाल, देवेंद्र सोनी, जिला मंत्री प्रशांत मालवीय, विमल साहू, जिला कार्यालय मंत्री सुनील विश्वकर्मा, सोशल मीडिया प्रभारी अमित साहू, मंडल अध्यक्ष बॉबी सोनी, शुभम प्रजापति, मुन्ना यादव, अश्वनी पटेल, रामसहाय साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, मोर्चा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम उपरांत प्रदेशाध्यक्ष पाटीदार ने विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक के निवास पहुंचकर सौजन्य भेंट की। इसके बाद चनेहटा में आयोजित एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया गया। प्रवास के दौरान केंद्र सरकार के मोदी के 12 साल बेमिसाल अभियान के तहत विभिन्न हितग्राहियों एवं लाभार्थियों से भी मुलाकात की गई। उनसे संवाद कर केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ एवं उनके जीवन में आए सकारात्मक परिवर्तनों की जानकारी प्राप्त की गई। प्रदेशाध्यक्ष पवन पाटीदार एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक कुमार विश्वकर्मा ने लाभार्थियों से सीधे संवाद कर सरकार की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा की।

# जर्मनी ने पहली बार खेल रही कुराकाओ टीम को 7-1 से रौंदा

ह्यूस्टन (वार्ता)।

रविवार को वर्ल्ड कप के अपने पहले मैच में जर्मनी ने कुराकाओ को 7-1 से करारी शिकस्त दी। फेलिक्स नमेचा ने टूर्नामेंट का अब तक का सबसे तेज गोल किया और फिर पहले हाफ के स्टॉपेज टाइम में पेनल्टी हासिल की, जिसे काई हावर्ट्ज़ ने गोल में बदलकर बढ़त को और बढ़ा दिया। चार बार की चैंपियन टीम ने ग्रुप ई के इस मैच में शुरुआत से ही दबदबा बनाए रखा। यह मैच वर्ल्ड कप के लिए क्वालीफाई करने वाले सबसे छोटे देश के खिलाफ था।



छठे मिनट में फ्लोरियन विर्ट्ज के साथ शानदार वन-टू पासिंग के बाद नमेचा ने एक बेहतरीन शॉट लगाकर गेंद को कोने में पहुंचाया और टीम को बढ़त दिलाई। कुराकाओ के लिए लिवानो कोमेनेंसिया ने 21वें मिनट में बराबरी का गोल किया, यह उनका विश्व कप में पहला गोल भी था। इसके बाद 38वें मिनट में जर्मनी को कॉर्नर मिला, जिस पर निको श्लोटरबेक ने शानदार हेडर लगाकर स्कोर 2-1 कर दिया। हाफ-टाइम से ठीक पहले विपक्षी टीम के एरिया में नमेचा को फाउल किया गया और काई हावर्ट्ज ने पेनल्टी को गोल में बदलकर स्कोर 3-1 कर दिया। फिर, हाफ-टाइम के ठीक बाद किमिच के पास पर जमाल मुसियाला ने बॉक्स के अंदर से गोलकीपर को छकाते हुए जर्मनी के लिए चौथा गोल किया। मुसियाला की जगह आए उंडाव ने 68वें मिनट में नथानिएल ब्राउन को गोल करने में मदद की, जिससे जर्मनी 5-1 से आगे हो गया। 78वें मिनट में उंडाव ने जर्मनी के लिए छठा गोल किया। 88वें मिनट में हावर्ट्ज ने अपना दूसरा गोल पूरा किया।



## एफआईएच हॉकी महिला नेशंस कप में भारत ने अमेरिका को 3-2 से हराया

ऑकलैंड (वार्ता)।

भारतीय महिला टीम ने एफआईएच हॉकी महिला नेशंस कप के पूल ए के शुरुआती मैच में दो गोल से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए अमेरिका को 3-2 से हराया। नॉर्थ हार्बर हॉकी सेंटर में रविवार को खेले गये मुकाबले में भारत के लिए दीपिका ने दो गोल किए और नवनीत कौर ने एक गोल किया, जबकि अमेरिका के लिए एशले सेसा और मैडलिन जिमर ने गोल किए। दो गोल के साथ भारतीय टीम में शानदार वापसी करने वाली दीपिका को प्लेयर ऑफ द मैच के पुरस्कार से नवाजा गया। अमेरिका ने शानदार शुरुआत की और एशले सेसा ने (चौथे) मिनट में मैदानी गोल करके खाता खोला। अमेरिकियों ने तीन मिनट बाद ही अपनी बढ़त दोगुनी कर दी, जब मैडलिन जिमर ने (सातवें) मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारत पर शुरुआती दबाव बना दिया।

दो गोल से पिछड़ने के बाद, भारत ने धीरे-धीरे अटैक में अपनी पकड़ बनानी शुरू की। उनकी कोशिशें दूसरे क्वार्टर में रंग लाईं, जब ड्रैग-फ्लिक स्पेशलिस्ट दीपिका ने (17वें ) मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर अंतर कम किया और भारत को खेल में वापस लाईं। भारत को इस क्वार्टर के बीच में एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला। दीपिका ने (24वें ) मिनट में एक बार फिर मोर्चा संभाला और एक और पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। भारत ने दबाव बनाए रखा और हाफटाइम से पहले शानदार वापसी पूरी की। नवनीत कौर ने (28वें ) मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर मैच में पहली बार भारत को बढ़त दिलाई, जिससे टीम 3-2 की बढ़त के साथ ब्रेक में गई। दूसरे हाफ में दोनों टीमों के बीच गोल करने के लिए कड़ी टक्कर हुई। मैच के दौरान दोनों टीमों को छह-छह पेनल्टी कॉर्नर मिले, लेकिन किसी भी टीम के डिफेंस ने बाकी दो क्वार्टर में और कोई गोल नहीं होने दिया।

भारत ने आखिरी पलों में अपनी बढ़त बनाए रखी और तीनों अंक हासिल करते हुए नेशंस कप अभियान की शुरुआत जीत के साथ की। इस जीत के बाद, भारत तीन अंकों के साथ पूल ए में दूसरे स्थान पर आ गया है। जापान भी इतने ही अंकों के साथ बराबरी पर है, लेकिन गोल अंतर के आधार पर वह तालिका में सबसे आगे है। टूर्नामेंट में पूल ए के अपने दूसरे मैच में भारत का अगला मुकाबला 16 जून को जापान से होगा।

## आइवरी कोस्ट ने इक्वाडोर को 1-0 से हराया



फिलाडेल्फिया (अमेरिका) (वार्ता)। आइवरी कोस्ट ने फीफा विश्वकप 2026 के अपने शुरुआती मुकाबले में अमाद डियालो के आखिरी समय में किये गये गोल की बदौलत इक्वाडोर के खिलाफ 1-0 से जीत दर्ज की। इस जीत के उसे टूर्नामेंट में तीन अंक हासिल हुए। मैच के दौरान दक्षिण अमेरिकन टीम ने तीन बार गोलपोस्ट पर शॉट मारे, जबकि आइवरी कोस्ट ने भी एक दफा बार पर शॉट मारा। आखिरकार, सब्स्टीट्यूट के तौर पर मैदान पर आए मैनचेस्टर यूनाइटेड के फॉरवर्ड ने 90वें मिनट में गोलपोस्ट के निचले कोने में गेंद पहुंचाकर गोल किया। आइवरी कोस्ट चौथी बार विश्वकप में हिस्सा ले रही है। इक्वाडोर ने पहले हाफ में बेहतर मौके बनाए; इमैनुएल एगबाडू के फिसलने से पेनल्टी एरिया में जगह मिलने के बावजूद एनर वालेंसिया का शॉट बार के ऊपर से निकल गया। जॉन येबोआ गोल के और करीब पहुंचे, उन्होंने एरिया के किनारे से बार पर शॉट मारा, और पेड्रो विटे के थ्रू बॉल के बाद एलन मिंडा ने भी गोलपोस्ट पर शॉट मारा। 19 साल के यान डियोमांडे आइवरी कोस्ट के राइट फ्लैंक पर बेहद सक्रिय दिखे, लेकिन टीम उनके हमलों का पूरा फायदा नहीं उठा सकी - निकोलस पेपे ने एक मौके पर बहुत देर लगाई और दूसरे शॉट में गेंद अपने ही साथी खिलाड़ी एली वाही को मार बैठे। पहला हॉफ गोल रहित रहा। दूसरे हाफ की शुरुआत में गोंजालो प्लाटा के साथ शानदार वन-टू पासिंग के बाद वालेंसिया का शॉट पोस्ट के बाहरी हिस्से से टकराया, लेकिन खेल दोबारा शुरू होने के बाद आइवरी कोस्ट ने बेहतर मौके बनाए। खतरनाक डियोमांडे ने बॉक्स में घुसने के बाद दो बार ऊंचे और बाहर शॉट मारे और उनके क्रॉस को वाही ने क्रॉसबार की ओर मोड़ दिया। दूसरी तरफ, बॉक्स के बाहर से प्लाटा के शॉट को याहिया फोफाना ने बचाया, जबकि जोएल ऑर्डोनेज़ ने फ्री-किक पर हेडर मारा जो ऊपर चला गया। लेकिन आखिरकार अमाद ने गतिरोध तोड़ा, विल्फ्रेड सिंगो की शानदार दौड़ और क्रॉस के बाद उन्होंने बॉक्स के किनारे से गेंद को पोस्ट के अंदर पहुंचाकर मैच का परिणाम सुनिश्चित कर दिया।

## कामाडा के गोल से जापान बनाम नीदरलैंड्स मुकाबला हुआ ड्रा

आर्लिंगटन (अमेरिका) (वार्ता)। जापान के दाइची कामाडा ने फीफा विश्वकप 2026 ग्रुप एफ के एक रोमांचक मुकाबले में आखिरी समय में गोल दागकर नीदरलैंड्स के खिलाफ मैच 2-2 से ड्रा करा दिया। डलास स्टेडियम में रविवार रात खेले गये मुकाबले में जापान के खिलाफ नीदरलैंड्स फीफा विश्व कप 2026 में अपने अभियान की शुरुआत एक शानदार जीत के साथ करने के बेहद करीब था। लेकिन जापानी खिलाड़ी दाइची कामाडा ने 89वें मिनट में शानदार गोल किया और मुकाबला 2-2 से ड्रॉ रहा। और दोनों टीमों ने अंक बांटे। मैच के लंबे समय तक नीदरलैंड्स का दबदबा बना रहा। उन्होंने गेंद पर पूरा नियंत्रण रखा, शुरुआती दौर में बेहतर मौके बनाए और हाफ टाइम से पहले जापानी गोलकीपर जायोन सुजुकी को कई शानदार बचाव करने पर मजबूर किया। 51वें मिनट में वर्जिल वैन डाइक ने बॉक्स के अंदर सबसे ऊंची छलांग लगाते हुए रयान ग्रेवेनबर्च के शानदार पास पर हेडर से गोलकर इस गतिरोध को तोड़ा। महज छह मिनट बाद, ताकेफुसा कुबो के शानदार पास पर कीटो नाकामुरा ने बॉक्स के बाहर से गोलकर स्कोर बराबर कर दिया। 64वें मिनट में क्रिसेंसियो समरविले के गोल से नीदरलैंड्स ने बढ़त बना ली और स्कोर 2-1 कर दिया।



## स्वीडन ने ट्यूनीशिया को 5-1 से रौंदा

मॉन्टेरी (मैक्सिको) (वार्ता)। यासीन अयारी (दो गोल), अलेक्जेंडर इसाक, विक्टर ग्योकेरेस और मटियास स्वानबर्ग (एक-एक) की बदौलत स्वीडन ने ट्यूनीशिया को 5-1 से रौंद कर फीफा विश्व कप 2026 अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। स्वीडन की ओर से जीत के नायक यासीन अयारी रहे, जिन्होंने दो गोल दागे। उनके अलावा अलेक्जेंडर इसाक, विक्टर ग्योकेरेस और मटियास स्वानबर्ग ने 1-1 गोल किए। मैच के 7वें मिनट में 22 वर्षीय यासीन अयारी ने गोलकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। मैच के 30वें मिनट में अलेक्जेंडर इसाक ने गोल करते हुए बढ़त को दोगुना कर दिया। स्वीडन में मैच में अपना दबदबा बनाये रखा।



दबाव के बीच ट्यूनीशिया के लिए 43वें मिनट में ओमर रेकिक ने गोल कर स्कोर 2-1 कर दिया। मैच के दूसरे हॉफ में 59वें मिनट में स्वीडन के स्टार खिलाड़ी ग्योकेरेस ने गोल करने में सफलता हासिल की। इसके बाद सब्स्टीट्यूट के तौर पर मैदान पर उतरे स्वानबर्ग ने 84वें मिनट में गोल किया। मैच में आखिरी समय से ठीक पहले स्टॉपेज टाइम में अयारी ने गोल करते हुए जोरदार जीत दिलाई।

## वेस्टइंडीज ने श्रीलंका को पांच विकेट से हराया, सीरीज भी जीती

किंगस्टन (वार्ता)।

शमार जोसेफ (पांच विकेट) और शरफेन रदरफोर्ड (नाबाद 54) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत वेस्टइंडीज ने सोमवार को तीसरे टी-20 मुकाबले में श्रीलंका को दो गेंदें शेष रहते पांच विकेट से शिकस्त दी। इसी के साथ वेस्टइंडीज ने तीन मैचों की सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली। आज यहां वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका की टीम शमार जोसेफ की अगुवाई में गेंदबाजों आक्रमण के आगे निर्धारित 20 ओवरों में 169 रन पर सिमट गई। दुनित वेल्लालगे ने 28 गेंदों में छह चौके और एक छक्का लगाते हुए (43) रनों की पारी खेली। उनके अलावा कामिल मिशारा (28), पथुन निसंका ने (26), कामिंडु मेंडिस (20), वानिंदु हसरंगा (21) और दसून शानका ने (16) रनों का योगदान दिया। वेस्टइंडीज के लिए शमार जोसेफ ने पांच विकेट लिये।



## भारतीय पुरुष हॉकी टीम नीदरलैंड्स से 2-3 से हरी

रॉटरडैम (वार्ता)। भारतीय पुरुष हॉकी टीम को रॉटरडैम के हॉकी क्लब में एफआईएच प्रो लीग 2025-26 के मुकाबले में नीदरलैंड्स के खिलाफ रविवार को 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। पुरुष हॉकी रैंकिंग में आठवें स्थान पर मौजूद भारत के लिए दिलप्रीत सिंह (10वें मिनट में) और सुखजीत सिंह (33वें मिनट में) ने गोल किया। नीदरलैंड के लिए माइल्स बुकेन्स (तीसरे मिनट में), कोएन बिजेन (23वें मिनट में) और तिजमेंन रेयेंगा ने (40वें मिनट में) ने गोल किए।

# 13 साल की स्वरा जाधव ने जीता पर्पल कैप

मुंबई (वार्ता)। सोबो मुंबई फाल्कन्स की 13 साल की उभरती हुई क्रिकेटर स्वरा जाधव ने पहले टी20 मुंबई महिला लीग में पर्पल कैप जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। टूर्नामेंट में सबसे कम उम्र की खिलाड़ी के तौर पर शामिल हुईं स्वरा ने 10 विकेट लेकर संयुक्त रूप से सबसे ज़्यादा विकेट लेने वाली खिलाड़ी का रिकॉर्ड बनाया और फाल्कन्स की खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई। प्रतियोगिता की सबसे कम उम्र की खिलाड़ियों में से एक होने के बावजूद, स्वरा ने भारत की इंटरनेशनल खिलाड़ी और सोबो मुंबई फाल्कन्स की कप्तान सयाली सतघरे के बराबर विकेट लिए। इस युवा खिलाड़ी ने ऐसे माहौल में बेहतरीन प्रदर्शन किया जहाँ उभरती प्रतिभाओं को सयाली जैसी अनुभवी खिलाड़ियों के साथ खेलने का मौका मिला। फाल्कन्स की युवा जोश, नेतृत्व और टीम-भावना वाली क्रिकेट की मिली-जुली रणनीति उनकी खिताबी जीत में मददगार साबित हुई। सोबो मुंबई फाल्कन्स की स्वरा जाधव ने कहा, सयाली मैदान के अंदर और बाहर दोनों जगह बहुत मददगार कप्तान रही हैं। वह हमेशा मेरा हौसला बढ़ाती हैं, मुझे ज़मीन से जुड़े रहने में मदद करती हैं और अलग-अलग स्थितियों में गेंदबाजी करने के तरीके के बारे में मार्गदर्शन करती हैं। मैच के दौरान आपके आस-पास बहुत शोर-शराबा हो सकता है - चाहे वह भीड़ का हो, संगीत का हो या मैदान के आस-पास हो रही अन्य गतिविधियों का - लेकिन वह हमेशा मुझे अपने खेल पर ध्यान केंद्रित करने और अपनी काबिलियत पर भरोसा रखने की याद दिलाती हैं।



# वस्तु व्यापार घाटा मई में बढ़कर 28.21 अरब डॉलर पर

### पेट्रोलियम आयात खर्च में 54 प्रतिशत की वृद्धि

नयी दिल्ली (वार्ता)। पेट्रोलियम आयात खर्च में 54 प्रतिशत की भारी बढ़ोतरी के कारण मई में वस्तु व्यापार घाटा बढ़कर 28.21 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, मई में कुल 73.41 अरब डॉलर का माल आयात किया गया जबकि निर्यात 45.20 अरब डॉलर रहा। इस प्रकार, कुल वस्तु व्यापार घाटा 28.21 अरब डॉलर रहा। पिछले साल मई में 60.86 अरब डॉलर के आयात और 38.30 अरब डॉलर के आयात के साथ वस्तु व्यापार घाटा 22.56 अरब डॉलर रहा था। मई में सेवाओं का अनुमानित निर्यात 36.76 अरब डॉलर और आयात 19.06 अरब डॉलर रहा। एक साल पहले ये क्रमश: 32.46 अरब डॉलर और 16.70 अरब डॉलर पर रहे थे। इस प्रकार सेवाओं सहित कुल आयात 92.47 अरब डॉलर और निर्यात 81.96 अरब डॉलर रहा। भुगतान संतुलन में नुकसान बढ़कर 10.51 अरब डॉलर पर पहुंच गया। एक साल पहले यह 6.79 अरब डॉलर रहा था। बढ़ते व्यापार घाटे का मुख्य कारण पेट्रोलियम आयात के खर्च में भारी-भरकम वृद्धि है। इस साल मई में 22.68 अरब डॉलर का पेट्रोलियम आयात किया गया। यह मई 2025 के 14.75 अरब डॉलर से 53.8 प्रतिशत अधिक है। इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं का आयात बिल 35.49 प्रतिशत बढ़कर 12.32 अरब डॉलर पर और सोने का आयात बिल 33.97 प्रतिशत बढ़कर 3.42 अरब डॉलर पर पहुंच गया। चालू वित्त वर्ष के पहले दो महीने में वस्तु आयात पिछले साल की समान अवधि के 126.24 अरब डॉलर से बढ़कर 145.35 अरब डॉलर पर और निर्यात 76.59 अरब डॉलर से बढ़कर 88.91 अरब डॉलर पर पहुंच गया। पेट्रोलियम और गहने जवाहरात को छोड़कर कुल आयात मई 2025 के 41.44 अरब डॉलर से बढ़कर मई 2026 में 46.09 अरब डॉलर पर रहा। वहीं, कुल निर्यात 30.49 अरब डॉलर से बढ़कर 34.24 अरब डॉलर पर पहुंच गया। मई में जिन पांच देशों से सबसे ज्यादा आयात हुआ उनमें चीन से आयात सालाना 23.4 प्रतिशत बढ़कर 12.73 अरब डॉलर, रूस से 63.5 प्रतिशत बढ़कर 9.48 अरब डॉलर, अमेरिका से 54.4 प्रतिशत बढ़कर 5.87 अरब डॉलर और सऊदी अरब से 12.5 प्रतिशत बढ़कर 2.12 अरब डॉलर रहा।



# घरेलू मांग से मिल रहा अर्थव्यवस्था को समर्थन : निर्मला सीतारमण

नयी दिल्ली (वार्ता)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि इस समय वैश्विक स्तर पर व्यापार और आपूर्ति को लेकर कई प्रकार की अनिश्चतताएं भारतीय अर्थव्यस्था के लिए चुनौती पेश कर रही हैं, हालांकि घरेलू मांग से अर्थव्यवस्था को समर्थन मिल रहा है।

श्रीमती सीतारमण ने यहां माइंडमाइन सम्मेलन 2026 के एक संवाद सत्र के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था के समक्ष चुनौतियों के बारे में पूछे जाने पर कहा कि वर्तमान में वैश्विक व्यापार में काफी अनिश्चितताएं हैं। हमारा निर्यात मजबूत है लेकिन अचानक आयात शुल्क बढ़ा दिया जाता है। हम जिन तीन वस्तुओं का सबसे अधिक आयात करते हैं उनकी कीमत और आपूर्ति दोनों में काफी उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है। इसके लिए विदेशी मुद्रा का भंडार मजबूत होना चाहिये। उन्होंने कहा कि इन सबके बीच भारत के लिए राहत की बात हमारा घरेलू बाजार है, जो काफी बड़ा है। घरेलू मांग मजबूत बनी हुई है।



# यात्री वाहनों की बिक्री मई में नये रिकॉर्ड स्तर पर

नयी दिल्ली (वार्ता)।

घरेलू बाजार में यात्री वाहनों की थोक बिक्री ने 4,38,854 इकाई के साथ मई महीने का नया रिकॉर्ड बनाया। वाहन निर्माता कंपनियों के संगठन सियाम द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, मई में कंपनियों ने कुल 4,38,854 यात्री वाहन बेचे। यह एक साल पहले की 3,44,656 इकाई की तुलना में 27.3 प्रतिशत अधिक है और मई माह का नया रिकॉर्ड है। यात्री वाहनों में कारों, उपयोगी वाहनों और वैन को शामिल किया जाता है। सियाम के महानिदेशक राजेश मेनन ने कहा कि यात्री वाहनों, तिपहिया और दुपहिया की बिक्री ने मई के पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ दिये हैं। दुपहिया की बिक्री भी 14.8 प्रतिशत बढ़कर 19,02,209 इकाई के नये रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गयी। इसमें स्कूटरों की बिक्री में 27.4 प्रतिशत का, मोटरसाइकिलों में 7.2 प्रतिशत और मोपेड में 30.3 प्रतिशत का उछाल दर्ज किया गया। महीने के दौरान 7,39,667 स्कूटर और 11,13,973 मोटरसाइकिलों की बिक्री हुई। जबकि तिपहिया की बिक्री 31.1 प्रतिशत की जबरदस्त वृद्धि के साथ 70,720 इकाई हो गयी।



# ईरान-अमेरिका के बीच शांति समझौते से शेयर बाजारों में तेजी

मुंबई (वार्ता)।

ईरान और अमेरिका के बीच शांति समझौते की घोषणा के बाद लिवाली से सोमवार को घरेलू शेयर बाजारों में तेजी रही और बीएसई का सेंसेक्स 736 अंक चढ़कर तीन सप्ताह के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।सेंसेक्स 1,197 अंक की तेजी में खुला और कुछ ही देर में 1,293 अंक चढ़ गया था। बाद में इसकी बढ़त कुछ कम हुई और यह 736.38 अंक (0.97 प्रतिशत) ऊपर 76,264.33 अंक पर बंद हुआ जो 25 मई के बाद का इसका उच्चतम स्तर है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 231 अंक यानी 0.98 प्रतिशत की मजबूती के साथ 23,853.90 अंक पर रहा। यह 27 मई के बाद का इसका उच्चतम बंद स्तर है। अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौते पर सहमति बन गयी है। इसमें लेबनान सहित सभी मोर्चों पर हमले बंद करने और होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने की भी बात कही गयी है। समझौते पर 19 जून को स्विटजरलैंड में एक औपचारिक समारोह में हस्ताक्षर किये जायेंगे।

इस खबर के बाद दुनिया भर के शेयर बाजारों में तेजी देखी गयी। वहीं, कच्चा तेल और अमेरिकी डॉलर दबाव में हैं। रुपये में भी आज मजबूती बनी हुई है। घरेलू स्तर पर वृहत बाजार में प्रमुख सूचकांकों से ज्यादा तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.36 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.09 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। चौतरफा लिवाली के बीच रियल्टी सेक्टर का सूचकांक चार प्रतिशत से ज्यादा और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद सेक्टर का करीब तीन प्रतिशत चढ़ा। ऑटो, वित्त, धातु और तेल एवं गैस समूहों के सूचकांक भी एक से तीन प्रतिशत के बीच चढ़े। एनएसई में जिन 3,453 कंपनियों के शेयरों में आज कारोबार हुआ उनमें से 2,510 के शेयर हरे निशान में और 830 के लाल निशान में रहे। अन्य 113 कंपनियों के शेयर अंतत: अपरिवर्तित बंद हुए। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 22 में तेजी रही। ट्रेंट का शेयर सबसे अधिक 5.35 प्रतिशत चढ़ गया। इंडिगो में 3.59 फीसदी, बजाज फिनसर्व में 3.58, अल्ट्राटेक सीमेंट में 3.29, इटरनल में 3.26, मारुति सुजुकी में 3.25 और महिंद्रा एंड महिंद्रा में 3.01 प्रतिशत की मजबूती देखी गयी।



# सीमाओं की सुरक्षा की तरह महत्वपूर्ण है डेटा की सुरक्षा : डॉ. मोहन यादव

## मुख्यमंत्री ने राज्य डेटा के लिए सायबर सुरक्षा फ्रेमवर्क को सुदृढ़ बनाने पर कार्यशाला का किया शुभारंभ



**भोपाल (स्वतंत्र मत)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आज की सबसे मूल्यवान संपत्ति डेटा है। डिजिटल सुरक्षा समय की मांग है। डेटा की सुरक्षा, राष्ट्र की सीमा की सुरक्षा जितनी महत्वपूर्ण है। पिछले कुछ वर्षों में न केवल देश अपितु पूरी दुनिया में सायबर तकनीक और उससे जुड़ी चुनौतियों का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। हर दिन इसके नए आयाम सामने आ रहे हैं। अपराध के तरीके भी लगातार बदल रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी आधुनिक तकनीक और द्रोण जैसे साधनों के उपयोग से सुरक्षा चुनौतियों का नया स्वरूप देखने को मिला। प्रधानमंत्री श्री मोदी का देश की सुरक्षा को हर तरह से सशक्त बनाने के लिए अभिनंदन है। प्रधानमंत्री श्री मोदी की विशेषता है कि वह समय से पहले आने वाले वाली चुनौतियों को पहचान लेते हैं और शासन-प्रशासन और जन सामान्य को उसके प्रति जागरूक करने के लिए तत्काल आवश्यक कदम भी उठाते हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी के निर्देश पर सायबर अपराध, डीप फेक और अन्य चुनौतियों पर केंद्रित कार्यशाला में सायबर सुरक्षा संस्कृति को सशक्त बनाने में सभी मार्ग खोजे जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव राज्य डेटा के लिए सायबर सुरक्षा फ्रेमवर्क को सुदृढ़ बनाने पर सोमवार को कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में कार्यशाला के शुभारंभ सत्र को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया। कार्यशाला का उद्देश्य राज्य शासन के विभिन्न विभागों में सायबर सुरक्षा से जुड़ी वर्तमान चुनौतियों, उभरते सायबर खतरों, डेटा संरक्षण की आवश्यकताओं और डिजिटल शासन प्रणालियों की सुरक्षा पर व्यापक विचार-विमर्श करना है।

### कौशल विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा सेंटर

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सायबर अपराध और डेटा सुरक्षा की दिशा में ठोस कदम उठाते हुए राज्य में सायबर सिक्योरिटी रिसर्च सेंटर स्थापित करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि महू स्थित मिलिट्री कॉलेज ऑफ टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग और शैक्षणिक संस्थानों के सहयोग से यह रिसर्च सेंटर स्थापित किया जाएगा। सेंटर केंद्रीय सायबर सुरक्षा, अनुसंधान, नवाचार और कौशल विकास के लिये महत्वपूर्ण आधार बनेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सायबर अटैक की समय पर पहचान और निगरानी में आधुनिक सुरक्षा व्यवस्था से लैस सेंटर की महती भूमिका होगी। यह व्यवस्था केवल प्रतिक्रियात्मक नहीं, बल्कि पूर्वानुमान आधारित निरंतर सतर्कता की दिशा में ठोस कदम साबित होगी।

### हितग्राहियों तक पहुंचने लगा है शत-प्रतिशत लाभ

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश बदलते दौर में हर तरह की चुनौतियों से निपटने में पूरी तरह सक्षम है। सायबर अपराधियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश पुलिस ने अच्छा काम करके दिखाया है। वर्ष 2014 के बाद प्रधानमंत्री श्री मोदी ने जीरो बैलेंस पर बैंक अकाउंट खोलने की शुरुआत की। जनधन खाते खुलने से देशभर में जरूरतमंदों को डीबीटी के माध्यम से हितलाभ सीधे उनके बैंक खाते में दिया जाने लगा। डीबीटी की पारदर्शी व्यवस्था लागू होने से शत प्रतिशत लाभ हितग्राहियों तक पहुंचने लगा। दुनिया ने भारत की यूपीआई पेमेंट सिस्टम का लोहा माना है। ऐसे समय में जब नागरिकों को डिजिटल और ऑनलाइन माध्यम से लाभ पहुंच रहा है तो सरकार पर सुरक्षा की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। नागरिकों के मन में विश्वास पैदा करने के लिए राज्य सरकार हर पहलू को ध्यान में रखकर कार्य कर रही है।

### अदृश्य खतरों से निपटने के लिये आवश्यक प्रबंधन जरूरी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सुरक्षा के तमाम चाक-चौबंद उपायों के बाद भी अगर जीवनभर की गाढ़ी कमाई एक झटके में कोई सायबर अपराधी उड़ा ले जाए तो दुःख होता है। सायबर क्राइम के अदृश्य खतरों से निपटने के लिये सभी आवश्यक प्रबंधन करना वर्तमान दौर की जरूरत है। सायबर क्राइम और डेटा सेफ्टी के मामले में लापरवाही की कोई गुंजाइश नहीं है। राज्य का डेटा हमारी सबसे मूल्यवान संपत्ति है। डेटा ब्रीच की स्थिति में आर्थिक भरपाई की जिम्मेदारी भी सरकार की होगी। प्रदेश सरकार सायबर सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

कार्यशाला में विभिन्न विभागों के अधिकारियों और मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारियों (सीआईएसओ) की सहभागिता से विषयगत समूह चर्चा आयोजित की गई। इस दौरान सायबर सुरक्षा से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर 5 समानांतर समूह गठित कर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। समूह चर्चाओं में जोखिम आधारित आकलन एवं सिक्योरिटी निगरानी, राज्य डेटा सेंटर (एसडीसी) एवं स्वान सुरक्षा, लेगेसी प्रणालियों का आधुनिकीकरण, सुरक्षा-बाय-डिज़ाइन एवं ज़ीरो-ट्रस्ट मॉडल, डेटा वर्गीकरण एवं डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन (डीपीडीपी) अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन और सायबर सुरक्षा क्षमता निर्माण, जागरूकता और एमपी-सीईआरटी की भूमिका जैसे विषयों पर चर्चा हुई। प्रतिभागियों ने अपने-अपने विभागों में सायबर सुरक्षा से संबंधित वर्तमान व्यवस्थाओं, प्रमुख चुनौतियों, तकनीकी एवं प्रशासनिक अंतरालों और सुधार की संभावनाओं पर विचार साझा किए। समूहों द्वारा राज्य शासन की डिजिटल परिसंपत्तियों और संवेदनशील डेटा की सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए विभिन्न सुझाव एवं अनुशंसाएँ भी प्रस्तुत की गईं।

चर्चा में सायबर सुरक्षा के क्षेत्र में विभागीय समन्वय बढ़ाने, जोखिम प्रबंधन को सुदृढ़ करने, सुरक्षित डिजिटल अवसंरचना विकसित करने और डेटा संरक्षण संबंधी व्यवस्थाओं को और प्रभावी बनाने पर विशेष बल दिया गया। कार्यशाला का उद्देश्य राज्य की डिजिटल परिसंपत्तियों और डेटा की सुरक्षा को मजबूत करने के साथ विभिन्न विभागों के बीच सायबर सुरक्षा संबंधी समन्वय और क्षमता निर्माण को बढ़ावा देना रहा।



# हौसले की बुलंदी से हर मंजिल होती है आसान: डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री ने भीम नगर बस्ती पहुंचकर एमपी बोर्ड 12वीं की टॉपर कुमारी चांदनी को दिया आशीर्वाद

**भोपाल (स्वतंत्र मत)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि परिवार में गरीबी, कठिनाई के बावजूद हौंसले की बुलंदी से हर मंजिल आसान होती है। विषम परिस्थितियों में भी कुमारी चांदनी ने परिश्रम, लगन और दृढ़ संकल्प से जो उपलब्धि हासिल की है, वह प्रदेश के लाखों विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव एमपी बोर्ड 12वीं की टॉपर कुमारी चांदनी विश्वकर्मा से मिलने ई-स्कूटर से विधानसभा के निकट स्थित भीम नगर बस्ती पहुंचे। ई-स्कूटर पर सवार मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्वयं हेलमेट पहना और उनके साथ ई-स्कूटर पर पीछे बैठे विधायक भगवान दास सबनानी ने भी हेलमेट लगाया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने, सरकार की उपलब्धियों और योजनाओं की प्रभावशीलता के संबंध में स्थानीय निवासियों से संवाद भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कुमारी चांदनी और उनके परिजन से आत्मीय भेंट की और परिजन के साथ सेल्फी भी ली। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने चांदनी की उत्कृष्ट सफलता पर बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की और आशीर्वाद प्रदान किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रतिभावान बेटी की पढ़ाई में गरीबी कभी बाधा नहीं बनेगी। कुमारी चांदनी को शासन की सभी योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव वैश्विक ईंधन संकट के बीच भीम नगर इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर से पहुंचे। उन्होंने देशवासियों से ईंधन बचाने और पर्यावरण-संरक्षण के लिए इलेक्ट्रिक व्हीकल अपनाने की अपील की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राष्ट्रहित में सबसे पहले अपना कारकेड घटाने का निर्णय लिया था। उनकी पहल पर कारकेड में इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) को शामिल किया गया है।

# ओवरलोड की समस्या से मिली राहत

## राय चौराहा में 200 केवीए का नया ट्रांसफार्मर स्थापित

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** दमोह शहर वितरण केंद्र अंतर्गत राय चौराहा क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं को अब बेहतर व निर्बाध बिजली आपूर्ति मिलेगी। क्षेत्र में लंबे समय से बढ़ते विद्युत भार के कारण स्थापित 200 केवीए ट्रांसफार्मर पर ओवरलोड की स्थिति निर्मित हो रही थी जिससे बार-बार डीओ ट्रिप होने और बिजली आपूर्ति प्रभावित होने की शिकायतें सामने आ रही थीं। मामले की जानकारी मिलते ही अधीक्षण अभियंताए दमोह ने त्वरित संज्ञान लेते हुए कार्यपालन अभियंताए दक्षिण संभाग दमोह श्री एमणएलण् साहू को आवश्यक निर्देश दिए। उनके निर्देशन में विभाग द्वारा राय चौराहा क्षेत्र में लोड बैलेंसिंग का कार्य कराते हुए अतिरिक्त 200 केवीए क्षमता का नया ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया। नए ट्रांसफार्मर की स्थापना से क्षेत्र के लगभग 410 विद्युत उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिला है।

विद्युत भार का संतुलित वितरण होने से न केवल ओवरलोड की समस्या समाप्त हुई है बल्कि उपभोक्ताओं को बेहतर वोल्टेज के साथ गुणवत्तापूर्ण एवं सुचारू बिजली आपूर्ति भी सुनिश्चित हुई है।विभागीय अधिकारियों के अनुसार आगामी समय में विद्युत मांग बढ़ने की स्थिति को ध्यान में रखते हुए यह कार्य किया गया है ताकि भविष्य में विद्युत आपूर्ति बाधित न हो और सम्मानीय विद्युत उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। यह कार्य दमोह शहर वितरण केंद्र के मेंटेनेंस प्रभारी एमएस राय के मार्गदर्शन में लाइन स्टाफ द्वारा सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया। वर्तमान में क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था पूरी तरह सामान्य एवं निर्बाध रूप से संचालित हो रही है।

# कक्षा 5वीं और 8वीं की पुनः परीक्षा आज से

## परीक्षा केन्द्र पर ही ऑन स्पॉट प्रिंट होंगे प्रश्न पत्र, प्रदेश में बनाए गए 2 हजार 795 परीक्षा केंद्र

**भोपाल (स्वतंत्र मत)।** प्रदेश में वर्ष 2025-26 की कक्षा 5वीं एवं 8वीं की पुनः परीक्षा 16 जून से शुरू हो रही है। यह 23 जून तक चलेगी। इस परीक्षा में सत्र 2025-26 की मुख्य परीक्षा में अनुत्तीर्ण एवं अनुपस्थित विद्यार्थी शामिल हो सकेंगे। परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा प्रदेश भर में कुल 2 हजार 795 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। यह परीक्षा सुबह 10 बजे से शुरू होगी। कक्षा 5वीं की पुनः परीक्षा में लगभग 1 लाख 17 हजार से अधिक एवं कक्षा 8वीं के लगभग 1 लाख 32 हजार से अधिक परीक्षार्थी शामिल होंगे। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के समस्त शासकीय, मान्यता प्राप्त अशासकीय एवं अनुदान प्राप्त शालाओं और पंजीकृत मदरसों में अध्ययनरत कक्षा 5 व 8 के विद्यार्थियों की पुनः परीक्षा सत्र 2025-26 का आयोजन 16 से 23 जून 2026 की अवधि में किया जाएगा। पुनःपरीक्षा के लिए प्रश्नपत्रों की गोपनीयता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रश्नपत्रों की ऑन स्पॉट प्रिंटिंग परीक्षा केन्द्र पर केन्द्राध्यक्ष द्वारा की जाएगी। परीक्षा पोर्टल से प्रश्नपत्रों को डाउनलोड एवं प्रिंट करने के लिए जिला परियोजना समन्वयक को नोडल अधिकारी बनाया गया है। परीक्षाओं के निर्बाध संचालन के लिए राज्य शिक्षा केन्द्र के निर्देश पर प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर न्यूनतम 02 कम्प्यूटर/लैपटॉप, 02 कार्यशील प्रिंटर, इंटरनेट, पर्याप्त ए-4 साईज पेपर, टोनर की उपलब्धता एवं सुगम विद्युत व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है। कक्षा 5वीं व 8वीं की पुनः परीक्षा के लिए केवल जनशिक्षा केन्द्र स्तर ही परीक्षा केन्द्र बनाये गए हैं। जिले में किसी परीक्षा केन्द्र पर 500 से अधिक परीक्षार्थी सम्मिलित हो रहे हों ।

# पैसों के विवाद में वृद्ध व्यक्ति की हत्या

**दमोह (स्वतंत्र मत)।**

जिले के देहात थाना क्षेत्र के नरसिंहगढ़ चौकी अंतर्गत आने वाले रामपुर गांव में शनिवार रात करीब 10 बजे पैसों के लेनदेन के पुराने विवाद पर 70 वर्षीय वृद्ध माखन उर्फ हल्के भाई पटेल की गांव के ही कुछ लोगों ने चाकूमार कर हत्या कर दी, घटना के बाद आरोपी भाग गए। परिजनों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी, सीएसपी एचआर पांडे, देहात थाना टीआई अमित गौतम, नरसिंहगढ़ चौकी प्रभारी रोहित द्विवेदी, एएसआई अकरम के साथ नरसिंहगढ़ चौकी पुलिस घटनास्थल पहुंची। परिजनों के बयान लेने के बाद मामले में रिपोर्ट दर्ज की गई और शव को जिला अस्पताल में रखवाया गया। रविवार सुबह पोस्टमार्टम कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। जल्द ही आरोपियों की मिलने की खबर सामने आ रही है। मृतक माखन पटेल के भतीजे रामेश्वर पटेल ने बताया कि गांव के राकेश उर्फ पूरा ठाकुर ने अपने साले सचिन ठाकुर व कुछ लोगों के साथ मिलकर उनके बड़े पिताजी की हत्या की है।



बड़े पिता के बेटे हरिदास को आरोपी पूरा ठाकुर से कुछ पैसे लेने थे जिसको लेकर विवाद हुआ था। आरोपी पूरी प्लानिंग के तहत शनिवार को उनके भाई की हत्या करने के लिए चाकू व अन्य हथियार लेकर आए थे लेकिन तभी उनके बड़े पिता बीच बचाव करने आ गए तो आरोपियों ने उनके सीने में चाकू मार दिया। लहूलुहान हालत में बड़े पिता जमीन पर गिर पड़े। इसके बाद आरोपी वहां से भाग गए। परिवार के अन्य लोग भी घटनास्थल पर पहुंचे और तत्काल नरसिंहगढ़ पुलिस को सूचना दी। परिजनों की मांग है कि आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार किया जाए और उन पर सख्त कार्रवाई की जाए। जानकारी देते हुए सीएसपी एचआर पांडे ने बताया की रामपुर गांव में माखन पटेल की चाकू मार कर हत्या हुई है। पूरा ठाकुर ने अपने साले सचिन के साथ मिलकर हत्या कांड को अंजाम दिया है।

प्रथम दृष्टया पैसों के लेनदेन को पैसों के लेनदेन को लेकर यह हत्या कांड हुआ है। शनिवार को इसी बात को लेकर उनके बीच बातचीत हुई थी और रात में आरोपियों ने पटेल परिवार के घर पहुंच कर हमला कर दिया। आरोपी हरिदास को मारने आए थे लेकिन बीच बचाव करने के लिए पिता पहुंच गए तो आरोपियों ने उनके सीने में चाकू मार दिया जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई है। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया है और आरोपियों पर हत्या का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।




# मप्र कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग का बड़ा अभियान

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** मप्र कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग द्वारा संचालित सोशल मीडिया वॉरियर्स अभियान के अंतर्गत जिला कांग्रेस कमेटी दमोह एवं सोशल मीडिया विभाग द्वारा एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई। यह अभियान प्रदेश के युवाओं, जागरूक नागरिकों तथा सोशल मीडिया पर सक्रिय इन्फ्लुएंसर्स को कांग्रेस संगठन से जोड़ने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है। इस अवसर पर अविरल हरि जैन प्रदेश उपाध्यक्ष मप्र कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। साथ ही जिला कांग्रेस अध्यक्ष मानक पटेल, संगठन महासचिव नितिन मिश्रा, सेवादल अध्यक्ष संजय चौरसिया, आईटी सेल एवं सोशल मीडिया विभाग जिला अध्यक्ष खिलान सिंह ठाकुर, प्रदेश सचिव अमरदीप अग्रवाल उपस्थित रहे। अविरल हरि जैन प्रदेश उपाध्यक्ष मप्र कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग ने कहा कि अभियान के तहत प्रदेश, जिला एवं विधानसभा स्तर पर सोशल मीडिया वॉरियर्स का चयन किया जाएगा।

# राष्ट्रीय कैनो स्प्रिंट चैंपियनशिप में मप्र का स्वर्णिम प्रदर्शन

## 39 पदकों के साथ बना ओवरऑल चैंपियन

**भोपाल (स्वतंत्र मत)।**

मध्यप्रदेश खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित वाटर स्पोर्ट्स अकादमी के खिलाड़ियों ने रायपुर (छत्तीसगढ़) में 12 से 14 जून 2026 तक आयोजित 36वीं राष्ट्रीय जूनियर एवं सब-जूनियर कैनो स्प्रिंट चैंपियनशिप में ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए मध्यप्रदेश को ओवरऑल चैंपियनशिप का खिताब दिलाया। प्रतियोगिता में प्रदेश के खिलाड़ियों ने कुल 39 पदक अर्जित कर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की।

### चार वर्गों में मध्यप्रदेश बना चैंपियन

प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश ने जूनियर पुरुष, जूनियर महिला, सब-जूनियर बालक एवं सब-जूनियर बालिका वर्ग में चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन ने एक बार फिर मध्यप्रदेश को राष्ट्रीय जलक्रीड़ा मानचित्र पर शीर्ष स्थान दिलाया।




### 39 पदकों के साथ रचा नया इतिहास

प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश ने कुल 39 पदक अर्जित किए, जिनमें 25 स्वर्ण, 11 रजत एवं 3 कांस्य पदक शामिल हैं। जूनियर वर्ग की 1000 मीटर एवं 500 मीटर स्पर्धाओं में खिलाड़ियों ने 24 पदक जीते, जिनमें 16 स्वर्ण, 6 रजत एवं 2 कांस्य पदक शामिल हैं। वहीं सब-जूनियर वर्ग की 500 मीटर एवं 200 मीटर स्पर्धाओं में खिलाड़ियों ने 15 पदक अर्जित किए, जिनमें 9 स्वर्ण, 5 रजत एवं 1 कांस्य पदक शामिल है।

### खातेगांव की बेटियों ने दिखाया दम

देवास जिले के खातेगांव की प्रतिभावान खिलाड़ियों ने भी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश का गौरव बढ़ाया। खिलाड़ी माही साहू ने जूनियर वर्ग की 500 मीटर सी-4 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर मध्यप्रदेश को गौरवान्वित किया।

दिव्यानी जाट ने सी-2 500 मीटर एवं सी-4 1000 मीटर स्पर्धाओं में दो रजत पदक अर्जित कर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं भाग्यश्री साहू ने के-4 200 मीटर स्पर्धा में रजत पदक तथा के-2 200 मीटर स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर प्रदेश के पदक खाते में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने दी बधाई

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं सहयोगी स्टाफ को इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि मध्यप्रदेश के खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रदेश का गौरव बढ़ा रहे हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रदेश के खिलाड़ी भविष्य में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी नई उपलब्धियां अर्जित कर प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।

**सफलता का स्वर्णिम अध्याय**-यह उपलब्धि मध्यप्रदेश की खेल अकादमियों में उपलब्ध वैज्ञानिक प्रशिक्षण, आधुनिक खेल सुविधाओं एवं सुनियोजित प्रतिभा विकास कार्यक्रमों की प्रभावशीलता को दर्शाती है। साथ ही खातेगांव की बेटियों सहित प्रदेश के खिलाड़ियों का यह प्रदर्शन युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनकर उभरा है ।

## टीएल बैठक में अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर प्रताप नारायण यादव की अध्यक्षता में प्रत्येक सोमवार को प्रातः 11 बजे जिला कार्यालय के सभाकक्ष में टीएल बैठक का आयोजन किया जाता है जिसमें जिले के समस्त विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन एवं प्रगति के संबंध में समीक्षा की जाती है। कलेक्टर ने प्राचार्य डाइट को निर्देशित किया कि टीएल बैठक में डीएड फीस से संबंधित विषय, सीएम हेल्पलाईन पर समीक्षा किये जाने हेतु अनिवार्यतरू उपस्थित रहें।

## आम सूचना

मैं प्रियंका कुकरेजा पति धीरज मनुरामानी उम्र लगभग 28 वर्ष, निवासी- 599, ओल्ड जगदम्बा कालोनी, ढींगरा काम्पलेक्स के पीछे, अग्रसेन वार्ड क्रमांक-35 जबलपुर निवासी हूं।

आज दिनांक को घोषणा करती हूं कि मेरा विवाह धीरज मनुरामानी के साथ दिनांक 13.12.2024 को हुआ था, विवाह के पूर्व मेरा सरनेम (उपनाम)- प्रियंका कुकरेजा तथा विवाह के पश्चात मेरा नाम प्रियंका मनुरामानी हो गया है। अब मुझे प्रकाशन के उपरांत मेरे वास्तविक नाम प्रियंका मनुरामानी के नाम से जाना जावे।

जबलपुर, दिनांक

**पुराना नाम**
**प्रियंका कुकरेज**
**नया नाम**
**प्रियंका मनुरामानी**

## कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-11 नगर निगम जबलपुर

पत्र क्र./सं.क्र. 11/2026-27
दिनांक 15/06/2026

## भवन नामांतरण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री श्रीमति उरपीत कौर मक्कड़ पत्नी दविंदर सिंह मक्कड़ ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई के भवन क्रमांक म.नं. 334 संस्कार नगर तिलहरी सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000375591 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल जिस पर निर्मित भूतल 900 व.फु. पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्रीमती रुकमणी स्वामी पति स्व. गोविंद स्वामी का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तत करें।

**संभागीय अधिकारी**
संभाग क्रमांक-11, नगर निगम, जबलपुर

## कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)

### प्रथम निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | लागत राशि एवं समयावधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | Tender ID 2026_UAD_516092_1 PRO-307 Date 15/06/2026 | संभाग क्रं. 01 गढ़ा त्रिपुरी वार्ड अंतर्गत न्यू शास्त्री नगर, पुराना शास्त्री नगर गुप्ता नगर में नाली एवं महाराणा प्रताप चौक के पास सड़क निर्माण कार्य | 26.57 लाख चार माह | 5,000/- 19950/- | 16/07/2026 |

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री**
**नगर पालिक निगम, जबलपुर**

## एमपी ट्रांसको में प्रशिक्षण कार्यशालाएं आयोजित



# सुरक्षा संबंधी प्रक्रियाओं से अवगत हुए कर्मचारी

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** एमपी ट्रांसको की जीरो एक्सीडेंट पॉलिसी के तहत प्रदेश के विभिन्न टेस्टिंग डिवीजन मुख्यालयों में सबस्टेशन संचालन एवं मेंटेनेंस सुरक्षा संबंधी प्रशिक्षण कार्यशालाएं आयोजित की गईं। प्रशिक्षण के दौरान सबस्टेशन संचालन एवं अनुरक्षण कार्यों में अपनाई जाने वाली सुरक्षा प्रक्रियाओं, दुर्घटना निवारण उपायों तथा सुरक्षित कार्यशैली की जानकारी दी गई। इस दौरान शेखर फटाले ने एसओपी एवं सेफ्टी प्रोटोकॉल के पालन पर जोर देते हुए सुरक्षा उपकरणों के उपयोग और समन्वित टीमवर्क के महत्व से प्रतिभागियों को अवगत कराया। कार्यशालाओं में उज्जैन जिले के नागदा, धार जिले के बदनावर तथा राजगढ़ क्षेत्र के अभियंताओं एवं तकनीकी कर्मचारियों ने सक्रिय सहभागिता की।

## जोनल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट का उद्घाटन कर किया निरीक्षण

# प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे लोको पायलट्स से मिले पमरे जीएम

**जबलपुर ।** पमरे जीएम द्वारा निशातपुरा स्थित नवनिर्मित मल्टी डिसिप्लिनरी जोनल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट का उद्घाटन किया गया । इस अवसर पर दिलीप कुमार सिंह ने संस्थान में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रथम बैच लोको पायलट प्रमोशन कोर्स के 40 प्रशिक्षणार्थियों से संवाद किया। महाप्रबंधक ने प्रशिक्षणार्थियों से प्रशिक्षण व्यवस्थाओं, उपलब्ध सुविधाओं एवं उनके अनुभवों की जानकारी प्राप्त की। प्रशिक्षणार्थियों के छात्रावास, मेस, क्लासरूम, प्रशासनिक भवन, ऑडिटोरियम ब्लॉक, प्रशिक्षण कक्षों तथा संस्थान में उपलब्ध अन्य सुविधाओं का जायजा लिया। इसके साथ ही महाप्रबंधक ने संस्थान परिसर में पौधारोपण भी किया तथा पर्यावरण संरक्षण एवं हरित परिसर विकसित करने पर बल दिया।





# ब्यूटी पार्लर संचालिका की हत्या कर युवक ने खुद को भी मारी गोली

## गोरखपुर थाना क्षेत्र में 2 मौतों से मचा हड़कंप, जांच में जुटी पुलिस







**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।**

गोरखपुर थाना क्षेत्र में बने राजू डुप्लेक्स में एक युवक द्वारा ब्यूटी पार्लर संचालिका की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस वारदात के बाद आरोपी ने खुद को भी गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया। इधर इस वारदात के बाद मौके पर पहुंची गोरखपुर थाने की पुलिस ने शवों को पीएम के लिए भिजवाते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक यह घटना गोरखपुर थाना क्षेत्र के राजू डुप्लेक्स के पास की है। मृतकों की पहचान शक्ति कोहली और दीपेश राठौर के रूप में हुई है।

बताया जा रहा है कि कुछ समय पहले शक्ति कोहली और दीपेश राठौर ने मिलकर पार्टनरशिप के तहत एक ब्यूटी पार्लर की शुरूआत की थी। जिसके बाद से ही दोनों के बीच कारोबार और पैसों के लेनदेन को लेकर विवाद चल रहा था।

**विवाद के बाद किया फायर**

- पुलिस के अनुसार सोमवार दोपहर शक्ति अपने कमरे पर मौजूद थी। इसी दौरान दीपेश वहां पहुंचा। दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ। विवाद बढ़ने पर दीपेश ने पिस्टल से शक्ति को गोली मार दी।

गोली लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इससे पहले गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस और वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे तो दोनों मृत मिले। पुलिस ने घटनास्थल को सील कर दिया है।

### युवक पर दर्ज थे आपराधिक मामले

मृतका शक्ति राठौर के जीजा शरद जाटव ने बताया कि दीपेश राठौर पहले फर्नीचर का व्यवसाय करता था। उसने शक्ति को यह कहकर भरोसे में लिया था कि वह ब्यूटी पार्लर का आकर्षक इंटीरियर डिजाइन करेगा और उसे जबलपुर का सबसे अच्छा पार्लर बनाएगा। इसी दौरान दोनों के बीच पार्टनरशिप हुई। पिछले 6 से 7 महीनों से लगातार बिजनेस को लेकर मुलाकातें हो रही थीं। बाद में जब दीपेश राठौर के बारे में जानकारी जुटाई गई तो पता चला कि उसका आपराधिक रिकॉर्ड है। वह एक दुष्कर्म केस में जेल भी जा चुका है। इसके बाद शक्ति को एहसास हुआ कि दीपेश सही व्यक्ति नहीं है। उसने उससे दूरी बनाना शुरू कर दी थी। बहरहाल मौके पर पहुंची पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त हथियार, दोनों के मोबाइल फोन सहित अन्य साम्रगी जब्त करते हुए शवों को पीएम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।





# तेज रफ्तार डंपर ने मचाया कोहराम पिता-पुत्र की दर्दनाक मौत

## बरगी थाना क्षेत्र का मामला, महिला की हालत गंभीर

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** शहर से लगभग 30 किलोमीटर दूर बरगी थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर सोमवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। यहां पर एक तेज रफ्तार और बेलगाम डंपर ने बाइक सवार परिवार को कुचल दिया। इस हादसे में पिता सहित 13 वर्षीय बेटे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है।

जानकारी के मुताबिक बाइक सवार दंपति अपने बेटे के साथ जबलपुर से बरगी की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने बाइक को सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक कई मीटर तक सड़क पर घिसटती चली गई।

### आए दिन हो रहे हादसे

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसे के बाद पिता और 13 वर्षीय बालक डंपर के नीचे फंस गए थे, जबकि महिला उछलकर दूर जा गिरी। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि महिला गंभीर रूप से घायल अवस्था में तड़पती रही। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। हादसे के बाद गुस्साए स्थानीय लोगों ने तत्काल घेराबंदी कर डंपर को रोक लिया। हालांकि चालक मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया। सूचना मिलते ही बरगी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल महिला को तत्काल इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज भिजवाया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सूर्यकांत शर्मा ने बताया कि मृतकों की फिलहाल शिनाख्त नहीं हो सकी है।

वहीं फरार डंपर चालक की तलाश के लिए पुलिस की विशेष टीम गठित की गई है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की भी जांच कर रही है। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों का कहना है कि बरगी क्षेत्र में आए दिन तेज रफ्तार डंपर दौड़ते हैं, जिसके कारण लगातार सड़क हादसे हो रहे हैं। लोगों ने प्रशासन से भारी वाहनों की गति पर नियंत्रण लगाने और सख्त कार्यवाही की मांग की है।

# मप्र को मिला नवीकरणीय ऊर्जा अवसंरचना उत्कृष्टता सम्मान



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** गोवा में ग्लोबल विंड डे 2026 के अवसर पर पवन ऊर्जा: महत्वाकांक्षा से तीव्र क्रियान्वयन तक विषय पर आयोजित सम्मेलन में केन्द्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने मध्य प्रदेश को उभरती नवीकरणीय ऊर्जा अवसंरचना उत्कृष्टता का सम्मान प्रदान किया।

इस सम्मान को मध्य प्रदेश के ऊर्जा सचिव विशेष गढ़पाले ने ग्रहण किया। इस अवसर पर केन्द्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्रीपाद येसो नाइक सहित केंद्रीय मंत्रालयों, राज्य सरकारों, राज्य नोडल एजेंसियों, डिस्कॉम्स , केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों, पवन टर्बाइन निर्माताओं, स्वतंत्र विद्युत उत्पादकों, डेवलपर्स तथा अन्य पारिस्थितिकी तंत्र भागीदारों के वरिष्ठ प्रतिनिधि उपस्थित थे।

इस सम्मेलन को केन्द्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, गोवा ऊर्जा विकास एजेंसी के सहयोग से और इंडियन विंड टर्बाइन मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन , विंड इंडिपेंडेंट पावर प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन तथा इंडियन विंड पावर एसोसिएशन के समर्थन से आयोजित किया गया।

# वृद्धाश्रम के पलंग से गिरकर बुजुर्ग की मौत

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** शहर के तिलवारा थाना क्षेत्र अंतर्गत शास्त्रीनगर स्थित ओल्ड रोज होम वृद्धाश्रम में रहने वाले एक बुजुर्ग की पलंग से गिरकर मौत हो गई। मृतक की पहचान 63 वर्षीय पंकज कोरी के रूप में हुई है, जो लंबे समय से इसी वृद्धाश्रम में रह रहे थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार वृद्धाश्रम के केयरटेकर दिनेश कुशवाहा के अनुसार दोपहर के समय पंकज कोरी अपने कमरे में पलंग पर बैठे थे, तभी अचानक उन्हें तेज झटके आने लगे जो मिर्गी की तरह थे । झटके की तीव्रता के कारण वह अपना संतुलन खो बैठे और पलंग से नीचे फर्श पर गिर गए। उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

# 8 दिनों से अंधकार में डूबा शहर का गारमेंट क्लस्टर

**व्यापारियों से मिले कांग्रेस के पदाधिकारी**

**बिजली विभाग को दिया अल्टीमेटम**



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** गोहलपुर स्थित गारमेंट एंड फैशन डिजाइन क्लस्टर मार्केट में पिछले 8 दिनों से विद्युत आपूर्ति बाधित होने का मामला सामने आया है। इस संबंध में शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा ने मार्केट में पहुंचकर वहां के व्यापारियों, कर्मचारियों एवं प्रभावित परिवारों की समस्याओं को सुना। जिन्होंने बताया कि बाजार में संचालित सैकड़ों गारमेंट इकाइयों का कामकाज पूरी तरह ठप पड़ा हुआ है, जिससे हजारों लोगों की आजीविका प्रभावित हो रही है। लगातार आठ दिनों से बिजली नहीं होने के कारण उत्पादन कार्य, मशीनों का संचालन, सिलाई-कटिंग, पैकिंग और अन्य व्यावसायिक गतिविधियां बंद हैं।

श्री शर्मा ने बताया कि व्यापारियों द्वारा कई बार बिजली विभाग के अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन विभाग की उदासीनता और लापरवाही के कारण अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया।

कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया तथा तत्काल विजयनगर संभाग के बिजली विभाग के अधिकारियों को बुलाकर विस्तृत चर्चा की। अधिकारियों को व्यापारियों की परेशानियों से अवगत कराते हुए शीघ्र समाधान की मांग की गई,चर्चा के दौरान बिजली विभाग के अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि आगामी 24 घंटे के भीतर बिजली आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। इस दौरान प्रमोद पटेल, अनुज श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

# पुल से नीचे गिरी कार, 9 घायल

**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** सिहोरा थाना क्षेत्र के फोरलेन हाईवे स्थित ग्राम बरगी के पास सोमवार दोपहर एक कार अनियंत्रित होकर पुल के नीचे जा गिरी। हादसे में कार सवार 9 लोग घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कार में सवार श्रद्धालु मैहर दर्शन कर तेंदूखेड़ा लौट रहे थे। इसी दौरान बरगी के पास वाहन अनियंत्रित हो गया और सड़क से नीचे उतरकर पुल के नीचे जा गिरा। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल बचाव कार्य शुरू किया तथा पुलिस को सूचना दी। हादसे में 17 वर्षीय श्रद्धा ठाकुर ,29 वर्षीय द्रोपती धुर्वे,9 वर्षीय भूमि गोंड ,26 वर्षीय रोशनी गोंड ,24 वर्षीय अंजलि गोंड,7 वर्षीय सूर्यांश ठाकुर,34 वर्षीय सुषमा ठाकुर ,22 वर्षीय पूजा ठाकुर एवं 37 वर्षीय घनश्याम ठाकुर निवासी तेंदूखेड़ा घायल हुए हैं। पुलिस ने दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।





# युवक ने की आत्महत्या

**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** वार्ड नंबर 7 गढ़िया मोहल्ला में अज्ञात कारणों के चलते युवक ने फांसी लगाकर रविवार दरमियानी आत्महत्या कर ली। प्राप्त जानकारी के मुताबिक 27 वर्षीय सत्यम बर्मन परिजनों को कमरे में फांसी के फंदे पर झूलता मिला । सोमवार सुबह पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भिजवाते हुए मामले को जांच में लिया है।

# पुलिस की गिरफ्त से दूर अपराधी आक्रोश में कर्मचारी संघ

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के आउटसोर्स कर्मी के साथ विगत दिनों जबलपुर में उपभोक्ता द्वारा की गई मारपीट को लेकर लाइन कर्मियों में आक्रोश है, जिसे लेकर मप्र विद्युत मंडल तकनीकी कर्मचारी संघ के प्रांतीय महासचिव हरेंद्र श्रीवास्तव की नेतृत्व में सोमवार को जबलपुर रीजन के मुख्य अभियंता के नाम अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन सौंपा गया।



ज्ञापन में मांग की गई कि मैदानी क्षेत्रों में तैनात लाइन कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाये और आउटसोर्स लाइन कर्मी अनमोल तिवारी के साथ मारपीट करने वाले आरोपी उपभोक्ताओं को शीघ्र गिरफ्तार किया जाये। हरेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि 10 दिन बीत जाने के बाद भी आज तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया है। इस दौरान संघ के मोहन दुबे, विनोद दास, राजेश शरण, जानकी प्रसाद त्रिपाठी, मोतीलाल बुनकर आदि उपस्थित रहे।




# शिक्षा का उद्देश्य रोजगार नहीं, बल्कि जिम्मेदार और जागरूक नागरिक तैयार करना

## हितकारिणी विधि महाविद्यालय में समग्र विकास एवं भारतीय जीवन मूल्यों पर प्रेरक संवाद आयोजित



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।**

हितकारिणी विधि महाविद्यालय में सोमवार को छात्रों के समग्र विकास, भारतीय जीवन मूल्यों एवं व्यवहारिक शिक्षा विषय पर प्रेरक संवाद एवं परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता समाजसेवी अर्पिता घोष रहीं, जिन्होंने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु तकनीकी दक्षता, वित्तीय साक्षरता, नेतृत्व क्षमता, नैतिक मूल्यों एवं व्यवहारिक शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार प्राप्त करना नहीं, बल्कि जागरूक, जिम्मेदार एवं संवेदनशील नागरिक तैयार करना है।

### विद्यार्थियों ने लिया संकल्प

*कार्यक्रम में भारतीय ज्ञान परंपराए बौद्ध एवं जैन दर्शन, ओशो के विचार, गुरु शिष्य परंपरा, चरित्र निर्माण, अनुशासन, करुणा एवं नैतिक मूल्यों पर सारगर्भित चर्चा की गई। विशेष अतिथि अवध नारायण सिंह ने वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार एवं तार्किक चिंतन को आधुनिक शिक्षा का आधार बताते हुए भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों और वैज्ञानिक सोच के समन्वय पर बल दिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विकास सिंह, उप प्राचार्य डॉ भावना वर्मा, सहायक प्राध्यापक अभिषेक नेमा, प्रशांत कुमार वर्मा, यामिनी मिश्रा, राजेश सेन, जौली जैन, लोकेंद्र सिंह सहित महाविद्यालय के संकाय सदस्य तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों ने मूल्यपरक शिक्षा, भारतीय संस्कारों एवं नैतिक मूल्यों को जीवन में अपनाकर समाज एवं राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया।*

# नसबंदी के बाद 3 बार मां बनी महिला, आयोग ने लिया संज्ञान

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** शहर की शासकीय जिला चिकित्सालय विक्टोरिया के डॉक्टरों की लापरवाही से एक श्रमिक गरीब महिला की नसबंदी के बाद भी तीसरी बार मां बनने का मामला सामने आने के बाद मप्र मानव अधिकार आयोग द्वारा संज्ञान लिया गया है। बताया गया कि दो बच्चे होने के बाद परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण दुर्गा कॉलोनी, बरगी हिल्स निवासी 26 वर्षीय महिला ने शासकीय जिला चिकित्सालय विक्टोरिया में नसबंदी कराई थी। नसबंदी करा लेने के कुछ समय बाद उसे पुन: गर्भ ठहरने का अहसास हुआ। जब महिला ने तिलवारा स्थित स्वास्थ्य केंद्र में जांच कराई और मेडिकल कॉलेज में सोनोग्राफी करवायी तो गर्भवती होने की पुष्टि हुई।







हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, **RNI No. 64561/96.**